फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 40 प्रभात जयपुर, मंगलवार 10 सितम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

epaper.rashtradoot.com

ARBIT



India moving in with Considerate but Tiny Steps

India has embarked on an 'African Safari' as Africa is no longer a 'Hopeless Continent' but 'A Hopeful Continent.'

Upcoming Concerts in India worth travelling for

These performances are worth the cross-country trip

# टाटा ने एयर इंडिया का घाटा 60 प्रतिशत कम किया

## टाटा सन्स की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, एयर इंडिया के सालाना टर्न ओवर में 23.69 प्रतिशत की वृद्धि हुई है

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। टाटा सन्स की 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार एयर इण्डिया ने अपना घाटा 60 प्रतिशत कम कर लिया है। वित्तीय वर्ष 23 में यह घाटा 11,387.96 करोड़ था जो वित्तीय वर्ष 24 में घटकर 4,444.10 करोड़ रह गया है। एयरलाइन का टर्न ओवर पिछले वर्ष के, 31,377 करोड़ के टर्न ओवर की तुलना में 23.69 प्रतिशत बढ़कर 38,812 करोड़ हो गया।

रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि टाटा सन्स, एयर एशिया इण्डिया (ए.आई. एक्स.) के एयर इण्डिया एक्सप्रेस में विलय के माध्यम से अपने एविएशन ऑपरेशन्स का विस्तार कर रहा है। इसके साथ ही विस्तारा की एयर इण्डिया के साथ विलय की प्रक्रिया भी जारी है।

इसके अतिरिक्त, एयर इण्डिया ने 51,365 रूपए का अपना अब तक का सबसे अधिक कन्सॉलिडेटेड एनुअल ऑपरेटिंग रैवेन्यु (समेकित वार्षिक परिचालन राजस्व) दर्ज किया है, जो

- **वर्ष 2022 में टाटा ग्रुप ने भारी घाटे के कारण बंद होने के कगार पर पहुंच चुकी एयर इंडिया को खरीदा था तब से एयर इंडिया की डिमांड निरंतर बढ़ रही है। वित्तीय वर्ष 2023 में एयर इंडिया का घाटा 11,387.96 करोड़ रूपए था जो इस वर्ष घट कर 4,444.10 करोड़ रूपए रह गया है।**
- **ज्ञातव्य है कि एयर इंडिया की स्थापना 1932 में जहांगीर रतन टाटा ने की थी, द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनी बन गई और इसका नाम एयर इंडिया कर दिया गया था।**
- **पर निजी विमान कम्पनियों के आने के बाद प्रतिस्पर्धा में एयर इंडिया पिछड़ गई और भारी घाटे में आ गई, फिर टाटा ने अपनी इस कम्पनी को पुनः अपने अधिकार में ले लिया।**
- **टाटा समूह ने एयर इंडिया के विस्तार की योजना बनाई है। टाटा एयर इंडिया एशिया और एयर इंडिया एक्सप्रैस के विलय की तैयारी में है, साथ ही विस्तारा के एयर इंडिया के विलय की भी प्रक्रिया जारी है।**

वित्त वर्ष 23 की तुलना में 24.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। यह वृद्धि 1,059 मिलियन उपलब्ध सीट किलोमीटर की क्षमता में हुई 21 प्रतिशत की वृद्धि से प्रेरित है।

एयरलाइन के यात्री लोड फैक्टर में भी सुधार हुआ है, जो पिछले वर्ष के 82 प्रतिशत से बढ़कर 85 प्रतिशत हो गया है।

रिपोर्टिंग वर्ष के दौरान एयरलाइन ने 800 दैनिक उड़ानों का संचालन करके 40.45 मिलियन यात्रियों की सेवा की। जिसमें 55 डॉमेस्टिक और 44 इन्टरनैशनल डैस्टिनेशन्स (गंतव्य) शामिल हैं।

शुक्रवार को एक आंतरिक सूचना में एयर इण्डिया एक्सप्रेस के चीफ, आलोक सिंह ने घोषणा की कि 1 अक्टूबर को ए.आई.एक्स-कनैक्ट का उसके साथ विलय हो जाएगा।

टाटा ग्रुप के पास 3 एयरलाइन्स हैं- एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस तथा ए.आई. एक्स, जबकि, विस्तारा का, सिंगापुर एयरलाइन्स के साथ 51:49 का जॉइन्ट वैन्चर है।

यह पहले ही घोषित किया जा चुका है कि विस्तारा 11 नवंबर को अपने नाम से अंतिम उड़ान संचालित करेगी और 12 नवंबर को इसके संचालन का एयर इंडिया के साथ विलय हो जाएगा।

# पत्नी की हत्या के अभियुक्त पति को आजीवन कारावास

जयपुर, 9 सितंबर। अतिरिक्त सत्र न्यायालय 1 महानगर द्वितीय ने चरित्र पर शक के चलते अपनी पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त पति रतन हामरम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर सात हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक साजिया खान ने अदालत को बताया कि इस संबंध में मुशरफ हुसैन ने भांकरोटा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि वह गोकुल वाटिका, वैशाली एस्टेट में लिपाई के काम का सुपरवाइजर है। साइट पर परिवार सहित रहकर काम

- **पति अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करता था और दोनों में आये दिन झगड़ा होता था।**

करने वाला मजदूर रतन 28 अप्रैल, 2021 को उसके पास आया और पत्नी सोनिया के बेहोश होने की बात कही। जब वह कुछ मजदूरों के साथ रतन के कमरे में गया तो वहां फर्श पर सोनिया पड़ी थी। जब उन्होंने कंबल हटाकर देखा तो सोनिया के सिर से खून निकल रहा था और उसकी मौत हो चुकी थी। मुशरफ हुसैन की रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने उसके पति रतन को गिरफ्तार कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि रतन अपनी पत्नी सोनिया के चरित्र पर शक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'डॉक्टर हड़ताल की मन:स्थिति छोड़कर दुर्गा पूजा के उत्सव में शामिल हों'

## ममता बनर्जी की इस अपील ने जले पर नमक छिड़कने का काम किया

**-अंजन रॉय-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने, जख्मों पर नमक छिड़कने का काम करते हुए, राज्य की जनता से कहा कि वह महिला पोस्ट-ग्रेजुएट डॉक्टर के रेप एवं मर्डर को लेकर चल रहे जन-आंदोलन को खत्म करे तथा "उत्सव मनाने" की मन:स्थिति में लौट आए।

एक शिक्षक ने इस पर कहा कि मुख्यमंत्री इतनी अधिक अलग-थलग तथा अकेली पड़ गई हैं कि वे प्रलाप की स्थिति में पहुँच गई हैं। पोस्ट-ग्रेजुएट मेडिकल छात्रा की हत्या को लेकर आन्दोलन दिन-पर-दिन फैल रहा है तथा निन्दा एवं दोषारोपण और तेज होते जा रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के अन्दर के कुछ लोग भी विरोध कर रहे हैं। पूर्व आई.ए.एस. तथा इस समय तृणमूल के राज्यसभा सांसद जवाहर सरकार खुले में सामने आ गए हैं तथा उन्होंने पार्टी से इस्तीफा देने का अपना इरादा जता दिया है। इस जूनियर डॉक्टर की मृत्यु को लेकर लोगों की व्यापक शोक-संवेदना के

- **तृणमूल कांग्रेस के सांसद व पूर्व आई.ए.एस. अफसर जवाहर सिरकार ने पार्टी से इस्तीफा देने की घोषणा की।**
- **आंदोलित जूनियर डॉक्टरों ने इस बार दुर्गा पूजा नहीं मनाने का निर्णय लिया।**
- **बंगाल सिनेमा आर्टिस्ट, एक्टरों ने बंगाल सरकार द्वारा प्रदत्त पुरुस्कार लौटाने का सिलसिला शुरू किया।**
- **सरकार ने अपनी ओर से प्रचारित किया कि डॉक्टरों की हड़ताल से 23 मरीजों की मौत हुई है। डॉक्टरों ने इसे मनगढ़ंत व झूठा आंकड़ा बताया।**

संदर्भ में, ममता के शब्द बड़े अशिष्ट और अभद्र प्रतीत हो रहे हैं। ममता की अपील के जवाब में डॉक्टर कह रहे हैं कि इस साल कोई उत्सव नहीं मनाया जायेगा।

बनर्जी की अपील के ठीक विपरीत, लोगों ने उनकी सलाह को मानने से इनकार कर दिया है तथा उन्होंने मृत छात्रा के प्रति न्याय की माँग तेज कर दी है। बंगाल के सबसे बड़े धार्मिक उत्सव एवं समारोह "दुर्गा पूजा" से पहले, लोग इस साल उक्त पूजा से दूर रहने तथा उस अभागी लड़की की मृत्यु का शोक मनाने की चर्चाएं कर रहे हैं।

पूरे राज्य में स्थानीय नेतृत्व को बदलने की माँगें उठ रही हैं। बड़ी संख्या में लोग सर्वोच्च न्यायालय के उन आदेशों की निन्दा कर रहे हैं, जिनमें जूनियर डॉक्टरों के अधिकार सीमित कर दिए गए हैं।

मृत लड़की की माँ ने शिकायत की है कि ममता बनर्जी इस भयंकर एवं दारुण घटना की पूरी तरह उपेक्षा कर रही हैं। उन्होंने पहले कहा था कि लाश की जानकारी मिल जाने के तुरन्त बाद, उनके परिवार को पैसा देने का प्रस्ताव दिया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# देश के सबसे पुराने "क्लब" पर ताले लगाये सरकार ने

## मद्रास रेस क्लब, को 1777 में अंग्रेजों ने स्थापित किया था

**-लक्ष्मण वेंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितंबर। देश के सबसे पुराने हॉर्स रेसिंग क्लब्ज में से एक, मद्रास रेस क्लब को तमिलनाडू सरकार ने सोमवार को सील कर दिया। सन् 1777 में अंग्रेज़ों के द्वारा चेन्नई (तत्कालीन मद्रास) के गिंडी में स्थापित इस क्लब ने 730 करोड़ रूपए के बकाया किराए का भुगतान नहीं किया है।

सोमवार को सुबह कलैक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारी, भारी पुलिस दल के साथ क्लब परिसर में पहुंचे, इस भूमि का कब्जा लेने के लिए।

मद्रास रेस क्लब के अधिकारियों और वकीलों ने जोर देकर कहा कि सरकार इस "गैर प्रजातंत्रीय तरीके" से क्लब की संपत्ति को नहीं ले सकती, विशेष रूप से जबकि, बकाया किराए को लेकर अदालत में एक रिट याचिका लंबित है तथा इस मामले में यथास्थिति का आदेश लागू है।

- **मद्रास रेस क्लब को तमिलनाडू सरकार ने, 148 एकड़ जमीन लीज़ पर दी थी, रेस कोर्स स्थापित करने के लिये, पर, अब कालान्तर में मद्रास रेस क्लब ने लीज़ मनी के वार्षिक किराये के तहत 730 करोड़ रूपए जमा नहीं कराए।**
- **कई नोटिस देने के बाद अब तमिलनाडू सरकार के राजस्व विभाग ने "लीज़" कैन्सिल करने का आदेश पारित कर दिया।**
- **रेस क्लब ग्राउण्ड्स में लगभग 500 घोड़े बंधे हुए हैं, जिनके खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है।**

राजस्व विभाग ने 6 सितंबर को क्लब की लीज़ को समाप्त करने का एक आदेश जारी किया था तथा चेन्नई कलेक्टर को तुरंत क्लब की जमीन का कब्जा लेने का आदेश दिया था।

मद्रास रेस क्लब (एम.आर.सी.) का कहना है कि अधिकारी अचानक संपत्ति पर कब्जा नहीं कर सकते, जहाँ कई घोड़े रहते हैं और जिन्हें नियमित रूप से भोजन देना होता है।

सोमवार को तमिलनाडू सरकार ने गिंडी, चेन्नई, में 148 एकड़ भूमि की मद्रास रेस क्लब की लीज़ को समाप्त कर दिया और भूमि का कब्जा ले लिया।

सन् 1946 में यह भूमि मद्रास रेस क्लब को, घुड़दौड़, खेलकूद तथा मनोरंजन की अन्य गतिविधियों के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# मेयर मुनेश गुर्जर का चालान दो सप्ताह में पेश होगा

जयपुर, 9 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट में सोमवार को राज्य सरकार ने हैरिटेज नगर निगम की मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में अभियोजन स्वीकृति जारी करने की जानकारी पेश की। वहीं अदालत ने राज्य सरकार को मौखिक रूप से चालान पेश करने के लिए मामले की सुनवाई दो सप्ताह के लिए टाल दी है। जस्टिस नरेन्द्र सिंह की एकलपीठ ने

- **राज्य सरकार द्वारा मेयर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की जानकारी मिलने पर हाई कोर्ट ने मौखिक रूप से चालान पेश करने को कहा।**

यह आदेश सुधांशु सिंह की आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक वीडियो कॉन्फ्रैंसिंग के जरिए अदालत में पेश हुए। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता जी.एस. गिल ने अदालत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# हरियाणा में कांग्रेस और आप की चुनावी तालमेल वार्ता विफल

## आप ने सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। अगले माह होने वाले हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए कांग्रेस-आप गठबन्धन होने की संभावना लगभग समाप्त हो गई है क्योंकि आप की राज्य इकाई के अध्यक्ष सुशील गुप्ता ने, अपनी पार्टी की महत्वाकांक्षाओं को बयान करते हुए कहा कि उनकी पार्टी अपने दम पर 90 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।

इससे कुछ मिनट पहले ही, आप ने अपनी पार्टी के 20 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी थी, जिनमें 11 नाम उन सीटों के लिए भी थे, जिनके लिए कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर चुकी है। गुप्ता ने कहा, "दूसरी सूची "जल्दी ही जारी" कर दी जाएगी।

उन्होंने मीडिया को बताया, "आप ने निर्णय ले लिया है, हमने आगे बढ़कर 20 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है तथा अगली सूची भी जल्दी आ रही है। हम सभी 90 सीटों

- **आम आदमी पार्टी ने 20 प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर चुनावी तालमेल की वार्ता टूटने की पुष्टि कर दी। इस लिस्ट में उन सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, जहां कांग्रेस अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी थी।**
- **दोनों पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे पर बात नहीं बन पाई, आम आदमी पार्टी 90 सीटों में से 10 सीटें मांग रही थी और कांग्रेस सिर्फ 7 देना चाहती थी।**
- **आप ने स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस के साथ गठबंधन सिर्फ राष्ट्रीय स्तर पर ही था।**

पर नतीजों को लेकर आश्वस्त हैं।"

गुप्ता ने पत्रकारों से कहा, "हमने (गठबंधन के लिए) प्रतीक्षा की क्योंकि कांग्रेस संगठन प्रत्येक सीट पर मजबूत है तथा वह मजबूत संगठन चाहता था कि हम चुनाव लड़ें। हमने धैर्य रखा लेकिन उसके बाद हमने अपनी सूची जारी कर दी। हम केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही इंडिया गठबंधन के पार्टनर थे।"

आप पिछने सप्ताह तक "प्रतीक्षा करो और देखो" की स्थिति में किन्तु फिर कांग्रेस के साथ वार्ता में गतिरोध आ गया।

दोनों पार्टियाँ पुन: गठबंधन बनाने के लिए "सिद्धान्ततः" सहमत हो चुकी थीं, जिसने लोकसभा चुनावों में भाजपा को हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटें जीतने से रोक दिया था।

लेकिन सीट-शेयरिंग करना मुश्किल साबित हुआ; आप 10 सीटें चाहती थी लेकिन कांग्रेस सात सीटों के लिये ही सहमत थी। कांग्रेस ने कहा दिया था कि आप लोकसभा चुनाव में उसे दी गई कुरुक्षेत्र सीट हार गई थी। शेष 9 सीटों पर कांग्रेस लड़ी थी, जिनमें से उसने 5 सीटें जीती थीं।

सूत्रों का कहना है कि इस चुनाव के लिए, आम आदमी पार्टी कांग्रेस नेता तथा पूर्व मुख्यमंत्री भुपिन्दर सिंह के गृह-क्षेत्र की उन सीटों को चाह रही थी, जिन्हें हुड्डा अपने वफादारों को देना चाह रहे थे।

हुड्डा ने पिछले महीने मीडिया से कहा था कि आम चुनाव के बाद, आप नेताओं से उनकी कोई बातचीत नहीं हुई है तथा राज्य में गठबन्धन का होना मुश्किल नहीं है तथा यहाँ "लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच है।"

उसके बाद आप नेता राघव चड्ढा ने दोनों पार्टियों से "गठबन्धन के लिए इच्छा एवं आशा" की बात कही थी, लेकिन उन्होंने चेताया भी था कि "अगर बराबरी की स्थिति नहीं है" तो हो सकता है कि समझौता न हो पाए।

सूत्रों ने कहा कि सम्भावित

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कैंसर की दवाओं पर जी.एस.टी. अब 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया

नयी दिल्ली, 9 सितंबर (वार्ता) गुड्स एण्ड सर्विसेज़ (जी.एस.टी) परिषद ने कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से कम कर पांच प्रतिशत करने के साथ ही कई अन्य उत्पादों और सेवाओं पर भी जीएसटी दरों को पुनरीक्षित करने का निर्णय लिया है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में सोमवार को यहां हुयी परिषद की 54वीं बैठक में ये निर्णय लिये गये।

बैठक के बाद श्रीमती सीतारमण ने संवाददाताओं से कहा कि कैंसर की दवाओं पर जीएसटी दरों को भी कम किया जा रहा है। कैंसर के इलाज की लागत को और कम करने के लिए इसे 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया जा रहा है।

जीएसटी परिषद ने कैंसर की दवाओं ट्रैस्टुजुमैब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर जीएसटी दरों को 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने की सिफारिश की है।

# 'लोकसभा चुनाव के बाद, अब भारत में कोई भी भाजपा से नहीं डरता'

## तीन दिन की अमेरिका यात्रा पर गये राहुल गांधी ने डैलस में युनिवर्सिटी के विद्यार्थियों व भारतीय मूल के अमेरिकावासियों से यह बात कही

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर भारत का एक ही संस्करण थोपने के लिए निशाना साधते हुए अमेरिका में कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद से सिस्टम और लोगों में से भाजपा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का डर चला गया है।

डलास में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि इसके अलावा एक बात जो ज्यादा खूबसूरत है वो यह कि लोगों के भीतर से कितनी जल्दी डर चला गया। "चुनाव नतीजे आने के मिनटो में ही भाजपा और प्रधानमंत्री का डर भी काफुर हो गया।

- **राहुल गांधी ने आर.एस.एस. के बारे में यह भी कहा कि संघ की एक परिकल्पना है, भारत के बारे में और वे मानते हैं कि वह परिकल्पना ही पूरे देश पर लागू होती है, पर, हम लोग मानते हैं कि इतने बड़े भारत में कई "कल्चर" पनपते हैं और हर "कल्चर" की अलग-अलग परिकल्पना है भारत के बारे में**
- **हम लोग मानते हैं कि सभी परिकल्पनाओं को पनपने का, फलने-फूलने का पूरा मौका मिलना चाहिये और यह भी संघ और हमारे बीच सोच की लड़ाई है।**
- **राहुल ने यह भी कहा कि अमेरिका में, पश्चिमी देशों में व भारत में बेरोज़गारी महान समस्या है, पर, विश्व में कई देश हैं, जहाँ बेरोज़गारी की कोई समस्या नहीं है, जैसे चीन, जापान व ताईवान।**
- **भाजपा ने राहुल की इन टिप्पणियों के बारे में कहा कि विदेश जाकर भारत विरोधी बातें करना राहुल की पुरानी आदत है और जब से कांग्रेस ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किया है, राहुल चीन के समर्थन में जमकर बात करते हैं।**

राहुल ने कहा कि यह भारत की जनता की महान उपलब्धि है। जनता ने लोकतंत्र व संविधान पर हमले को सिरे से खारिज कर दिया।

उन्होंने आर.एस.एस. पर आरोप लगाते हुए कहा कि, आर.एस.एस. सोचती है कि भारत एक ही विचार है और हम मानते हैं कि भारत कई विचारों का संगम है, जैसे अमेरिका है। हमे लगता है कि हरेक को सपने देखने की आज़ादी मिलनी चाहिए भले ही वो किसी भी जाति, धर्म या भाषा का हो।

राहुल ने कहा कि मैने यहां जो भी कहा वो एक- एक शब्द संविधान में निहित है। आधुनिक भारत की नींव इसी दस्तावेज में है।

गांधी इस समय तीन दिन की यात्रा पर अमेरिका में हैं। टैक्सस में उनका स्वागत इंडियन ओवरसीज़ कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# नाहरगढ़ से लापता युवक का मामला: हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट मांगी

जयपुर, 9 सितंबर। राजस्थान हाईकोर्ट ने नाहरगढ़ की पहाड़ियों से लापता हुए युवक राहुल पाराशर की बरामदगी को लेकर राज्य सरकार से 20 सितंबर तक स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। इसके साथ ही अदालत ने

- **लापता युवक के पिता की याचिका पर न्यायालय ने डी.जी. पी., गृह सचिव, मानव तस्करी यूनिट में ए.डी.जी. से 26 सितम्बर तक जवाब मांगा।**

मामले में डीजीपी, गृह सचिव, मानव तस्करी निरोधक यूनिट के ए.डी.जी. सहित अन्य पुलिस अधिकारियों से जवाब मांगा है। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस भुवन गोयल की खंडपीठ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

घर का मोह कायरता का दूसरा नाम है। –अज्ञात

# सेबी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच का मामला आखिर है क्या?

गत कुछ दिनों से सेबी की अध्यक्ष माधवी पूरी बुच का नाम खूब चर्चा में है। इंडियन नेशनल कांग्रेस ने कुछ दिनों पूर्व एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करके सेबी (Stock Exchange Board of India) की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच पर गंभीर आरोप लगाए। यह प्रेस वार्ता कांग्रेस की ओर से पवन खेड़ा द्वारा संबोधित की गई थी। इसके बाद दो-तीन और प्रेस वार्ताएं इस विषय पर की गई हैं।

इससे पहले कि हम माधवी पर लगे आरोपों के बारे में चर्चा करें, इनके बारे में कुछ जानकारी पाठकों को देना उपयुक्त होगा।

माधवी पुरी बुच की शिक्षा मुंबई के फोर्ट कान्वेंट स्कूल दिल्ली के जीसस एंड मेरी कॉन्वेंट और स्टीफेंस कॉलेज में हुई, जहां से इन्होंने गणित में स्नातक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके बाद उन्होंने आईआईएम अहमदाबाद से एमबीए की डिग्री प्राप्त की। यह कहा जा सकता है कि माधवी एक उच्च प्रतिभाशाली महिला हैं। इन्होंने 2007 से 2017 तक आई.सी.आई.सी.आई. में नौकरी की। इसके बाद जुलाई, 2017 से मार्च 2022 तक सेबी की निदेशक एवं मार्च 22 से वे सेबी के अध्यक्ष पद पर कार्य कर रही हैं।

कांग्रेस ने आरोप लगाया था कि आई सी आई सी आई की नौकरी छोड़कर, सेबी की पूर्ण कालिक निदेशक बनने के बाद भी इन्होंने वहां से लगभग 17 करोड़ रुपए वेतन के रूप में प्राप्त किए जो इनको सेबी से प्राप्त वेतन से कहीं अधिक है। आरोपों के संबंध में माधवी पुरी बुच द्वारा तो अब तक कुछ नहीं कहा गया है किंतु आईसी आई सी आई ने एक स्पष्टीकरण का प्रेस नोट जारी किया कि माधवी पुरी बुच को आईसीसी द्वारा किसी प्रकार का वेतन 2017 के बाद नहीं दिया गया। उन्हें केवल सेवानिवृत्ति लाभ के रूप में ई सोप ( Employees" Stock Ownership Plan) दिए गए। इसके अंतर्गत आईसीआईसीआई के शेयर प्राप्त हुए जब-जब इनको बेचा गया तो उनसे प्राप्त राशि इनके टैक्स रिटर्न में दिखाई गई, जिसे कांग्रेस ने वेतन बता दिया था।

सेबी, स्टॉक एक्सचेंज के नियामक का कार्य करता है। वहां पूर्णकालिक निदेशक बनने के बाद भी उन्होंने आईसीआईसीआई के शेयर अपने पास रखे और उनकी घोषणा तक भी नहीं की। यह एक घोर अनियमितता थी। यदि उनके द्वारा ऐसा किया जाता, तो उनका सेबी में बने रहना संभव नहीं था। यह आश्चर्य की बात है कि इस विषय में अभी तक सरकार या सेबी के निदेशक मंडल में से भी किसी ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी है।

सामान्यतया, कोई ऐसी संस्था में कोई काम कर रहा होता है, जिसे किसी कंपनी का कोई प्रकरण निर्धारित करने का अधिकार होता है, तो उस व्यक्ति का कंपनी में किसी प्रकार का कोई हित नहीं हो सकता। यदि ऐसा होता है, तो यह 'कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' या हितों के टकराव की श्रेणी में आता है। माधवी पुरी बुच के लिए यह स्पष्ट रूप से 'कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' का मामला था। इसके बारे में कोई सूचना उनके द्वारा सरकार को नहीं दी गई थी।

भारत सरकार के पूर्व वित्त सचिव सुभाष गर्ग, जो कि 2017 में सेबी के निदेशक मंडल में थे, ने एक टी वी साक्षात्कार में बताया कि माधवी बुच द्वारा इस संबंध में किसी प्रकार की कोई जानकारी सेबी में पद ग्रहण करते समय सरकार या निदेशक मंडल को नहीं दी गई। यदि यह जानकारी उस समय प्राप्त होती, तो वह इस पद को ग्रहण नहीं कर पातीं, न इस पर बने रह सकती थीं।

हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाया गया है कि माधवी पुरी का अडानी की एक ऐसी कंपनी में निवेश था, जिसकी जांच सुप्रीम कोर्ट के आदेशों पर सेबी द्वारा की जा रही थी। सेबी द्वारा उस कंपनी की जांच की जा रही थी जिसमें उसकी अध्यक्ष माधवी पुरी बुच का हित निहित था।

इस बारे में सेबी के निदेशक मंडल या इसके किसी भी सदस्य के द्वारा कोई स्पष्टीकरण अथवा प्रेस नोट जारी नहीं किया जाना, आश्चर्यजनक है। कुछ वर्ष पूर्व जब आईसीआईसीआई की पूर्व अध्यक्ष चंदा कोचर के विरुद्ध कुछ आरोप लगे तो वे अपने पद से अलग हुई और वहां के निदेशक मंडल ने उन पर एक जांच कमेटी नियुक्त की, जिसने आरोपों को सही माना। परिणामस्वरूप, उन्हें न केवल अपना पद छोड़ना पड़ा बल्कि उनके ऊपर आपराधिक प्रकरण भी दर्ज हुआ।

आई सी आई सी आई द्वारा जारी प्रेस नोट के अनुसार यह मान भी लिया जाए कि माधवी पुरी बुच ने कोई वेतन आई सी आई सी आई की नौकरी छोड़ने के बाद नहीं लिया, तब भी यह सत्य है कि उन्होंने वहां के शेयर अपने पास रखे। सेबी की अध्यक्ष के नाते उनके पास यह विशेष अधिकार था कि उनके पास किसी भी कंपनी के शेयर के संबंध में अप्रकाशित जानकारी हो सकती थी। यह वैसा ही हुआ जैसे किसी न्यायाधीश के पास कोई मुकदमा चल रहा हो और उसका हित किसी एक पक्ष से जुड़ा हुआ हो तो उससे न्याय की अपेक्षा नहीं की जा सकती।

**होना तो यह चाहिए था कि आरोप लगते ही सेबी के निदेशक मंडल द्वारा तत्काल एक जांच समिति गठित कर दी जाती और जो भी आरोप उन पर लगे हैं, उनके बारे में विस्तृत जांच की जानी चाहिए थी। ऐसा न किए जाने से यह धारणा पुष्ट होती है कि सरकार एवं सेबी के निदेशक मंडल और स्वयं माधवी पुरी बुच के पास छुपाने के लिए बहुत कुछ है।**

किसी निजी कंपनी से सरकारी संस्था में कार्यभार संभालने के पहले संबंधित व्यक्ति को अपने सारे शेयर बेच देने चाहिए थे, अथवा उसके संबंध में पूरी जानकारी नई संस्था के साथ-साथ सरकार को भी देनी चाहिए थी। पाठकों के लिए जानना दिलचस्प होगा कि आई सी आई सी आई के शेयर उसके सेवा निवृत्त कर्मचारियों /अधिकारियों द्वारा सेवा निवृत्ति के पांच वर्ष बाद तक भुनाए जा सकते थे। माधवी पुरी बुच ने आठ वर्ष तक इन्हें अपने पास रखा और बाद में इन्हें बेचा और बहुत लाभ कमाया।

सामान्यतया, छोटे से 'कनफ्लिक्ट ऑफ इंटरेस्ट' या हितों के टकराव के प्रकरण में भी अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हो जाती है। यहां स्वयं सेबी अध्यक्ष उस कंपनी के शेयर अपने पास रखी हुई थी, जिसके प्रकरण पर निर्णय करने का अधिकार उनके पास था।

होना तो यह चाहिए था कि आरोप लगते ही सेबी के निदेशक मंडल द्वारा तत्काल एक जांच समिति गठित कर दी जाती और जो भी आरोप उन पर लगे हैं, उनके बारे में विस्तृत जांच की जानी चाहिए थी। ऐसा न किए जाने से यह धारणा पुष्ट होती है कि सरकार एवं सेबी के निदेशक मंडल और स्वयं माधवी पुरी बुच के पास छुपाने के लिए बहुत कुछ है।

सेबी एक नियामक संस्था है। सेबी ने कई बार यह कहा कि किसी भी कंपनी के द्वारा गलत काम किए जाने पर उसका अध्यक्ष ही जिम्मेदार नहीं होता बल्कि उसके निदेशक मंडल की भी जिम्मेदारी बनती है। इस दृष्टि से देखा जाए तो सेबी के निदेशक एवं अध्यक्ष पद पर माधवी पुरी बुच के बने रहने और उनके द्वारा आई सी आई सी आई के शेयर अपने पास बनाए रखने की जानकारी सामने आने के बावजूद उनके विरुद्ध कोई जांच नहीं करना, मिली भगत का ही उदाहरण कहा जाएगा।

यह उल्लेखनीय है कि माधवी बुच, निजी कंपनी से सीधे सरकार की नियामक संस्था सेबी में नियुक्त हुई थी। उनकी नियुक्ति करने वाली समिति में केवल दो ही सदस्य थे– प्रधानमंत्री और गृहमंत्री। क्या उन लोगों के ध्यान में यह नहीं लाया गया कि माधवी बुच की संपत्ति क्या है एवं कहां-कहां उनके शेयर हैं? ऐसा नहीं है कि पूर्व में निजी क्षेत्र कंपनियों के विशेषज्ञों को सरकारी संस्थानों में नहीं लगाया गया हो, किंतु इस प्रकार के अनैतिक कार्य करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध जांच न करने के मामले सामने नहीं आए हैं।

यह नियम भी अभी तक नहीं बनाया गया है कि किसी भी निजी कंपनी को छोड़ने वाला व्यक्ति अधिकतम तीन माह से अधिक, उस कंपनी के शेयर अपने पास नहीं रख सकता। निजी कंपनी का व्यक्ति जब सरकार में सेबी जैसी संस्थान में आता है तो वह निजी कंपनियों के शेयर को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। माधवी पुरी के मामले में तो यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि उन्हें उपलब्ध विशेष जानकारी के कारण ही, उनके द्वारा रखे गए शेयर का भाव बहुत बढ़ गया जिसका लाभ उन्हें मिला।

इस प्रकार के नियमों में कोई बदलाव शायद इसलिए नहीं किया गया कि कई आईएएस अधिकारियों के पास भी कई प्रकार के शेयर होते हैं और वे नियामक संस्थाओं में लग जाते हैं। यदि ऐसा नियम बना दिया जाता तो वे ऐसा नहीं कर पाते। उनके स्वार्थ वश ही निर्देशों को सही नहीं किया गया है। इस प्रकार की अपारदर्शी व्यवस्था जनता के साथ में धोखा ही कहा जाएगा, क्योंकि कुल मिलाकर एक साधारण निवेदक को इससे नुकसान पहुंचने की संभावना बनी रहती है।

माधवी पुरी बुच पर व्होकार्ट कंपनी को अपना मकान बहुत अधिक किराए पर देने का आरोप भी है। जो मकान 7 लाख रुपए में 2018-19 में किराए पर दिया था, वह 2023-24 में बढ़कर 45 लाख हो गया।

इस पूरे प्रकरण में सरकार की चुप्पी भी समझ से परे है। इनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री और गृहमंत्री द्वारा की गई थी। उनकी चुप्पी से ऐसा लगता है कि माधवी पुरी बुच को अभयदान मिला है। इसी कारण उन्होंने अब तक त्यागपत्र नहीं दिया है।

अब इस मामले का संज्ञान, संसद की जन लेखा समिति ने लिया है। उल्लेखनीय है कि जन लेखा समिति के अध्यक्ष, कांग्रेस के नेता के सी वेणु गोपाल हैं और अन्य सदस्य, विभिन्न दलों के हैं। इस समिति को अधिकार है कि वह सेबी की अध्यक्ष माधवी पुरी बुच को बुलाकर उनके बयान ले सके। यदि थोड़ी बहुत भी नैतिकता सेबी अध्यक्ष में बची है तो उन्हें तत्काल अपने पद से त्यागपत्र देना चाहिए और अपने आप को जांच के लिए प्रस्तुत करना चाहिए। जनता की गाढ़ी पसीने की कमाई और निवेशकों के द्वारा किए गए निवेश की राशि का इस प्रकार से दुरुपयोग होना ईमानदार एवं शुचिता वाली सरकार के लिए ठीक नहीं है। आई ए एस लाबी भी संभवतया इस बारे में विशेष कुछ नहीं कर रही है क्योंकि वे स्वयं भी इससे प्रभावित होते हैं।

केवल यह कह देना कि सारे काम कानून और नियमों के अनुसार हुए हैं, माधवी पुरी बुच एवं सरकार को निर्दोष सिद्ध नहीं करते। यह सामान्य जानकारी है कि अधिकांश भ्रष्टाचार के कारनामे, कानून और नियमों का तकनीकी रूप से पालन करते हुए ही किए जाते हैं। कई बार ऐसा होता है कि कानूनी रूप से एवं तकनीक रूप से सही होते हुए भी, गंभीर भ्रष्टाचार किसी स्थिति में हुआ हो। बड़े महत्वपूर्ण पदों पर बैठे व्यक्तियों से आदर्श नैतिक आचरण की अपेक्षा की जाती है।

अब तो जन लेखा समिति की जांच से ही वस्तुस्थिति सामने आ पाएगी। तब तक माधवी पुरी बुच सरकार के अभयदान से सेबी की अध्यक्ष बनी रहेंगी, ऐसा लगता है।

**–अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

## राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का चिनार बुक पुस्तक महोत्सव

# कश्मीरी युवाओं की सोच से जुड़ा पुस्तक पर्व



डॉ. अरुणा व्यास

कश्मीर के युवा रचनात्मक आयामों से जुड़ने को तेजी से उत्सुक हुए हैं। उनकी सोच बदलने, उनमें राष्ट्र प्रेम की दृष्टि जगाने की दृष्टि से नेशनल बुक ट्रस्ट ने इधर महत्वपूर्ण पहल की है। इसके तहत शेर-ए-कश्मीर अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर (एसकेआईसीसी) में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने 9 दिन का चिनार बुक पुस्तक महोत्सव आयोजित किया।

हिन्दी, उर्दू, कश्मीरी, डोगरी, और अंग्रेज़ी आदि भाषाओं के प्रकाशकों का यह अनूठा मेला था। ऐसा जिसमें लेखकों, कवियों, और कलाकारों की भी महती भागीदारी रही। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास के निदेशक कर्नल युवराज मलिक की सुनियोजित सोच से आयोजित यह देशभर का अनूठा पुस्तक पर्व था। कर्नल युवराज कश्मीर पदस्थापित रहे हैं। साहित्य और संस्कृति से भी उनका निकट का नाता है। वह स्वयं लिखते हैं, इसलिए कश्मीर के युवाओं को पुस्तक संस्कृति से जोड़ने और इस बहाने देश से अलग-थलग पड़ी कश्मीर घाटी में सकारात्मक परिवर्तन की दृष्टि से चिनार पुस्तक पर्वोत्सव बहुत महत्वपूर्ण रहा।

यह पुस्तक महोत्सव ठहरे पानी को चलायमान करते, उसे जीवंत करने का एक तरह से प्रयास था। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास ने एक पहल इससे यह भी की कि इसके जरिए वहां के युवाओं को एक दिशा दी। जो हाथ स्थानीय पुलिस, मिलट्री को पत्थर मारने के लिए उठते थे, उनके हाथों में पुस्तक देने की दृष्टि से, उनकी सोच को बदलने की दृष्टि से और युवाओं को यह अहसास कराने के लिहाज से भी कि यदि उन्हें अपनेपन का अहसास कराया जाए तो उनकी सोच को बदला जा सकता है। उनमें अपने देश भारत के प्रति प्यार जगाया जा सकता है।

नेशनल बुक ट्रस्ट के निदेशक युवराज मलिक की पहल पर इसके तहत ही वहां बहुत सी गतिविधियां इस उद्देश्य से रखी गयी। मसलन भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद की ओर से कश्मीर के इतिहास और वहां की संस्कृति में समाए देश के गौरव से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रम की महत्वपूर्ण शब्द-छायाचित्र-प्रदर्शनी का वहां आयोजन किया गया। प्रतिदिन हजारों युवाओं ने इसे देखा-समझा। संप्रभुता और समान नागरिक संहिता के साथ अनेकता में एकता की भारतीय संस्कृति से जुड़े भारतीय संविधान के आलोक में भी एक प्रदर्शनी आयाजित हुई। इसमें संविधान निर्माण में महिलाओं की भूमिका को केन्द्र में रखा गया। इसी तरह अंतरिक्ष में भारत की उपलब्धियां और राष्ट्र गौरव से जुड़ी सोच को युवाओं से वहां साझा किया गया। पुस्तक-संस्कृति के बहाने चिनार पुस्तक महोत्सव में अलग-थलग पड़े कश्मीर और वहां के युवाओं को पुस्तकों से, भारतीय संस्कृति के सरोकारों से जोड़ने की सूझ रही है। पुस्तक महोत्सव डल झील के ठीक किनारे आयोजित हुआ। चिनार बुक फेस्टिवल पहला राष्ट्रीय पुस्तक महोत्सव था जिसमें किताबों के बीच पाठक साहित्य, कला और संस्कृति से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों से भी जुड़े। महोत्सव में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बच्चों के लिए सुलेख, कहानी सुनाना, कैरिकेचर, रंगाई प्रतियोगिता, कला कार्यशाला, नारा लेखन प्रतियोगिता, कठपुतली शिल्प, वैदिक गणित और कई अन्य रचनात्मक लेखन कार्यशालाएं आयोजित हुई। इसके बाद प्रतिदिन 2 बजे से शाम 4 बजे तक युवाओं के लिए करियर ओरिएंटेड वर्कशॉप, कला, साहित्य और संस्कृति पर बड़े साहित्यकारों से संवाद कायर्सक्रम हुए और विभिन्न सांस्कृतियां प्रस्तुतियां भी बड़ा आकर्षण रही। इसका गहरा असर भी युवाओं हुआ। एक उत्सवधर्मिता का माहौल वहां बना। इसीलिए महोत्सव के आरंभ में ही इन आकर्षणों के चलते एक लाख के करीब बच्चों ने बाकायदा मेले के लिए पंजीकरण कराया। नौ दिवसीय आयोजन में प्रतिदिन युवाओं ने साहित्य और भारतीय संस्कृति से जुड़े ख्यात विख्यात साहित्यकारों से प्रत्यक्ष संवाद किया। भारतीय संस्कृति और सनातन भारतीय दृष्टि को जाना-समझा। नेशनल बुक ट्रस्ट के निदेशक बताया, कश्मीर पुस्तक पर्व उर्दू साहित्य का भी अब तक का सबसे बड़ा पुस्तक महोत्सव साबित हुआ। प्रतिदिन हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी उत्साह जगाने वाली थी। चिनार पुस्तक महोत्सव में 200 से ज्यादा प्रकाशकों ने भाग लिया। जम्मू-कश्मीर के युवा लेखकों के सम्मान के साथ उनके लेखकीय सरोकारों को भी निंरतर उत्साहित किया गया।

पुसतक महोत्सव में कश्मीरी सूफीवाद, भाषा, इतिहास और संस्कृति जैसे विषयों पर चर्चाएं काफी उत्साहजनक रही तो कविता सत्रों में भी युवाओं की बड़ी भागीदारी रही। कश्मीरी बाल साहित्यकार अख्तर हुसैन से जब बच्चों ने कश्मीरी जुबां में कहानियाँ सुनी तो उन्होंने भी बहुत कुछ अनुभव साझा किए। हुर्रियत अध्यक्ष मीरवाइज उमर फारूक, घाटी में युवा आंदोलन से जुड़े बहुत से कार्यकर्ताओं ने इसमें शिरकत कर पुस्तक संस्कृति के लिए की गयी पहल को सराहा। साहित्य और सांस्कृतिक विरासत के साथ कश्मीर में हुई यह हलचल महती पहल रही। आजादी के बाद कश्मीर में पुस्तक संस्कृति को बढ़ावा देने का यह पहला ऐसा कार्यक्रम कहा जा सकता है जिसने युवाओं को का नई दिशा देने का कार्य किया है।

**–डॉ. अरुणा व्यास,**
**लेखिका स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक हैं**

## चारभुजा बड़ा मंदिर के भंडार से निकले 89,297 रुपए व 1 ग्राम सोना

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भीलवाड़ा का प्रमुख बड़ा मंदिर श्री माहेश्वरी समाज श्री चारभुजा जी मंदिर ट्रस्ट के आज सोमवार को खोले गए भंडार से 89297 रुपए नगद एवं 1 ग्राम सोना प्राप्त हुआ


ट्रस्ट के अध्यक्ष उदयलाल समदानी ने बताया कि मंदिर के आज खोले गए दान पत्र से 89297 नगद एवं 1 ग्राम सोना निकला है।

ट्रस्ट मीडिया प्रभारी महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भंडार की गिनती के समय ट्रस्ट के अध्यक्ष उदयलाल समदानी मंत्री छीतरमल डाड, कोषाध्यक्ष सुनील सोनी, संरक्षक रामेश्वर तोषनीवाल ,चंद्रसिह तोषनीवाल ,बद्रीलाल डाड, रमेश जागेटिया, प्रमोद डाड आदि ने गिनती की दान पात्र से निकले हुए नगद एवं सोने की इंद्राज ट्रस्ट के रजिस्टर में एंट्री कर जमा किए गए।

# पाली जिले का सरदार समंद बांध 45 वर्ष बाद ओवरफ्लो

**पाली,** (नि.सं.)। पश्चिम राजस्थान वह पाली जिले का दूसरा बड़ा बांध सरदार समंद बांध करीब 45 वर्ष बाद ओवरफ्लो हुआ, जिससे इसके कमांड क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल गए। 1979 के बाद पहली बार बाध में पूरा भर जाने के बाद ओवरफ्लो हुआ।

इसके कमांड क्षेत्र में छोटे-मोटे एनिकट बन जाने के इस बांध में 17 18 फुट से ज्यादा पानी नहीं आता था। इस बार लगातार बारिश से बांध पूरा भर गया, जिसके कारण 10 गांव को अलर्ट कर दिया गया। इसका पानी सिंचाई के काम आता है। इस बांध का निर्माण जोधपुर रियासत के महाराजा सरदार सिंह ने बनाया था जिस कारण इसका नाम सरदार समंद पड़ा।1933 में जोधपुर महाराजा महाराज उम्मेद सिंह ने यहां पर कोठी बनाई थी जो कि वर्तमान में हेरिटेज होटल के रूप में काम कर रही ह। बांध ओवरफ्लो होने के कारण किसानों के चेहरे खिल गए हैं और उन्हें खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलेगा। बंद और प्ले होने की सूचना पर कई अधिकारियों के साथ जिला कलेक्टर व एसपी भी पहुंचे। वही जवाई बांध 43 फीट पर हो चुका है, जिले के एक दर्जन बांध पूरे भर गए हैं।



**बांध 43 फीट पर हो चुका है, जिले के एक दर्जन बांध पूरे भर गए हैं।**

# शहीद विजय कुमार का देह पंचतत्व में विलीन, सैनिक सम्मान से किया अंतिम संस्कार

■ पैतृक गाँव ढाणी आशा में हुआ अंतिम संस्कार, शहीद के बेटे ने दी मुखाग्नि

**तारानगर,** (कासं)। तारानगर तहसील के गांव ढाणी आशा के 28 वर्षीय विजय कुमार धीनवाल का सोमवार दोपहर गांव में गमगीन माहौल में सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार हुआ। इससे पहले सोमवार सुबह शहीद का पार्थिव तारानगर पहुंचा। जहां गांव के युवाओं ने तिरंगा यात्रा के साथ शहीद के पार्थिव देह को गांव तक लेकर पहुंचे। युवाओं ने "जब तक सूरज चांद रहेगा विजय भाई तेरा नाम रहेगा" के नारे गूंजायमान हो गये। शहीद के अंतिम दर्शन के लिए लोगों का हुजूम उमड पडा।

शहीद का पार्थिव देह उसके घर पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया। बूढ़े पिता की आंखे पथरा गयी थी वहीं शहीद वीरांगना पति के शहीद होने की सूचना मिलने के साथ बेसुध हो रही थी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी लेफटीनेंट कर्नल दिलीप सिंह ने बताया कि 28 वर्षीय शहीद विजय कुमार धीनवाल भारतीय नेवी में थे। जो महाराष्ट्र के बेलगांव में कमांडो ट्रैनिंग कर रहे थे। सात सितम्बर की सुबह बेलगांव में ट्रेनिंग के दौरान उनकी नाव नदी में डूब गयी। जिससे वह वीरगति को प्राप्त हो गये। विशेष विमान से शहीद का शव का रविवार शाम दिल्ली लाया गया। जहां सड़क मार्ग से सोमवार सुबह शव तारानगर पहुंचा। जहां से गांव के युवाओं के द्वारा तिरंगा यात्रा निकालकर गांव के लाडले को अंतिम विदाई दी। उन्होंने बताया कि विजय कुमार की एक साल पहले शादी हुई थी। गांव ढाणी आशा में सैनिक सम्मान के साथ शहीद विजय कुमार का अंतिम संस्कार किया गया है। लोकसभा सासंद राहुल कस्वां, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़, प्रधान संजय कस्वां, एडीएम उत्तम सिंह, तहसीलदार इमरान खान, विकास अधिकारी अमरजीत सिंह बाबल, उप पुलिस अधिक्षक मिनाक्षी, महावीर पूनियाँ, राकेश जांगिड़, मुंशी खाँ तेली, थानाधिकारी गौरव खिडिया सहित प्रशासनिक अधिकारी व जन प्रतिनिधियों ने पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद विजय सिंह को श्रद्धांजलि दी। गांव ढाणी आशा के शीशपाल धीनवाल ने बताया कि शहीद विजय कुमार धीनवाल को मुखाग्नी उसके 15 माह के बेटे लक्षित ने दी है।



**पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि देते पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़।**

## राशिफल मंगलवार 10 सितम्बर, 2024



पंडित अनिल शर्मा

भाद्रपद मास, शुक्ल पक्ष, सप्तमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, अनुराधा नक्षत्र रात्रि 8:04 तक, विष्कुमभ योग रात्रि 12:31 तक, गर करण दिन 10:33 तक, चन्द्रमा वृश्चिक राशि में संचार करेगा।


**ग्रह स्थिति:** सूर्य-सिंह, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-मिथुन, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कन्या, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज राजयोग सूर्योदय से रात्रि 8:04 तक है। भद्रा रात्रि 11:12 से आरम्भ होगी। आज मुक्ता भरण सप्तमी, सन्तान और दुबड़ी सप्तशी, ललिता सप्तमी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:19 से 10:51 तक, लाभ-अमृत 10:51 से 1:56 तक, शुभ 3:29 से 5:01 तक।


**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 6:14, सूर्यास्त 6:34

### मेष




चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। पारिवारिक कार्यों में परेशानी हो सकती है। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा।

### वृष




परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

### मिथुन



व्यावसायिक कार्यों से संबंधित यात्रा हो सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। स्वास्थ्य संबंधित चिन्ता दूर होगी।

### कर्क



व्यावसायिक खर्चों पर नियंत्रण रखना ठीक रहेगा। नौकरीपेशा व्यक्तियों को भागदौड़ रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

### सिंह




घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

### कन्या



घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण अपमानित होना पड़ सकता है।

### तुला



आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी बनी रहेगी। स्वास्थ्य में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।

### वृश्चिक



व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा। मानसिक तनाव से राहत मिलेगी।

### धनु




परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है।

### मकर



आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

### कुंभ



व्यावसायिक कार्यों के लिए दिन अच्छा रहेगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। नवीन योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

### मीन



नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा है।

# रणथम्भौर में बढ़ा बाघों का कुनबा, बाघिन टी-125 सिद्धि ने तीन शावकों को जन्म दिया

**सवाई माधोपुर** (निस)। रणथम्भौर नेशनल पार्क से एक बार फिर खुशखबरी आई है और रणथम्भौर में बाघ बाघिन के कुनबे में एक बार फिर से बढ़ोतरी हुई है।

इस बार रणथंभौर की बाघिन सिद्धि से यह खुशखबरी मिली है ,रणथंभौर में बाघिन सिद्धि टी-125 ने तीन शावकों को जन्म दिया है। जिनकी तस्वीर वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। बाघिन के शावकों को जन्म देने की खबर के बाद वन्यजीव प्रेमियों में खुशी का माहौल है। जानकारी के मुताबिक रणथंभौर की बाघिन सिद्धी टी 125 की तीन नये शावकों के साथ फोटो रणथम्भौर की कुण्डेरा रेंज में लगे वन विभाग के फोटो ट्रैप कैमरे में कैद हुई है। बाघिन व शावकों की यह तस्वीर राजस्थान के वन मंत्री संजय शर्मा ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की है। वन विभाग के मुताबिक बाघिन सिद्धी ने रणथम्भौर के जोन नंबर पांच के अणतपुरा वन क्षेत्र में शावकों को जन्म दिया है।

फिलहाल वन विभाग की द्वारा बाघिन व शावकों की मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग शुरु कर दी गई है। बाघिन सिद्धी की उम्र करीब साढ़े छह साल है। यह बाघिन सिद्धि टी-125 रणथम्भौर की मशहूर बाघिन एरोहेड टी-84 की बेटी है और बाघिन टी-124 रिद्धी की बहन है। बाघिन टी-125 सिद्धि के तीन शावकों को जन्म देने के बाद अब रणथम्भौर में बाघ बाघिन और शावकों की संख्या-81 पहुंच हो गई है। बाघिन के शावकों के जन्म देने की खबर को लेकर वन्यजीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।



सवाईमाधोपुर के रणथंभौर में वन विभाग की ओर से बाघिन टी-125 सिद्धि की फोटो ट्रेप की गई।

# राज्य सरकार निवेशकों के लिये नीतियों में लगातार सुधार कर रही है : भजनलाल शर्मा




सियोल, दक्षिण कोरिया में आयोजित अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाले प्रतिनिधिमंडल ने कई निवेशकों से मुलाकात की। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल मौजूद रहे।

**सियोल।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने आज 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के पहला अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट में भाग लिया, जिसे दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में आयोजित किया गया। इस इन्वेस्टर मीट के जरिए मुख्यमंत्री शर्मा ने दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय और निवेशकों को राजस्थान में निवेश हेतु आमंत्रित किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने अगले 5 वर्षों के दौरान राज्य की अर्थव्यवस्था को मौजूदा 180 बिलियन अमेरिकी डॉलर से दोगुना करके 350 बिलियन अमेरिकी डॉलर करने के अपनी सरकार के एजेंडे को रेखांकित किया और निवेशकों को आश्वासन दिया कि राज्य में 'व्यापार करने में आसानी' हो, इसके लिए राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं और नीतियों में लगातार सुधार किया जा रहा है।

स्टार्टअप्स, इनोवेटर्स और दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय के सदस्यों को राजस्थान में कारोबार करने के लिए आमंत्रित करते हुए, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा, राजस्थान सरकार दक्षिण कोरिया को केवल निवेश के स्त्रोत के रूप में नहीं देख रही है, बल्कि दक्षिण कोरिया के व्यापारिक समुदाय के साथ सभी क्षेत्रों में एक मजबूत और दीर्घकालिक साझेदारी बनाने की आकांक्षा रखती है। निवेशकों के अनुकूल माहौल बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत हमारी सरकार जल्द ही कई नई नीतियां लाने जा रही है, जो राज्य में व्यापार और कारोबार के माहौल को और बेहतर बनाएंगी। इनमें नई औद्योगिक नीति, निर्यात प्रोत्साहन नीति, एमएसएमई नीति और एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) नीति शामिल हैं।

इन्वेस्टर मीट के अलावा, मुख्यमंत्री शर्मा ने आज यहां कई बड़ी दक्षिण कोरियाई कंपनियों और एसोसिएशन, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल्स, स्टार्टअप्स और पर्यटन जैसे क्षेत्र शामिल हैं, के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी मुलाकात की। इसमें पॉस्को इंटरनेशनल, एसजी कॉरपोरेशन (दक्षिण कोरिया की एक एस्फॉल्ट और कंक्रीट निर्माता कंपनी), जीएस ईएंडसी (दक्षिण कोरिया की एक अक्षय ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज कंपनी), हनवा सॉल्यूशन (एक केमिकल कंपनी) और जियोनबुक क्रिएटिव इकोनॉमी इनोवेशन सेंटर (जेसीसीईआई), जो स्टार्टअप्स के लिए इन्क्यूबेटर का काम करती है, के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक शामिल है। इसके अलावा, इन्वेस्टर मीट के दौरान मौजूद कई निवेशकों ने भी राज्य में निवेश करने में रुचि दिखाई।

इनमें, पॉस्को इंटरनेशनल और एसजी कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री से मुलाकात की और राजस्थान में एस्फॉल्ट यूनिट लगाने में रुचि दिखाई और अपने उत्पादों के जरिए राज्य में बेहतर सड़कें बनाने की पेशकश की। इस बैठक में प्रदेश में निवेश हेतु सब्सिडी, बुनियादी ढांचा सेवाओं, कच्चे माल की खरीद और अन्य आवश्यकताओं के संबंध में अपनी अपेक्षाएं भी उन्होंने सरकार से साझा कीं।

जेसीसीईआई के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दोनों पक्षों द्वारा उद्यमिता के बारे में ज्ञान के आदान-प्रदान और स्टार्टअप्स को अपने व्यवसाय के विकास में मदद करने के अवसरों पर विचार किया गया। इसके अलावा, राजस्थान के पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष इन्वेस्टर रोडशो का भी यहां आज आयोजन किया गया।

# एस.ओ.जी. ने बाबूलाल कटारा, रामूराम राईका और उसके बेटे-बेटी को आर.पी.एस.सी. कार्यालय में ले जाकर तस्दीक करवाई

## पेपर लीक के इन सभी आरोपियों को अपराधियों की तरह आर.पी.एस.सी. दफ्तर लेकर पहुंची पुलिस

- **बाबूलाल कटारा जो कभी आरपीएससी में साहब हुआ करते थे, उन्हें अपराधियों की तरह पुलिस घेरे में चैंबर तक लाया गया और और उन्हीं की मौजूदगी में उनका सीज चैंबर खुलवाया गया।**
- **सूत्रों के अनुसार जल्द ही एस.ओ.जी. टीम राजस्थान लोक सेवा आयोग के अफसरों और बाबूलाल कटारा से आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगी।**

**जयपुर/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग के पेपर लीक प्रकरण में आरोपी निलंबित सदस्य बाबूलाल कटारा, रामूराम राईका, उसके बेटे देवेश राईका और बेटी शोभा राईका को सोमवार को राजस्थान लोक सेवा आयोग कार्यालय में एसओजी ने अपराधियों की तरह पुलिस घेरे में ले जाकर तस्दीक कराई।

बाबूलाल कटारा जो कभी आरपीएससी में साहब हुआ करते थे। आज अपराधियों की तरह पुलिस घेरे में अपने चैंबर तक लाए गए और उन्हीं की मौजूदगी में उनका सीज चैंबर खुलवाया गया। आरोप है कि सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 2021 के पेपर लीक में आरोपी बाबूलाल कटारा ने ही पूर्व सदस्य रामूराम राईका को भर्ती परीक्षा का पेपर दिया था। कटारा पर सीनियर टीचर भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने का भी आरोप है। अब दोनो को एक ही कमरे में बैठाकर आमने सामने एसओजी पूछताछ कर रही है।

सूत्रों के अनुसार आयोग के अफसरों और कटारा से आमने- सामने बैठाकर पूछताछ होगी। इधर, जोधपुर के एक स्कूल में एसआई पेपर में नकल करवाने को लेकर भी बड़ा खुलासा हुआ है। एसओजी की पूछताछ में सामने आया है पेपर से एक दिन पहले बाकायदा आरोपी कैंडिडेट्स के साथ स्कूल संचालक ने मॉकड्रिल की थी। पूरा सौदा 12 लाख रुपए में तय हुआ था। फिलहाल बाबूलाल कटारा को लेकर आरपीएससी पहुंची एसओजी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। यहां कटारा से पेपर लीक को लेकर भी सवाल-जवाब किए गए हैं।

दरअसल, आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को भी पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किया था। राईका ने पूछताछ में बताया था कि उसने पेपर कटारा से लिया था। इसके बाद कटारा को जयपुर सेंट्रल जेल से प्रोडक्शन वारंट पर फिर से गिरफ्तार किया गया। इससे पहले, एसओजी ने 31 अगस्त को राजस्थान पुलिस अकादमी (आरपीए) से 5 ट्रेनी एसआई को गिरफ्तार किया था। पकड़े गए पांच आरोपियों में राईका का बेटा और बेटी भी शामिल है। एसआई परीक्षा में अब तक 70 जने गिरफ्तार हो चुके।

सूत्रों के अनुसार एसओजी एसआई परीक्षा - 2021 पेपर लीक मामले में अब तक 42 ट्रेनी सब इंस्पेक्टर सहित 70 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। अलग-अलग आरोपियों से पूछताछ में डेली नए खुलासे हो रहे हैं। अब जोधपुर के एक परीक्षा सेंटर को लेकर चौंकाने वाली जानकारी मिली है।

दरअसल, परीक्षा से एक दिन पहले 14 सितंबर 2021 को परीक्षा केंद्र पर नकल करवाने के लिए बाकायदा मॉकड्रिल की गई थी।

इसमें पूर्व सैनिक, उसकी पत्नी, महिला मित्र और अन्य अभ्यर्थियों को परीक्षा कक्ष में बैठने और पेपर सॉल्व करके पर्ची आने तक की प्रैक्टिस की गई। परीक्षा केंद्र पर महिला मित्र की मदद से ही साठगांठ करवाई गई थी। नकल से पूर्व सैनिक बिजेंद्र कुमार की भर्ती परीक्षा में 92वीं रैंक बनी। वहीं, पेपर सॉल्वर ने अब तक 100 से अधिक अभ्यर्थियों को पेपर सॉल्व करवाकर सरकारी नौकरी दिलवाई। परीक्षा केंद्र पर महिला मित्र की मदद से ही साठगांठ करवाई गई थी। नकल से पूर्व सैनिक बिजेंद्र कुमार की भर्ती परीक्षा में 92वीं रैंक बनी। वहीं, पेपर सॉल्वर ने अब तक 100 से अधिक अभ्यर्थियों को पेपर सॉल्व करवाकर सरकारी नौकरी दिलवाई। बिजेंद्र पूर्व सैनिक कोटे से परीक्षा में शामिल हो रहा था। इस पर बिजेंद्र ने खुद की महिला मित्र ब्यूटी पार्लर संचालिका रितु शर्मा से संपर्क कर सेंटर पर साठ-गांठ की थी। रितु ने खेमे का कुआं निवासी फर्नीचर का काम करने वाले अर्जुन प्रजापत से बात की। अर्जुन ने रोहिलाकलां में स्कूल संचालक अनिल सांखला से संपर्क करवाया। अनिल ने आदर्श स्कूल के मालिक सोमेश गोदारा से बात की। इसमें 12 लाख रुपए में पेपर सॉल्व करवाने का सौदा तय हुआ। पूर्व सैनिक बिजेंद्र कुमार ने सिलेक्शन के बाद निर्धारित राशि में से करीब 3 लाख रुपए नहीं दिए थे। इसको लेकर आपस में विवाद चल रहा था। इस बीच अर्जुन और रितु ने मिलकर एक कहानी रची। जिसमें एसओजी जांच से बचाने की एवज में 10 लाख रुपए की मांग की गई।

बिजेंद्र खुद के साथ करीब 8 लाख लेकर आया। देसूरिया गांव में अपने फौजी दोस्त के घर रुका। वहां से परीक्षा से दो दिन पहले 13 सितंबर 2021 को अपनी पत्नी और महिला मित्र रितु के साथ आया। रितु ने खुद के मित्र अर्जुन को सूचना देकर परीक्षा केंद्र पर जानकारी दिलवाई। जांच में सामने आया कि पेपर सॉल्वर ने अब तक 100 से अधिक अभ्यर्थियों को नौकरी दिलवाई है। बिजेंद्र कुमार, उसकी महिला मित्र और पत्नी 14 सितंबर 2021 को ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए। वहां पर स्कूल के मालिक सोमेश ने केंद्र पर परीक्षा कक्ष में बैठने से लेकर पेपर सॉल्व होकर आने तक की मॉकड्रिल करवाई। अभ्यर्थियों को केवल परीक्षा के दौरान पेपर सॉल्व करने का नाटक कर टाइम पास करने के लिए कहा गया। पेपर सॉल्व होकर पर्ची आने के बाद में ओएमआर भरवाई जानी थी। इस दौरान स्कूल संचालक को रुपए भी दे दिए गए थे।

# वोकल फ़ोर लोकल की थीम पर तैयार हो राजस्थान हाउस : दिया कुमारी

**नई दिल्ली।** उपमुख्यमंत्री और सार्वजनिक निर्माण विभाग और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को नई दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण करके हाउस के निर्माण की कार्य प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ मीटिंग भी की जिसमें इंजीनियरों ने राजस्थान हाउस को लेकर प्रेजेंटेशन दिया कि कहां तक कार्य हो चुका है और आगे क्या कुछ करना है। बैठक में उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से चर्चा के दौरान निर्माणाधीन हाउस के पूरे ब्लूप्रिंट को समझते हुए उन्होंने अधिकारियों से साफ तौर पर कहा कि इस निर्माणाधीन भवन के तैयार होने के बाद जब यहां पर लोग आए, इसके अंदर जब लोग पहुंचे तो आगंतुकों को लगे कि हम राजस्थान आ गए हैं। यहां की सारी व्यवस्थाएं राजस्थानी कल्चर से मेल खाते हुए डेवलप होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आप लोग एक रिव्यू मीटिंग भी बुलाए और रिव्यू मीटिंग करके हमें जरूरत पड़ेगी तो इसमें जरूरी बदलाव भी किए जाएंगे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनकर तैयार होने वाला यह भवन सिर्फ एक बिल्डिंग मात्रा नहीं बल्कि राजस्थान का दर्पण होना चाहिए।



दिया कुमारी ने सोमवार को दिल्ली में निर्माणाधीन राजस्थान हाउस का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान दिया कुमारी ने अधिकारियों और इंजीनियरों को स्पष्ट निर्देश दिए की इस भवन के निर्माण कार्य में लगने वाली हर एक सामग्री में राजस्थानी निर्माण सामग्री को प्राथमिकता दी जाए, चाहे वह राजस्थानी पत्थर हो चाहे वह राजस्थानी पेंटिंग्स के साथ-साथ राजस्थान के हुनरबंद कारीगरों को भी इसके निर्माण कार्य में प्राथमिकता के साथ स्थान दिया जाना चाहिए ताकि हमारे लोगों को रोजगार के अवसर भी मिल सके और इस भवन के निर्माण में राजस्थानी कला और संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली में बनने वाले विश्व स्तरीय भवनों में जब राजस्थानी पत्थर का उपयोग हो सकता है तो राजस्थान हाउस के निर्माण में भी राजस्थानी पत्थर का भरपूर उपयोग किया जाना चाहिए।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने राजस्थान हाउस के निर्माण के दौरान उसमें एक सूचना केंद्र और आगंतुकों और व्यवसायियों को राजस्थान से संबंधित संपूर्ण जानकारी देने के लिए एक बिजनेस सेंटर बनाने के निर्देश भी दिये।


नम्बर मिलाइए 9587884433



सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।



सत्ताईसवीं पुण्यतिथि



27.9.1928 - 10.9.1997

स्व. श्री सतीश चन्द्र जी अग्रवाल
- सदस्य: राजस्थान विधान सभा-1957-1972
- सांसद सदस्य: लोक सभा-1977-1984
- वित्त राज्य मंत्री, भारत सरकार -1977-1979
- सांसद एवं उपनेता: भाजपा, राज्य सभा-1994-1997
- वरिष्ठ अधिवक्ता

शत -शत नमन

सुनील (पुत्र), डॉ. शैलजा पत्नी स्व. डॉ. राहुल (पुत्र-पुत्रवधू), अलका-हेमन्त ( पुत्री-दामाद), हर्षित-कनिका, एडवोकेट शशांक-वर्णिका (पौत्र-पौत्रवधू), नेहा-कपिल, नंदिता-रौनक (पौत्री-दामाद), भावना (नाती), नम्रता-मनन (नाती-दामाद), ज़हारा (प्रपौत्री), अरहान, विख्यात, शिवेन, शिवांग (प्रपौत्र)

RA&SS



कार्यालय उपायुक्त, (विद्याधर जोन) नगर निगम ग्रेटर जयपुर

(अम्बाबाडी सामुदायिक केन्द्र, अम्बाबाडी सर्किल, जयपुर)

क्रमांक:-एफ.55 ( ) वि.जोन/ न.नि.ज.(ग्रे)/2024/1738

सार्वजनिक सूचना दिनांक:- 06/09/2024

भूखण्ड सं. 45, कैलाश नगर, झोटवाडा, जयपुर (खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति) जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती सारा देवी पत्नी श्री हिरानन्द के पक्ष में क्षेत्रफल 211.06 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर श्री अजीत सिंह चौहान पुत्र श्री सुशील सिंह ने भूखण्ड सं. 45, कैलाश नगर, झोटवाडा, जयपुर (खुदाबादी सोनार गृह निर्माण सहकारी समिति) का नाम हस्तान्तरण चाहा गया है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

उपायुक्त
विद्याधर नगर जोन नगर निगम ग्रेटर, जयपुर



विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 और 5)

न्यायालय अपर सिविल जज एवं महानगर मजि. स्थान: क्र. सं. 17 जयपुर महा. नगर प्रथम

विमलेश विरूद्ध नगर निगम ग्रेटर

वाद बाबत- दावा वाद संख्या: 375 सन. 23

बनाम आम सूचना - आम आदमी

ने आपके विरुद्ध के लिए वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 12 माह 9 सन् 24 को दिन में दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक् अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ सुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो अपना प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को उल्लिखित समय के बाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।

आपको सूचित किया जाता हैं कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यह वाद ता. 4 माह 9 सन् 24 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय गोल मोहर

आज्ञा से- रीडर,
अतिरिक्त सिविल न्यायाधीश
क्रम सं.- 17, जयपुर महानगर, सांगानेर प्रथम



राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद्

सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर Email - rsscjaipur@gmail.com Phone - 0141-2742468

क्रमांक: एफ.10(1)/खे.अ./2023-24/1103 सीमित निविदा 68 दिनांक 06.09.2024 दिनांक : 06.09.2024

राजस्थान राज्य क्रीडा परिषद, जयपुर द्वारा संचालित खेल अकादमियों/स्कूल, जयपुर हेतु खेल किट (स्पोर्टस वीयर सेट) की आवश्यकता है जिस हेतु पंजीकृत निविदादाताओं से सीमित निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा निर्धारित समय पर निविदादाताओं की उपस्थिति में समिति द्वारा खोली जायेगी।

| क्र.सं. | सेवा/सामग्री/कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|
| 1 | खेल किट (स्पोर्टस वीयर सेट) के उपापन हेतु | 1,95,000/- | 500/- |

खेल किट (स्पोर्टस वीयर) का विवरण - संलग्न

| | |
|---|---|
| निविदा जारी करने की तिथि | दिनांक 06.09.2024 |
| निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 11.09.2024 समय प्रातः 11.00 बजे तक |
| निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 11.09.2024 समय दोपहर 12.00 बजे तक |
| तकनीकी निविदा खोलने की तिथि व समय | दिनांक 11.09.2024 समय सायं 04.00 बजे |

शर्तें :-
1. बोलीदाता/संवेदक द्वारा निविदा शुल्क रू. 500/- (रूपये पांच सौ मात्र) की डीडी/बैंकर चैक प्रभारी, महिला खेल अकादमी, जयपुर के नाम से संलग्न करनी होगी।
2. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री उच्च गुणवत्ता (High Quality) की होनी चाहिए।
3. दरें युक्तिसंगत (रिजनेबल) होनी चाहिए।
4. दरें F.O.R. प्रभारी, महिला खेल अकादमी, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में देनी होगी।
5. किसी भी प्रकार की कांट-छांट होने पर अपने लघु हस्ताक्षर करने होंगे।
6. दरें अनुमोदन के पश्चात् क्रय आदेश के उपरान्त 07 दिवस में आपूर्ति करनी होगी।
7. आयकर (पैन नंबर) कार्ड, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के अन्तर्गत रजिस्ट्रेशन की सक्षम प्राधिकारी से जारी प्रमाण पत्र की स्व-प्रमाणित/हस्ताक्षरी फोटोप्रति हो, संलग्न करनी होगी। इसके अभाव में आपकी बिड निरस्त समझी जावेगी।
8. इस निविदा/बोली से संबंधित विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारी/शर्तें आदि किसी भी कार्यालय कार्य दिवस/समय में तथा निम्न वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in & rssc.in पर देख/डाउनलोड कर सकते है।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र जयपुर रहेगा।
10. बोलीदाता द्वारा निविदा प्रपत्र एवं वित्तीय बिड (दर) पृथक-पृथक सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी।
11. आपूर्ति किये जाने वाले खेल किट (स्पोर्टस वीयर सेट) पर परिषद द्वारा दिये गये लोगो/मोनोग्राम की प्रिन्टिंग आगे व पीछे करनी होगी जिसके लिए कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगी।
12. निविदादाता द्वारा प्रस्तुत नमूनों को क्रय समिति द्वारा गुणवत्तापूर्ण पाये जाने के उपरान्त ही वित्तीय बिड (दर) का लिफाफा खोला जावेगा।

राज.संवाद/सी/24/4902 UBN RSC2425GSOB00021 प्रभारी



राजस्थान सरकार शिक्षा विभाग
राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय काचरोदा (सांभरलेक) जयपुर ग्रामीण जयपुर

क्रमांक - राउमावि / काचरोदा / नीलामी / 2024-25/270-274

दिनांक-9-09-24

कार्यालय आदेश (नीलामी आदेश)

समस्त कबाडियों को सूचित किया जाता है कि दिनांक 23.09.2024 को स्थानीय विद्यालय में प्रात 11.00 बजे अनुपयोगी सामान स्टोर भण्डार सूची के अनुसार एंव सामान की नीलामी विद्यालय प्रांगण में की जायेगी। इच्छुक बोली दाता 2 प्रतिशत राशि नकद जमा कराकर बोली में भाग ले सकता है, नीलामी से सम्बन्धित नियम / शर्ते एंव सामग्री का विवरण विद्यालय समय पर अवलोकन किया जा सकता है। सफल बोलीदाता को समस्त राशि निलामी के तुरन्त बाद जमा करानी होगी।

बोली / नीलामी प्रक्रिया को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

नोट- 1. बोली दाता के पास जीएसटी रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।
2. स्टोर के माल की नीलामी / बोली पर 5 प्रतिशत जीएसटी अलग से देय होगा।

प्रधानाचार्य
रा.उ.मा.वि. काचरोदा (जयपुर)



Expression of Interest ("EoI"): For Sale of Energy on Long Term basis (10 Years)

Wind World Wind Farms (Rajasthan) Pvt. Limited **["WWWFRPL"]**, an IPP with a 24 MW Wind Power Project being located at Soda, Village, Jaisalmer District, Rajasthan, invites EoI for the sale of renewable energy to traders having an interstate trading licence issued by the Central Electricity Regulatory Commission **("CERC")** for interstate trading of energy for a 10-year period.

The key details of the EoI are as follows:

| | |
|---|---|
| 01. EOI Submission Address | **Mr. Mahendra Jangid,** Shri Krishna Complex 904, opposite Fun Republic, New Link Road, Andheri (west) 400053, Mumbai. Mobile No. 9987557112 |
| 02. EOI Submission E-Mail ID | Bid26062024@gmail.com |
| 03. Last Date for Bid Submission | 16.09.2024 |
| 04. Date of opening of Price Bid | 23.09.2024 |

1. The delivery point shall be 220 KV GSS Amarsagar.
2. The power will be available in different phases starting between the period of Apr'25 to Jun'25, the contractual period will be for 10 years for the respective phases.
3. The minimum quantum offered by any bidder shall be 24 MW; otherwise, their offer shall be rejected.
4. The bidder shall quote a fixed price offer (in Rs./kWh) at which it is prepared to purchase the energy at the delivery point (Ex-Bus Power Plant) and should be limited to 3 (three) decimal points. All taxes, duties, cess, etc. imposed by the central government, state government, or local bodies as applicable on the date of the opening of the tender inquiry would be on account of the trader. The price or rate quoted should be on a fixed basis only, and there shall be no change during the contractual period of ten years.
5. A successful bidder shall be applying for the short- or medium-open access booking as per the latest open access regulations and guidelines in vogue. The successful bidder(s) shall be responsible for off-taking the entire energy produced from the wind farm from the delivery point. WWWFRPL shall in no way be liable for any other charges beyond the delivery point.
6. The DSM implication would be on the successful bidder.
7. Bidder(s) shall off take the entire generation produced from the wind farm.
8. The transmission charges (POC Injection & Withdrawal charges), transmission losses (POC Injection & Withdrawal losses), State STU Charges & Losses, RLDC/SLDC charges, application/concurrence charges or any other charges covered under Open Access Regulations notified by Central/State Electricity Regulatory Commission (CERC/RERC) and the procedure for Open Access stipulated by the Central/State Transmission Utility (CTU/STU) (as amended up to date) for off-take of energy from the delivery point if applicable shall be borne by the Purchaser/bidder.
9. WWWFRPL reserves the right to increase or decrease the quantum mentioned in the above table as per its requirements before placing the LOA or LOU with the successful bidders.
10. All the required technical/regulatory requirements for the sale of Power-on-Power exchange should be in the scope of successful bidder.
11. WWWFRPL retains the right to reject any or all bid or to accept any bid in whole or in part, as WWWFRPL deems necessary, without assigning any reason.



Expression of Interest ("EoI"): For Sale of Energy on Long Term basis (10 Years)

Wind World Wind Farms (Hindustan) Pvt. Limited **["WWWFHPL"]**, an IPP with a 60 MW Wind Power Project being located at Kita, Pithodai Ki Dhani, Village, Jaisalmer District, Rajasthan, invites EoI for the sale of renewable energy to traders having an interstate trading licence issued by the Central Electricity Regulatory Commission **("CERC")** for interstate trading of energy for a 10-year period.

The key details of the EoI are as follows:

| | |
|---|---|
| 01. EOI Submission Address | **Mr. Mahendra Jangid,** Shri Krishna Complex 904, opposite Fun Republic, New Link Road, Andheri (west) 400053, Mumbai. Mobile No. 9987557112 |
| 02. EOI Submission E-Mail ID | Bid26062024@gmail.com |
| 03. Last Date for Bid Submission | 16.09.2024 |
| 04. Date of opening of Price Bid | 23.09.2024 |

1. The delivery point shall be 220 KV GSS Amarsagar.
2. The power will be available in different phases starting between the period of Nov'26 to Dec'26, the contractual period will be for 10 years for the respective phases.
3. The minimum quantum offered by any bidder shall be 60 MW; otherwise, their offer shall be rejected.
4. The bidder shall quote a fixed price offer (in Rs./kWh) at which it is prepared to purchase the energy at the delivery point (Ex-Bus Power Plant) and should be limited to 3 (three) decimal points. All taxes, duties, cess, etc. imposed by the central government, state government, or local bodies as applicable on the date of the opening of the tender inquiry would be on account of the trader. The price or rate quoted should be on a fixed basis only, and there shall be no change during the contractual period of ten years.
5. A successful bidder shall be applying for the short- or medium-open access booking as per the latest open access regulations and guidelines in vogue. The successful bidder(s) shall be responsible for off-taking the entire energy produced from the wind farm from the delivery point. WWWFHPL shall in no way be liable for any other charges beyond the delivery point.
6. The DSM implication would be on the successful bidder.
7. Bidder(s) shall off take the entire generation produced from the wind farm.
8. The transmission charges (POC Injection & Withdrawal charges), transmission losses (POC Injection & Withdrawal losses), State STU Charges & Losses, RLDC/SLDC charges, application/concurrence charges or any other charges covered under Open Access Regulations notified by Central/State Electricity Regulatory Commission (CERC/RERC) and the procedure for Open Access stipulated by the Central/State Transmission Utility (CTU/STU) (as amended up to date) for off-take of energy from the delivery point if applicable shall be borne by the Purchaser/bidder.
9. WWWFHPL reserves the right to increase or decrease the quantum mentioned in the above table as per its requirements before placing the LOA or LOU with the successful bidders.
10. All the required technical/regulatory requirements for the sale of Power-on-Power exchange should be in the scope of successful bidder.
11. WWWFHPL retains the right to reject any or all bid or to accept any bid in whole or in part, as WWWFHPL deems necessary, without assigning any reason.

# रेगिस्तान में भारत और अमेरिकी सेना का युद्धाभ्यास शुरु

## दुश्मन के ड्रोन अटैक से बचाव का सीखेंगे तरीका


महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत और अमेरिका की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू होने के अवसर पर सेल्फी लेते सैनिक।

**बीकानेर।** यहां महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में सोमवार को भारत और अमेरिका की सेना का संयुक्त युद्धाभ्यास शुरू हुआ। इसमें पहली बार अमेरिका के हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम का प्रदर्शन किया जा रहा है। इस आर्टिलरी की मारक क्षमता 310 किलोमीटर है। यूक्रेन वॉर के दौरान इसी सिस्टम से रूसी गोला-बारूद ढेर किए गए थे।

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में यह अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। इसमें भारत-अमेरिका के कुल 1200 सैनिक हिस्सा ले रहे हैं। आज सुबह करीब 10:30 बजे परेड समारोह के साथ युद्धाभ्यास का आगाज हुआ। दोनों देशों के झंडों को फहराया गया। युद्धाभ्यास में भारत की साउथ वेस्टर्न कमांड के 600 और अमेरिका के 600 जवान हिस्सा ले रहे हैं। दोनों देशों के जवान मिलकर 15 दिन तक दुश्मन को घेरकर मारने सहित कई रणनीतियों का अभ्यास करेंगे। इस दौरान एयरबोर्न और हेलीबोर्न ऑपरेशन को अंजाम दिया जाएगा। गांव में छिपे आतंकियों को खोजकर मारने के अलावा ड्रोन हमलों से बचाव का भी अभ्यास किया जाएगा।

इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं की आंतरिक क्षमता को बढ़ाना और जरूरत पड़ने पर एक साथ काम करने की संभावनाओं को मजबूत करना है। संयुक्त अभियान में कई सैन्य रणनीति और जॉइंट एक्सरसाइज शामिल हैं, जिसका उद्देश्य एक-दूसरे देश की विशेषताओं और क्षमताओं का आदान-प्रदान है। यह अभ्यास भारत और अमेरिका के बीच बढ़ते रक्षा संबंधों को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। युद्धाभ्यास का मुख्य आकर्षण अमेरिकी सेना का हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम है। इस सिस्टम का उपयोग यूक्रेन में रूस के खिलाफ हो चुका है। इसे सी-130 विमान पर ले जाना आसान है। मात्र 20 सेकेंड में रॉकेट तैयार किए जा सकते हैं। 45 सेकेंड के भीतर सभी रॉकेट दागे जा सकते हैं। ये छह मल्टीपल-लॉन्च रॉकेट सिस्टम के साथ एक ही पॉड में समाहित हैं।

■ **अमेरिकी रॉकेट सिस्टम है मुख्य आकर्षण**

इसकी मारक क्षमता करीब 310 किलोमीटर तक है। आर्मी टैक्टिकल मिसाइल के रूप में जाना जाता है। यूक्रेन में 2022 में युद्ध के दौरान इस सिस्टम को रूसी लक्ष्यों के खिलाफ बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया था।कई रूसी कमांड पोस्ट, गोला-बारूद भंडारण, सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों के जमावड़े तथा पुलों को सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था, जिनमें से कई अग्रिम पंक्तियों से बहुत दूर थे।

यह सिस्टम लंबी दूरी तक सटीक हमले करने में सक्षम है। अभ्यास के दौरान भारत अपनी नई पीढ़ी की हथियार प्रणाली का प्रदर्शन भी करेगा। संयुक्त सैन्य अभियानों में अत्याधुनिक तकनीक को एकीकृत करने पर जोर दिया गया है। ऐसा 20वीं बार हो रहा है, जब दोनों देशों की सेना एक साथ मिलकर हथियारों को चलाने का अभ्यास कर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश के बाद दोनों देशों ने साथ में अभ्यास शुरू किया था। एक बार भारत और एक बार अमेरिका में होने वाले इस युद्धाभ्यास में दोनों देशों के जवान हिस्सा लेते हैं।

महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में इससे पहले युद्धाभ्यास का 16वां संस्करण फरवरी 2021 में हुआ था। भारत जहां इस युद्धाभ्यास में स्वदेशी हथियारों का प्रदर्शन करेगा, वहीं अमेरिका अपने सर्वश्रेष्ठ हथियारों की शृंखला से रूबरू करवाएगा।

अभ्यास के दौरान अमेरिकी जवान गर्मी से परेशान दिखे। तीन-चार जवानों को परेड के बीच में से ही बाहर लेकर जाया गया। परेड स्थल के पास ही पेड़ की छांव में जवानों का इलाज किया गया। दोनों देशों के जवान अब रोज सुबह उठने से लेकर रात को सोने से पहले तक युद्धाभ्यास में ही रहेंगे। सुबह जवान वॉक और रन करेंगे। इसके अलावा सुबह फायरिंग और आर्टिलरी ट्रेनिंग होगी। भारत की 9 राजपूत इंफेंट्री सेना है। अमेरिका की सेना एयर बोर्न 1-24 आर्कटिक डिवीजन है, जिनके हथियार माइनस 50 डिग्री सेल्सियस तापमान में युद्ध कौशल दिखाने में सक्षम हैं।

# पेटीज शॉप के संचालक की लाश मिलने से सनसनी फैली


भीलवाड़ा में पेटीज शॉप के संचालक का शव बरामद हुआ।


मृतक ईश्वर कुशलानी

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र स्थित मानसरोवर झील मेंसोनू पेटीज शॉप के लापता संचालक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। परिजनों का आरोप है कि ईश्वर उर्फ सोनू सूदखोरों से परेशान था। उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही थी।

पुलिस के अनुसार सोमवार सुबह करीब 8 बजे लोगों ने मानसरोवर झील में एक व्यक्ति की लाश देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू टीम की मदद से लाश को झील से निकलवाया। यह शव तीन दिन पुराना था। मौके पर एक स्कूटी भी तीन दिन से खड़ी मिली। शव को एमजी अस्पताल की मोर्चरी भिजवा दिया गया। उधर, कोतवाली सर्किल से लापता पेटीज शॉप संचालक ईश्वर कुशलानी उर्फ सोनू सिंधी की पत्नी सहित अन्य समाजजन मोर्चरी पहुंचे, उन्होंने शव की पहचान सोनू के रूप में की। इस बीच, मोर्चरी पर बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग जुट गये। समाजसेवी हरीश मानवानी ने कहा कि सोनू शहर में ही एमएलवी कॉलेज सर्किल क्षेत्र में पेटीज शॉप चलाता था। ईश्वर शुक्रवार सुबह घर से शॉप के लिए निकला था, जो दोपहर ढाई बजे शॉप से निकल गया। इसके बाद 5.40 बजे ईश्वर को उसकी पत्नी गायत्री ने मोबाइल पर कॉल किया तो ईश्वर ने कॉल डिस्कनेक्ट कर दिया।

■ **मृतक सूदखोरों से परेशान था, उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही थी**

गायत्री ने शॉप पर पता किया तो जानकारी मिली कि वह दोपहर ढाई बजे शॉप से निकल गया था। इसके बाद ईश्वर न तो शॉप पर लौटा न ही घर। इसके चलते शनिवार को गायत्री ने गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज करवाई थी। हरीश ने कहा कि सोनू को सूदखोर परेशान कर रहे थे। यहां तक की उसे मारने की धमकियां भी मिल रही थी। ऐसे में आशंका है कि सोनू ने इन्हीं धमकियों से परेशान होकर खुदकुशी की है। पुलिस ने बताया की एक बेटे का पिता था। उसका बेटा अभी तीन साल का है। वह, पत्नी और बेटे के साथ वैभव नगर में रह रहा था। ईश्वर की मौत को लेकर उसके मामा प्रकाश ने प्रताप नगर थाना पुलिस को रिपोर्ट दी।प्रकाश ने उक्त घटनाक्रम का हवाला देते हुये रिपोर्ट में बताया कि ईश्वर कुछ समय से काफी परेशान था। ईश्वर की पत्नी ने बताया कि उसके पति को कुछ लोग पैसे व ब्याज के कारण परेशान कर रहे थे। इसी से परेशान होकर ईश्वर ने फोन बंद कर लिया। इसके बाद आज उसकी लाश मिली। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

# आसाराम बापू पैरोल पूरी कर जोधपुर लौटे

**जोधपुर, (कासं)।** अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा के साथ यौन शोषण के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू अपनी पैरोल खत्म कर आज वापस जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंच गये। आसाराम बापू 11 साल में पहली बार 14 दिन जेल से बाहर रहे । उपचार के बाद सोमवार को आसाराम बापू वापस जोधपुर लौट आये है। मुंबई से जोधपुर की फ्लाइट से लौटे आसाराम बापू को कड़ी सुरक्षा के साथ वापस एयरपोर्ट से जेल ले जाया गया। आज भी आसाराम बापू को प्लेन से नीचे उतरने के बाद एक विशेष वाहन से गेट तक लाया गया और एंबुलेंस में शिफ्ट किया गया। इस दौरान उसे देखने आए उसके साधकों को एक फिर निराशा हाथ लगी।

आसाराम बापू को गत 24 अगस्त को ले जाया गया था। पांच दिन की पैरोल बढ़ाई गई थी। सोमवार को मुंबई से जोधपुर आते समय आसाराम बापू के भक्त बढ़ी संख्या में फ्लाइट में थे जो बार-बार उसके पास जाकर उसका आशीर्वाद ले रहे थे। इस दौरान जोधपुर पुलिस के जवान उनको रोकने का प्रयास करते नजर आए। बता दें कि आसाराम बापू को 13 अगस्त को राजस्थान हाईकोर्ट ने सात दिन की पैरोल दी थी और पैरोल की अवधि को हॉस्पिटल में पहुंचने के समय से गिना गया था। आसाराम बापू अपने खर्च पर अपना इलाज करवाया ।

आसाराम बापू को सितंबर 2013 में इंदौर से जोधपुर पुलिस गिरफ्तार करके लेकर आई थी। इसके बाद से जोधपुर जेल में ही है। गिरफ्तारी के बाद करीब पांच साल लंबी ट्रायल चली। इस दौरान आसाराम बापू को जेल से कोर्ट लाया जाता था। 2018 में फैसला आने के बाद कोर्ट आना भी बंद हो गया। सिर्फ इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

# जलभराव से घरों में कैद हुए लोग

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर शहर में हुई लगातार बरसात से हुए जलभराव के चलते शहर के दक्षिण व उतर विधानसभा क्षेत्र मे बने बाढ़ जैसे हालातों से कई कॉलोनियों में ऐसी स्थिति है कि लोग घरों में कैद हो गए हैं। चौथे दिन भी कुछ कॉलोनियों सहित मुख्य मार्गों पर जलभराव के कारण समस्या गंभीर बनी हुई है। कॉलोनियों में पानी का निकास नहीं होने के कारण सडकों पर पानी भर गया है, जिससे लोग अपने घरों से बाहर निकलने में असमर्थ हैं। शहर की फॉयसागर झील की पाल में रिसाव के चलते खतरा पैदा हो गया है। सेना ने फॉयसागर सहित पानी निकासी के कई इलाकों का जायजा लिया। सिविल डिफेंस और एसडीआरएफ को 24 घंटे अलर्ट पर रखा गया है। जलभराव वाली कॉलोनियों में मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। चौथे दिन भी शहर की अधिकांश कॉलोनियों में पानी की निकासी नहीं होने के कारण बारिश के पानी ने पूरे इलाके को घेर लिया है।

# यूपीआई धोखाधड़ी : तेलंगाना पुलिस ने राजस्थान से 13 लोगों को किया गिरफ्तार


**हैदराबाद।** तेलंगाना साइबराबाद पुलिस ने 4 करोड़ रुपये के यू.पी.आई. धोखाधड़ी में शामिल 20-25 साल की उम्र के 13 सदस्यीय गिरोह को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने केपीएचबी पुलिस, माधापुर और नरसिंगी पुलिस की मदद से रविवार को राजस्थान से गिरोह के सदस्यों को पकड़ा। साइबराबाद के पुलिस उपायुक्त के नरसिम्हा ने सोमवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि यह गिरोह हाई-टेक यूपीआई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी योजनाओं में शामिल था।

इस गिरोह के सदस्यों ने एक प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठान मेसर्स बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स को लगभग 04 करोड़ रुपये का चूना लगाया। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के पास से 1.72 लाख रुपये की नकदी के अलावा 50 लाख रुपये के इलेक्ट्रॉनिक सामान भी जब्त किए गए हैं। साइबराबाद, हैदराबाद और राचकोंडा कमिश्नरेट के साथ-साथ तेलंगाना राज्य के अन्य महानगरीय शहरों के विभिन्न थानों में कई धोखाधड़ी और धोखाधड़ी के मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें सभी बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से जुड़े थे और कुल मिलाकर 04 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ। उन्होंने बताया कि बजाज इलेक्ट्रॉनिक्स से सूचना मिलने पर शमशाबाद सीसीएस पुलिस और केपीएचबी पुलिस, माधापुर और नरसिंगी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि राजस्थान के कुछ लोग शोरूम में गए थे और महंगे इलेक्ट्रॉनिक्स खरीदे थे। गिरोह में शामिल लोग शोरूम के यूपीआई स्कैनर को राजस्थान के एक साथी के साथ साझा करते थे, जो शोरूम में पैसे ट्रांसफर करता था। माल की डिलीवरी लेने के बाद साथी बैंक में चार्जबैक शिकायत दर्ज कराता था, जिससे लेन-देन उलट जाता था और पैसा गिरोह के खाते में वापस आ जाता था। इन मामलों में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है और उन्हें न्यायिक हिरासत के लिए अदालत में पेश किया गया।

सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) सीसीएस शशांक रेड्डी और कलिंग राव के मार्गदर्शन और पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अपराध के. नरसिम्हा की देखरेख में एम. पवन (पुलिस निरीक्षक), डीआई केपीएचबी, डीआई नरसिंगी और डीआई मदापुर के नेतृत्व में शमशाबाद सीसीएस टीम ने साइबराबाद के पुलिस आयुक्त अविनाश मोहंती के निर्देश पर आरोपियों को गिरफ्तार किया और चोरी की गई संपत्ति बरामद की। साइबराबाद के पुलिस आयुक्त ने टीम की सराहना की और उनके सराहनीय कार्य के लिए उन्हें उचित रूप से पुरस्कृत किया गया।

# विवाहिता ने इच्छा मृत्यु की मांग की



भीलवाड़ा की विवाहिता ने एसपी को इच्छा मृत्यु का ज्ञापन दिया।

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के प्रताप नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक विवाहिता ने जिला पुलिस अधीक्षक को शिकायत देते हुए इच्छा मृत्यु की मांग की है। दरअसल इस महिला ने दीपक शर्मा नाम के एक युवक से प्रेम विवाह किया था। जिसका खामियाजा अब इसे प्रताड़नाओं को सह कर भुगतना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार बापू नगर क्षेत्र में रहने वाली वर्षा कुमारी ने जिला पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में बताया की करीब 3 वर्ष पूर्व दीपक शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा से उसने प्रेम विवाह किया था। वह दीपक की संतान को जन्म देने वाली थी तभी उसके पिता ओमप्रकाश, भाभी कमला, बहन गायत्री और उसके दोस्त सुनील पारीक ने उस पर गर्भपात करने का दावा बनाया और धमकियां दी। लेकिन वह पीछे नहीं हटी और उसने बच्चे को जन्म दिया। बच्चों का नाम रुद्राक्ष रखा गया। जन्म के बाद भी दीपक और उसके परिवार के लोगों की प्रताड़ना कम नहीं हुई। लगातार वर्षा के साथ मारपीट और नवजात शिशु को मारने की धमकियां उसे मिलती रही। वजह थी दीपक का वर्षा के गर्भवती होने के दौरान अन्य किसी महिला के संपर्क में आ जाना। अन्य किसी महिला से संबंधों के चलते दीपक प्रेम विवाह करके लाई गई वर्षा के साथ मारपीट और सौतेला व्यवहार करने लगा।

उसके परिवार के लोगों ने भी प्रातनाओं में कमी नहीं छोड़ी। इन सबसे परेशान होकर वर्षा ने दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज करवा दिया लेकिन फिर भी उसकी तकलीफ काम नहीं हुई। वह अपने हक की लड़ाई के लिए दर-दर भटक ही रही थी कि इस दौरान दीपक ने सोची समझी साजिश के तहत खुद को चाकू से घायल कर इसका इल्जाम वर्षा पर लगा दिया। दीपक वर्षा से मकान खाली करवाना चाहता था और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए उसे पैसे की मांग करता था। क्योंकि वर्षा एक वर्किंग वुमन है और इसी का फायदा उठाकर वह उससे पैसे ऐठना चाहता था। लेकिन जब उसने दीपक की मांगों को नहीं माना तो एक षड्यंत्र के तहत उसे प्रताड़ित किया गया और झूठे मुकदमे में फंसा कर परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में वर्षा ने जिला पुलिस अधीक्षक को एक शिकायत देते हुए न्याय की गुहार लगाई है। वर्षा का कहना है कि यदि प्रशासन उसे न्याय नहीं दिला सकता तो उसे और उसे उसके बच्चे को इच्छा मृत्यु की अनुमति दे दे, क्योंकि अब वह इन प्रताड़नाओं से तंग आ चुकी है। न्याय के लिए दर दर भटक रही है लेकिन पुलिस और प्रशासनिक अमला उसकी कोई मदद नहीं कर पा रहा।

# मंत्री भूपेंद्र यादव ने भर्तृहरि लक्खी मेले का उद्घाटन किया


भर्तृहरि घाम पर लक्खी मेले के उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने सम्बोधित किया।

**अलवर।** महाराजा भतृहरि की तपोस्थली भतृहरि घाम में हर वर्ष भरने वाले लखी मेले के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे केंद्रीय पर्यावरण वन एवं जलवायु मंत्री भूपेंद्र यादव के सामने क्षेत्रीय विधायक व राजस्थान सरकार में प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली ने सरिस्का अभ्यारण के नाम को बदलकर भतृहरि अभयारण्य कराने की बड़ी मांग रख सबको चौंका दिया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा भतृहरि घाम जन-जन की आस्था का केंद्र है। महाराजा भतृहरि जी तीन अलग-अलग किताबें लिखी हैं जिसमें एक किताब में आदमी सामाजिक जीवन जीना चाहिए। दूसरी राजनीतिक आदमी कैसा हो इस पर लिखी है और तीसरी किताब जो है ईश्वर को कैसे पाया जाता है यह उन्होंने वैराग्य में लिखा है। इसलिए राजनीति से ऊपर उठकर कम करें क्योंकि सबका मालिक एक है और इसके आगे हम सब सेवक हैं। भूपेंद्र यादव ने कहा जन-जन की आस्था के केंद्र भतृहरि घाम को विकसित करने के लिए राजस्थान सरकार ने बजट में अपने बजट घोषणा के अंदर भतृहरि घाम को विकसित करने का रखा है। उन्होंने कहा यह स्थान वनों के बीच है चारों ओर हरियाली हरियाली है पहाड़ है। इससे इस स्थान का महत्व और भी अधिक बढ़ जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा राजनीति से ऊपर उठकर सबको साथ लेकर सबके सहयोग से भतृहरि घाम को विकसित करने का काम किया जाएगा। भूपेंद्र यादव ने कहा चुनाव प्रचार के दौरान भतृहरि धाम पर आशीर्वाद लेने के लिए आए थे और परिणाम सुखद मिले चुनाव जीत और अब मेले के अवसर पर आया हूं। उन्होंने कहा सरिस्का को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की है जिसमें विकास के मुद्दों पर चर्चा की गई है। इस अवसर पर राजस्थान सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने केंद्रीय मंत्री सहित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा भतृहरि घाम जन-जन की आस्था का केंद्र है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता पूर्व अध्यक्ष संजय नरूका जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर महापौर घनश्याम गुर्जर बन्ना राम मीणा जयराम जाटव सहित भाजपा नेता मौजूद रहे।

# सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है रामदेवरा : बिरला


रामदेवरा स्थित बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किये।

**जैसलमेर/पोकरण, (नि.सं.)।** जिले के रामदेवरा के प्रवास पर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को बाबा रामदेव की समाधि के दर्शन किए। बिरला 1.5 कि.मी. तक पदयात्रा करते हुए बाबा के धाम पहुंचे और पूजा अर्चना कर देश में खुशहाली की कामना की।

बिरला ने कहा कि राजस्थान ही नहीं बल्कि देशभर के असंख्य श्रद्धालुओं की आस्था के केंद्र रामदेवरा में बाबा के दर्शन के लिए आना मेरे लिए सुखद क्षण है। बाबा रामदेव जी की महिमा अपरंपार है, उनका जीवन हम सभी के लिए एक उज्ज्वल प्रेरणा है। उनका आशीर्वाद सदैव हम पर बना रहे और हम उनके आदर्शों पर चलते हुए एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकें। सर्वधर्म सद्भाव के प्रतीक बाबा रामदेव जी ने सामाजिक भेदभाव का विरोध करते हुए असहायों को सशक्त बनाने में जीवन समर्पित किया। उनके आदर्श हमारे प्रेरक मार्गदर्शक हैं। हम सभी उनके आदर्शों का पालन करें और समाज में समरसता, एकता, और भाईचारे का संदेश फैलाएं। बाबा रामदेव जी का जीवन केवल एक संत या महापुरुष का जीवन नहीं था, बल्कि वह एक ऐसे लोकदेवता हैं जिन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज में क्रांति और सुधार का संदेश दिया। बिरला के साथ ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर और ओएसडी राजीव दत्ता भी मौजूद रहे।

**मेघवाल समाज ने किया सम्मान :-** रामदेवरा में स्पीकर ओम बिरला मेघवाल समाज के सम्मान समारोह में शामिल हुए। बाबूलाल मेघवाल के नेतृत्व में उनका समाजजनों ने स्वागत किया। बिरला ने कहा कि बाबा रामदेव जी का मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, बल्कि यह उन सभी आस्थाओं और विश्वासों का संगम स्थल है, जो एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। इस यात्रा के दौरान जाति, धर्म, और भेदभाव की सभी सीमाएँ समाप्त हो जाती हैं। यह बाबा रामदेव जी की महानता का प्रतीक है, जो लोगों को आपस में जोड़ती है।

इसके पूर्व हैलिपेड पर पहुंचने पर जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों द्वारा स्पीकर बिरला का भव्य स्वागत किया गया। जिला कलक्टर प्रताप सिंह व एसपी सुधीर चौधरी ने आगवानी की। बिरला को परम्परागत साफा और माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। इस दौरान सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, विधायक महंत प्रतापपुरी महाराज, छोटू सिंह भाटी, जिला प्रमुख प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश शारदा, पूर्व विधायक सांग सिंह भाटी, प्रदेश मंत्री आईदान सिंह भाटी जैसलमेर पालिका चेयरमैन हरिवल्लभ कल्ला, मनीष पुरोहित, प्रधान भगवत सिंह तंवर, सरपंच समंदर सिंह तंवर सहित बडी संख्या में जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।


**कार्यालय नगरपालिका नसीराबाद, जिला अजमेर (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.न./निर्माण/2024-25/1575 दिनांक :- 05/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या (09/2024-25) (NIB NUMBER - DLB2425A2376)**

एतद्द्वारा यह है कि राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए राजकीय विभाग में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** एवं **www.eproc.rajasthan.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं एवं किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय में आकर देखी जा सकती है।

निविदा के कुल कार्य – 03 (तीन)

UBN NO. :- 1. DLB2425WSRC07590, 2. DLB2425WSRC07591 3. DLB2425WSRC07592

अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका नसीराबाद

राज.संवाद/सी/24/4923

**कार्यालय नगरपालिका रामगंजमण्डी जिला-कोटा (राज0)**

क्रमांक : न.पा.रा./2024/305 दिनांक 09.09.2024

**ई-निविदा सूचना 05/2024-25**

नगरपालिका रामगंजमंडी द्वारा कार्यो हेतु पालिका में पंजीकृत एवं विभागों में **AA,A,B, Class** एवं उपयुक्त श्रेणी संवेदको से लिफाफा पद्धति/ई-निविदा पद्धति से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की निविदा बेचे जाने की दिनांक 10.09.2024 से 23.09.2024 एवं अपलोड करने की दिनांक 10.09.2024 से 23.09.2024 सांय 6 बजे तक। ई.एम.डी./ निविदा शुल्क/प्रोसेसिंग फीस प्राप्त करने की तिथि : 24.09.2024 समय 11.00 बजे तक। तकनीकी बिड खोलने कि दिनांक 24.09.2024 को दोप. 2.00 बजे के बाद रहेगी। वित्तीय बिड तकनीकी परीक्षण उपरांत खोली जावेगी। निविदा शर्ते आदि सम्पूर्ण विवरण **http//sppp.raj.nic.in, http//eproc.rajasthan.gov.in** देखी जा सकती है।

NIB – DLB2425A2428 UBN – DLB2425WSOB07708

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका रामगंजमण्डी

राज.संवाद/सी/24/4958

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER PWD DIVISION KARAULI**
Address-Near old Collectorate Circle Karaull
E-Mail:-EEPWD.KARAULI@RAJASTHAN.GOV.IN

No-2104-2117 Date: 05-09-2024

**Notice Inviting Bid**

Bid (E-NIT No. 04/2024-25) for Consultancy Work "Consultancy Work for Preparation of Detailed Project Report(DPR) For Construction of 4 lane High level bridge on Karauli Hindaun road SH-22 & Byepass at Karauli including Land Acquisition & Forest Clearance" are invited from Registard & Interested bidders up to 6.00 PM on 06.09.2024 to 17.09.2024 procurement portal (http://eproc. rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state departmental website may be Visited for Other Details of Bid. The approximate value of the procurement is Rs. 125.00 lacs.

NIB CODE- PWD2425A1447
UBN No. PWD2425SLOB05194

(Chandra Prakash)
Executive Engineer PWD
Division Karauli

DIPR/C/8422/2024

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग, ग्रामीण खण्ड सलूम्बर**
फोन नं.-02906-232823, E-Mail-eephedsalumber@gmail.com

क्रमांक : अश/सतु./लेखा/2024-25/ दिनांक :-

**ई-निविदा सूचना संख्या 08-11 वर्ष 2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित कार्य करने हेतु सक्षम श्रेणी में पंजिकृत अनुभवी ठेकेदारों / अनुभवी ठेकेदारों से ओनलाइन निविदाए आमंत्रित की जाती है निविदाए इस कार्यालय समय में दिनांक 04.09.2024 से दिनांक 18.09.2024 को 6.00 बजे तक विकय की जा कर दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 1 बजे ओनलाइन खोली जावेगी।

राजस्थान उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के तहत निविदा सुचना राज्य लोक उपापन पोरटल http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है।

1-एकल न्युनतम कार्य 79.00 लाख व अधिकतम कार्य 111.00 लाख का है।

PHE2425SLOB04355, PHE2425SLOB04357, PHE2425SLOB04360, PHE2425SLOB043665

(विवेक चन्द कच्छारा)
अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वा.अभि. विभाग, ग्रामीण खण्ड सलुम्बर
मो.न.-9414620351

DIPR/C/8414/2024

**कार्यालय अधिषाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग खण्ड सॉचौर**
एन.एच.68, Phed campus, साचौर (जालोर)

Te.Pho.No. 02979-283624 e-mail.:eephedscr@gmail.com

क्रमांक: अ:अ//जन स्वा./सॉ/निविदा/2024-25/1057 दिनांक:-05/09/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या -09/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण में पजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| | |
|---|---|
| कार्यालय का नाम व स्थान | अधिषाषी अभियन्ता, जन.स्वा.विभाग खण्ड सांचौर |
| निविदा का कार्य | Annual rate contact of providing laying and jointing of hdpe pipeline of various sizes at various schemes in division sanchore on turnkey basis. |
| निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में) | कुल निविदा 01 रू.30.00 लाख |
| निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक | 05.09.2024 से 17.09.2024 को 13.00 बजे तक |
| निविदाऐं खोलने की तिथी व समय | 17.9.2024 को 15.00 बजे से |
| UBN NO | PHE2425WSRC04373 |

निविदा से सबधित समस्त विवरण वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्वि पत्र केवल वेबसाईट पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वाथ्य अभियंत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

DIPR/C/8398/2024

**कार्यालय नगरपालिका, निम्बाहेड़ा जिला - चित्तौड़गढ़ (राज.)**
रेल्वे स्टेशन के पास नीमच रोड़ निम्बाहेड़ा जिला चित्तौड़गढ़ (राज.)
Email :- nagarpalika_nimbahera@yahoo.com (01477) 220042, 220435, 221115 (O) 220004 (R)

क्रमांक :-नपानि/स्टोर/मेला/2024-25/35 दिनांक :- 09/09/2024

**-:: ई-निविदा सूचना ::-**

नगरपालिका निम्बाहेड़ा द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए किसी भी विभाग में पंजीकृत, तकनीकी और आर्थिक रूप से मजबूत प्रतिष्ठान/फार्मो से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया से वेब साईट **https://eproc.rajasthan.gov.in** पर ऑन लाईन निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण पोर्टल **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है जिसका **NIB Code DLB2425A2396** पर भी देख सकते है।

| | |
|---|---|
| कार्य निविदा के कार्य | कुल 04 कार्य |
| निविदा की अनुमानित लागत | राशि 93.00 लाख रूपये |
| ऑनलाईन निविदा फार्म मिलने की दिनांक | 09/09/2024 प्रात: 04.00 बजे |
| ऑनलाईन निविदा फार्म जमा कराने की अन्तिम दिनांक | दिनांक 19/09/2024 प्रात: 10.00 बजे तक |
| डी.ड़ी./दस्तावेज जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | दिनांक 19/09/2024 दोपहर 12.00 बजे तक |
| निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 20/09/2024 दोपहर 02.00 बजे |

**Unique Bid Number**
DLB2425SLRC07630, DLB2425SLRC07632, DLB2425SLRC07631, DLB2425SLRC07629

राज.संवाद/सी/24/4971 अध्यक्ष अधिशाषी अधिकारी

# मंगलम् ग्रुप ने 100 बीघा कृषि भूमि पर बसा दी अवैध कॉलोनी 'फोरेस्टा'

## दिल्ली बाईपास रोड पर ग्राम टोडी से दौलतपुरा के बीच में काटी अवैध कॉलोनी

**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर में दिल्ली बाईपास रोड स्थित ग्राम टोडी से दौलतपुरा के बीच 100 बीघा कृषि भूमि पर मंगलम ग्रुप ने अवैध कॉलोनी "फोरेस्टा" बसा दी। इसके लिए जयपुर विकास प्राधिकरण से ना तो कोई परमिशन ली गई और ना ही भू-रूपांतरण कराया। भूमाफियाओं की तरह रातोंरात ही यह कॉलोनी काटकर इसमें मिट्टी-ग्रेवल व डामर की सड़कें, बाउंड्रीवाल समेत कई निर्माण कर दिए। सोमवार को जेडीए के मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा की टीम ने इस अवैध कॉलोनी पर कार्रवाई करते हुए तमाम अवैध निर्माण जेसीबी मशीनों की मदद से ध्वस्त किए।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-13 में दिल्ली रोड बाईपास पर निजी खातेदारी की 100 बीघा कृषि भूमि पर मंगलम ग्रुप द्वारा अवैध कॉलोनी 'फोरेस्टा' बसाने की जानकारी मिली। जब संबंधित जोन उपायुक्त से इस स्कीम से जुड़ी जानकारी मांगी गई तो मालूम चला कि कृषि भूमि का ना तो आवासीय रूपांतरण (90ए) कराया गया है और ना ही कॉलोनी बसाने की कोई परमिशन जेडीए प्रशासन से ली गई है। इस पर सोमवार को जेडीए की प्रवर्तन टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए तमाम अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। अब संबंधित जोन उपायुक्त को मंगलम ग्रुप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार जोन-13 स्थित ग्राम सेवापुरा में कचरा डिपो के पास भी करीब 27 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर इसी तरह दूसरी अवैध कॉलोनी बसाने के लिए रातोंरात कई निर्माण कर लिए गए थे। यहां पर भी ग्रेवल व डामर की रोड, बाउंड्रीवाल व प्लॉट्स के चिन्हिकरण का काम कर लिया गया था। दोनों जगहों पर ध्वस्तीकरण की खर्च राशि संबंधित लोगों से वसूली जायेगी।



**जयपुर विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने दिल्ली बाईपास रोड स्थित अवैध कॉलोनी फोरेस्टा में रातोंरात बनाई गई डामर सड़क व अन्य निर्माण ध्वस्त किए।**

- **मंगलम ग्रुप ने ना तो कृषि भूमि का कोई रूपांतरण कराया और ना ही जेडीए प्रशासन से कोई निर्माण स्वीकृति ली**
- **जे.डी.ए. की प्रवर्तन टीम ने रातोंरात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल रोड, बाउंड्रीवाल समेत अन्य अवैध निर्माण ध्वस्त किए**

# मानसरोवर में राधा गोविंद जूस सेंटर पर खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी की

## यहां पर जूस में हानिकारक रंग और पाम आयल का फ्रोजन डेजर्ट मिलाकर लोगों को पिलाया जा रहा था

**जयपुर** । मानसरोवर स्थित प्रतिष्ठित राधा गोविंद जूस सेंटर पर सोमवार को चिकित्सा विभाग की खाद्य सुरक्षा टीम ने छापेमारी की। यहां पर जूस में हानिकारक रंग और पाम आयल का फ्रोजन डेजर्ट मिलाकर लोगों को पिलाया जा रहा था।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि यहां फलों के भंडारगृह में और फ्रीज में भारी मात्रा में गंदगी पाई गई। फ्रोजन डेजर्ट और रंग डालकर जूस बनाए जा रहे थे। ताजे फलों से जूस बनाने के बजाय फलों को कई दिन पूर्व ही काटकर फ्रीज़ों में भर रखा गया था। साथ ही हानिकारक रंग और पाम आयल का फ्रोजन डेजर्ट मिलाया जा रहा था। डीप फ्रीजर में कई दिन पुराने कटे फल मिले जिन पर कोई टैगिंग नहीं थी। डीप फ्रीज़र में काली फंगस लगी हुई थी और साथ ही, गोदाम में सड़े हुए फल, चासनी, खुले में रखी चीनी, गंदी दीवारें, जंग लगी अलमारियां मिली यहां से मीडियम फैट फ्रोजन डेजर्ट , कीवी शेक, पपीता शेक का नमूना लिया गया, जिन्हें जांच हेतु प्रयोगशाला भिजवाया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

फर्म के भंडार गृहों में अत्यधिक गंदगी मिलने और फूड एटीकैट्स की अवहेलना के कारण एफएसएसए की धारा 32 के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस दिया जाएगा। इस कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, राजेश कुमार नागर और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे। ज्ञात रहे कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल एवं चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के निर्देश पर प्रदेश में "शुद्ध आहार-मिलावट पर वार" अभियान निरंतर जारी है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में सोमवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने इस छापेमारी को अंजाम दिया।



# अविचल चतुर्वेदी ने किया बच्चों से संवाद

**जयपुर** । राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक अविचल चतुर्वेदी ने राजकीय उच्च प्रथमिक विद्यालय करतारपुरा और राजकीय उच्च प्रथमिक विद्यालय बम्बाला (सांगानेर) में पहुंचकर प्रखर राजस्थान अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित रीड ए थॉन गतिविधि में सम्मिलित हुए। उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया तथा विद्यालय में अध्यननरत विशेष आवश्यकता वाली बालिका से लार्ज फोंट पुस्तिका पढवाकर बालिका का उत्साहवर्द्धन किया। चतुर्वेदी ने अजमेर के राजकीय अंध विद्यालय, आदर्श नगर के बालकों से वीडियो कॉल पर जुड़कर ब्रेल पुस्तक वाचन की प्रशंसा की। कलेक्टर भी प्रखर राजस्थान अभियान में सहभागी बने। जिला कलेक्टर-बांसवाड़ा डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने पीएमश्री महात्मा गांधी विद्यालय, खांदू कॉलोनी, कलेक्टर-बीकानेर नम्रता वृष्णि ने राजकीय अंध विद्यालय बीकानेर, कलेक्टर-भीलवाड़ा नमित मेहता, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, पुलिस लाइन, भीलवाड़ा में पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद कर अभियान को उत्साहपूर्वक संचालित करने के लिए प्रेरित किया।

अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक सुरेश कुमार बुनकर अभियान के दौरान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय शुभरामपुरा, जयपुर में पहुंचकर विशेष आवश्यकता वाले बालक से संवाद कर उत्साहवर्द्धन किया। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने प्रभार वाले जिलों में पहुंचकर कार्यक्रम में सहभागिता की।



# राज्य सूचना आयोग ने जे.डी.ए. जोन 6 उपायुक्त पर 15 हजार रु. जुर्माना लगाया

**जयपुर** । राजस्थान सूचना आयोग ने राज्य लोक सूचना अधिकारी एवं जे.डी.ए. उपायुक्त जोन-6 द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाने और राजस्थान सूचना आयोग के निर्णय की पालना नहीं करने पर उपायुक्त पर 15000 हजार रु. का जुर्माना और 15 हजार रु. क्षतिपूर्ति अधिरोपित करने का निर्णय दिया है। यह निर्णय परिवादी मुरलीपुरा स्कीम निवासी असीम मालावत के तीन अलग-अलग परिवार पर दिया गया है।

परिवादी की ओर से एडवोकेट भगवत गौड़ ने राज्य सूचना आयोग में पैरवी करते हुये उपायुक्त द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं करवाने को अधिनियम की जानबूझकर कर अवहेलना करना बताया। एडवोकेट गौड़ ने बताया कि परिवादी द्वारा अक्टूबर 2021 में तीन अलग अलग आवेदन प्रताप कर सूचना चाही थी, जिनकी सूचना उपायुक्त जोन-6 ने उपलब्ध नहीं करवायी थी। इस पर राजस्थान सूचना आयोग में तीन द्वितीय अपील प्रस्तुत की गयी थी, जिनका निर्णय सूचना आयोग ने फरवरी 2023 में करते हुये उपायुक्त जोन- 6 को सूचना उपलब्ध करवाने बाबत आदेश दिया था। उपायुक्त जोन-6 ने आयोग के द्वितीय अपील के निर्णय की पालना नहीं करने पर परिवादी असीम मालावत ने सूचना आयोग में तीन परिवाद प्रस्तुत किये जिनका निर्णय करते हुये मुख्य सूचना आयुक्त मोहन लाल लाठर ने उपायुक्त के कृत्य को सूचना का अधिकार अधिनियम की घोर उपेक्षा मानते हुये प्रत्येक परिवाद में पांच हजार रूपये जुर्माना आयोग में जमा करवाने और पांच हजार रूपये क्षितपूर्ति राशि परिवादी को अदा करने का निर्णय दिया है।

इस प्रकार उपायुक्त जोन-6 को तीन परिवाद पर जुर्माना राशि पन्द्रह हजार रूपये आयोग में जमा करवाने होंगे और पन्द्रह हजार रूपये परिवादी असीम मालावत को देनी होगी। एडवोकेट भगवत गौड़ ने बताया कि जुर्माना राशि और क्षितपूर्ति राशि उपायुक्त जोन-6 के वेतन से काटने का आयोग ने आदेश दिया है और आयुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण को निर्णय की प्रति भेजते हुये उपायुक्त जोन-6 के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करते हुये सर्विस बुक में अंकन करने का भी आदेश दिया है।

- **सूचना नहीं देने पर 15 हजार रु. की क्षतिपूर्ति राशि भी परिवादी को देने के आदेश भी दिए**

## सार-समाचार

### 'नि-क्षय मित्र बनाएं-टीबी हराएं' अभियान



**जयपुर** । प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर सोमवार को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से 'नि-क्षय मित्र बनाएं-टीबी हराएं' अभियान शुरू किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने शासन सचिवालय स्थित अपने कक्ष में पोस्टर का विमोचन कर अभियान की शुरूआत की। यह अभियान 9 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित किया जाएगा। राठौड़ ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर के मार्गदर्शन में प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में विभाग निरंतर जरूरी कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि ब्लॉकवार नि-क्षय मित्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित कर नियमित समीक्षा की जाए। अधिकाधिक जनभागीदारी सुनिश्चित कर टीबी के प्रति जागरूकता फैलाएं और इस अभियान को सफल बनाएं। उल्लेखनीय है कि 9 सितम्बर को 'प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान' का शुभारम्भ किया गया था।

### कवि सम्मेलन का आयोजन



**जयपुर** । "हर परिंदे को खुले आसमान का हक है" इसी भावना के साथ जयपुर टोंक रोड स्थित एक होटल में कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। पार्षद गोविंद छीपा ने बताया कि प्रतिवर्ष सितंबर माह के दूसरे रविवार को बर्ड फ्रीडम डे नामक संस्था इस तरह के आयोजन करती है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण महाभारत सीरियल में अर्जुन का किरदार निभा चुके फिरोज़ खान थे। शाम से ही रसिक श्रोता जुटने लगे थे जो रात 10 बजे तक कविताओं का आनंद लेते रहे। मुख्य आयोजक विपिन कुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम में महापौर डॉ सौम्या गुर्जर, समाज सेवी श्रवण बगड़ी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। किशोर पारीक, वरुण चतुर्वेदी, संतोष चारण आदि 11 कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की।

### बंधन बैंक देगा जीएसटी कलेक्शन सुविधा

**जयपुर** । बंधन बंक ने अब जीएसटी (वस्तु और सेवा कर) कलेक्शन की सुविधा शुरू कर दी है। अब बैंक के कस्टमर्स और नॉन-कस्टमर्स दोनों ही ऑनलाइन और ऑफलाइन तरीके से जीएसटी भर सकते हैं। इससे जीएसटी का पेमेंट करना काफी आसान हो गया है। बैंक के कस्टमर्स और अन्य लोग अब बैंक के रिटेल इंटरनेट बैंकिंग और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए जीएसटी पेमेंट कर सकते हैं। इसके अलावा, बैंक की किसी भी शाखा में जाकर कैश, चेक या डिमांड ड्राफ्ट से भी पेमेंट किया जा सकता है। बंधन बैंक के कार्यकारी निदेशक और मुख्य व्यवसाय अधिकारी, राजिंदर बब्बर ने कहा, "जीएसटी कलेक्शन की शुरुआत हमारे ग्राहकों के लिए सरकारी सेवाओं को और भी नजदीक लाने की दिशा में एक अहम् कदम है। सरकार जब व्यापार को आसान बनाने पर ध्यान दे रही है, बंधन बैंक अपनी बेहतरीन डिजिटल और तकनीकी क्षमताओं से सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है।" बंधन बैंक अब 36 में से 35 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मौजूद है, और पूरे भारत में 6300 से ज्यादा बैंकिंग आउटलेट्स के मजबूत नेटवर्क से 3.44 करोड़ से ज्यादा कस्टमर्स को सेवाएँ दे रहा है।

### नीमराणा फायरिंग मामले की शिकायत

**जयपुर** । अलवर जिले के नीमराणा में बदमाशों द्वारा दिनदहाड़े 32 राउंड फायरिंग करते हुए 5 करोड़ रु. की फिरौती की पर्ची थमाने के मामले की शिकायत प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरिराज खंडेलवाल ने गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार को दी है। उन्होंने कहा कि होटल हाइवे किंग पर बदमाशों ने पांच करोड़ रुपये वसूली की धमकी देते हुए बेतहाशा गोलियां चलायी। इसके बाद बेखौफ होकर फरार हो गये। यह घटना प्रदेश के आम नागरिकों व उद्योगपतियों में भय का माहौल पैदा कर रही है। चूंकि नीमराणा विश्व विख्यात औद्योगिक नगरी हैं, ऐसे में अगर यहां अपराधी इतने बेखौफ होंगे तो विदेशी कंपनियां यहां निवेश से कतराएंगी।

### हज के आवेदन 11 से 30 सितंबर तक

**जयपुर** । राजस्थान हज कमेटी के पास अब तक 2000 भी आवेदन नहीं मिले हैं। हज 2025 के लिये सेंट्रल हज कमेटी मुम्बई के द्वारा हज आवेदन की तारीख 13 अगस्त से 9 सितंबर रखी गई थी, परंतु हज कमेटी की गाईड लाईन 2025 की वजह से हज यात्री हज कमेटी से फार्म भरने में काफी सोच विचार कर रहे हैं। राजस्थान स्टेट हज कमेटी के सदस्य हाजी शाहिद मौहम्मद ने बताया कि सेंट्रल हज कमेटी की गाईड लाईन के अनुसार अबकी बार हज यात्रियों को मक्का-मदीना में महिलाओं ओर पुरुषों को अलग-अलग रखे जाने और मक्का में किचन की सुविधा बंद करने का भी मुख्य कारण है। रिजर्व केटेगरी के हज यात्रियों के साथ जो केम्पेनियन का आवदेन करने में भी कठिनाई है।

# महेन्द्र सोनी ने ली बैठक



**महिला एवं बाल विकास विभाग के शासन सचिव महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई।**

**जयपुर** । शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी ने राष्ट्रीय पोषण माह में बेहतर प्रदर्शन करने के अधिकारियों को निर्देश दिए गए। उन्होंने मुख्य प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) में राज्य स्तर पर निम्न प्रदर्शन करने वाले जिलों को प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए।

शासन सचिव महिला एवं बाल विकास महेन्द्र सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं, जयपुर (आईसीडीएस मुख्यालय ) में विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। शासन सचिव को आईसीडीएस निदेशक ओपी बुनकर ने विभागीय गतिविधियों एवं योजनाओं की बिंदुवार विस्तार से जानकारी दी।

शासन सचिव सोनी को निदेशक बुनकर ने राज्य में चल रहे राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने राज्य के राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन की भी जानकारी दी। शासन सचिव को विभाग के संरचनात्मक ढांचे, रिक्त पदों और विभागीय डीपीसी के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गई। विभाग रिक्त के पदों पर भर्ती करने के लिए राजस्थान लोक सेवा आयोग को भेजे जाने वाली अभ्यर्थना की भी शासन सचिव को जानकारी दी गई। बैठक में अतिरिक्त निदेशक चान्दमल वर्मा, अतिरिक्त निदेशक मेघराज सिंह मीना, अतिरिक्त निदेशक संजय शर्मा, संयुक्त परियोजना समन्वयक डॉ. मंजु यादव और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# एस.बी.आई. जयपुर मंडल ने किया पौधारोपण

**जयपुर** । भारतीय स्टेट बैंक (एस.बी.आई.) जयपुर मण्डल की ओर से 5 सितम्बर को अमृतादेवी पर्यावरण नागरिक (अपना) संस्थान जयपुर के माध्यम से राजकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, कंवर नगर, जयपुर में वृक्षारोपण किया गया। कार्यक्रम में भारतीय स्टेट बैंक के स्वतंत्र निदेशक धर्मेंद्र सिंह शेखावत, महाप्रबंधक ऋतु गौड़, बैंक के उप महाप्रबंधक, सहायक महाप्रबंधक एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

स्वतंत्र निदेशक शेखावत ने कहा कि केवल "प्लान्ट फॉर मदर" ही काफी नहीं है, बल्कि "प्लान्ट फॉर एवरी फ़ैमिली मैंबर" के ध्येय को अपनाना होगा। ज्यादा से ज्यादा ऐसे पेड़ लगाने होंगे, जिनकी चिकित्सयी उपयोगिता हो जैसे कि कदंब, पीपल, बड़, नीम इत्यादि।

उन्होने एसबीआई द्वारा बैंक के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रेटर नगर निगम एरिया में 15 हजार वृक्ष लगाने के इस प्रयास का भी विशेष उल्लेख किया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की महाप्रबंधक गौड़ ने मानव के लिए वृक्षों का महत्व बताया।

# आई.ए.एस. श्रुति भारद्वाज ने किया जयपुर डेयरी प्लान्ट का निरीक्षण

**जयपुर** (कासं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी श्रुति भारद्वाज ने राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक पद का कार्यभार संभाल लिया है।

पदभार संभालने के बाद उन्होंने जवाहर लाल नेहरु मार्ग स्थित सरस संकुल मुख्यालय में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने डेयरी फैडरेशन और इससे सम्बद्व जिला दुग्ध संघों की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सरस ब्राण्ड के दूध और दुग्ध उत्पादों की उच्च गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जावेगा। उन्होंने राजस्थान राज्य में डेयरी विकास के क्षेत्र में निजी डेयरियों से प्रतिर्स्पधा की चुनौतियों के लिये तैयार रहने और सहकारी डेयरी की विशिष्ठ पहचान बन चुके सरस ब्राण्ड को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का आहवान किया।

इसके साथ ही, ग्लोबल मार्केट में सरस ब्राण्ड के लोंगलाईफ मिल्क प्रोडक्टस की सम्भावनाओं को तलाशने के निर्देश दिये। उन्होंने दिसम्बर माह में राज्य सरकार की प्रस्तावित इंवेस्टर्स समिट राईजिंग राजस्थान में डेयरी फैडरेशन की प्रतिभागिता की तैयारी के निर्देश भी दिये। श्रुति भारद्वाज ने आज ही जयपुर डेयरी प्लान्ट का भ्रमण किया। उन्होंने जयपुर डेयरी के नवीन डेयरी संयंत्र, पाउडर प्लान्ट, टेट्रापेक प्लान्ट, घी प्लान्ट आदि का निरीक्षण किया और जयपुर डेयरी द्वारा प्लान्ट परिसर में हाईजनिक कंडीशंस पर संतोष जाहिर किया। जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओम पूनिया ने उन्हें जयपुर डेयरी की आर्थिक एवं भौतिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर फैडरेशन के वित्तीय सलाहकार ललित वर्मा और महाप्रबन्धक (परियोजना) प्रीतेश जोशी भी मौजूद रहे।



**राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक का पद संभालने के बाद श्रुति भारद्वाज ने जयपुर डेयरी प्लांट का औचक निरीक्ष किया। इसके बाद अधिकारियों की बैठक लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की।**

# सड़क निर्माण के 15 लाख रु. के काम में ऐसी शर्त डाल दी कि सीमेंट कंपनी ही ले सके टैंडर

## जे.डी.ए. जोन-7 के अधिशाषी अभियंता ने पहले सिंगल फर्म को मंजूरी दी, अब वर्क ऑर्डर देने की तैयारी

**जयपुर** (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के जोन-7 में अधिशाषी अभियंता ने अपने स्तर पर सीमेंट सडत्रक बनाने का काम सिंगल फर्म को दे दिया। टैंडर भरने में भी ऐसी शर्त लगा दी कि कोई दूसरी कंपनी भाग ही नहीं ले सकती। इसके बाद अब इस टैंडर को मंजूरी देकर जोन 7 के एक्सईएन तरूण सिंघल ने ठेकेदार को वर्क आर्डर देने की तैयारी कर ली है।

सूत्रों की मानें तो जेडीए जोन-7 में सीमेंट सड़क बनाने का काम होना है। इसके लिए 15 लाख का टैंडर जारी किया गया था। इस टैंडर में कुछ ऐसी तकनीकी शर्त डाल दी जो सिर्फ सीमेंट बनाने वाली कंपनी ही पूरा कर सकती है। तकनीकी शर्त होने के कारण उदयपुर की एक सीमेंट कंपनी केमको लिमिटेड ने 15 लाख का टैंडर भर दिया। स्थानीय ठेकेदारों ने इस कार्य का विरोध भी किया लेकिन अधिशाषी अभियंता तरूण सिंघल के आगे उनकी एक भी नहीं चली। इन ठेकेदारों का कहना था कि 15 लाख का टैंडर तो डी क्लास श्रेणी का ठेकेदार भी भर सकता है, ऐसे में उन्हें इस ठेके में भाग लेने से वंचित रखा गया। इस कारण ठेका निरस्त कर दुबारा निविदा जारी की जानी चाहिए। साथ ही विवादित शर्तों को भी हटाया जाना चाहिए।

सूत्रों के मुताबिक जोन-7 के इंजीनियर्स सीमेंट सड़क बनाने का यह काम अपनी चहेती फर्म केमको लिमिटेड को देना चाहते थे, चूंकि कार्य की अनुमानित लागत मात्र 15 लाख रु. ही थी। ऐसे में डी श्रेणी के ठेकेदार भी आर.टी.पी.पी. एक्ट के मुताबिक इस कार्य के लिए निविदा में भाग ले सकते थे। यह प्रतिस्पर्धा खत्म करने के लिए इस निविदा में तकनीकी शर्त बदल दी गई। सूत्रों की मानें तो टैंडर में सफल रही केमको कंपनी ने भले ही यह काम करने की सहमति दे दी हैं, लेकिन असल में वह भी इस कार्य को किसी अन्य ठेकेदार को पेटी कांटेक्ट पर देना चाहती है। सूत्रों की मानें जब इस टैंडर की शिकायत अभियांत्रिकी निदेशक तक पहुंची तो उन्होंने भी सिंगल फर्म वाले इस टैंडर को निरस्त करने के निर्देश दिए थे, लेकिन उच्चाधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी जोन-7 के अधिशाषी अभियंता ने निविदा निरस्त नहीं की। अब इस फर्म को वर्क ऑर्डर देने की तैयारी में जुटे हैं।

- **सूत्रों की मानें तो 15 लाख रु. के टैंडर में नियमानुसार डी श्रेणी का ठेकेदार भी भाग ले सकता है, लेकिन चहेती फर्म को काम देने के लिए इंजीनियर्स ने तकनीकी शर्त ही बदल दी**
- **इसका नतीजा यह हुआ कि टैंडर में सिर्फ उदयपुर की एक सीमेंट निर्माता कंपनी केमिको लि. ने निविदा में हिस्सा लिया, बाकी ठेकेदार इस टैंडर में भाग ही नहीं ले पाए**
- **जब ठेकेदारों ने अभियांत्रिकी निदेशक से इस मामले की शिकायत की तो उच्चाधिकारियों ने इस निविदा को निरस्त करने के निर्देश दिए, इसके बावजूद जोन-7 के अधिकारी फर्म को वर्क ऑर्डर देने की तैयारी में जुटे हैं।**

# मुख्यमंत्री जन आवास हो अथवा अन्य निर्माण, गुणवत्तापूर्ण कार्य होने चाहिए : वैभव गालरिया

**जयपुर** । नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव और हाऊसिंग बोर्ड चेयरमैन वैभव गालरिया ने सोमवार को आवासन मंडल मुख्यालय में वरिष्ठ अफसरों की बैठक ली। उनके साथ आवासन आयुक्त डॉ. रश्मि शर्मा भी मौजूद रहीं। गालरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जन आवास योजना हो या अन्य कोई भी निर्माण, राजस्थान आवासन मंडल की प्राथमिकता गुणवत्ता होना चाहिए। उन्होंने आवासन मंडल द्वारा किए जा रहे आगामी निर्माण कार्यों और नीलामी प्रक्रिया पर चर्चा की। नीलामी और आवंटन प्रक्रिया में तेजी लाने, प्रोजेक्ट्स समय पर पूरे करने तथा भूमि अधिग्रहण संबंधी लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। गालरिया ने कहा कि राजस्थान आवासन मंडल की ओर से किए जा रहे सभी कार्य चाहे वो साधारण निर्माण हों या फिर मुख्यमंत्री जन आवास योजना, सभी को समय पर पूरा करने पर फोकस किया जाना चाहिए। ऐसा भी ना हो कि तेजी के कारण गुणवत्ता को भूल जाएं।



## World Suicide Prevention Day

Every year on September 10th, we mark *World Suicide Prevention Day*. This day shines a spotlight on a critical issue, aiming to reduce the stigma around talking about suicide and to increase awareness about how we can prevent it. It's a day when organizations, governments, and people across the globe come together to send a clear message, 'actions can create hope, and it's possible to prevent suicide.' The importance of World Suicide Prevention Day lies in its goal to save lives. More than 703,000 people die by suicide annually, worldwide.



#TRENDING

# Upcoming Concerts in India worth travelling for

These performances are worth the cross-country trip



Festival season is upon us and India's music scene is brimming with exciting events. As the weather takes a turn for the better, stages pop up across India, drawing music enthusiasts to different corners of the country to see their favourite artists and discover new acts. Whether you're a punk-rock fan or looking to delve into folk music, these upcoming music events promise a unique experience worth travelling for.

## October : Jodhpur RIFF

*What you can expect*: Set against the backdrop of the 15th-century Mehrangarh Fort, Jodhpur RIFF takes place on *Sharad Purnima*, under the brightest full moon of the year. This open-air festival offers an enchanting atmosphere, with performances spread across multiple venues within the fort, such as the *Jaswant Thada* and the *ancient chhatris*. This year's line-up promises a playful blend of global and Indian music, featuring French musician, Eric Mouquet and India's Sona Mohapatra. Don't miss the rising Rajasthani roots group 'SAZ,' adding to the festival's rich showcase of folk music, all set in the magical ambiance of the blue city.

**When:** 16-20 October, 2024
**Where:** Mehrangarh Fort, Jodhpur
**Cost:** Rs. 5,310 onwards

## November : Dua Lipa

*What can you expect*: Dua Lipa is returning to India, headlining the second edition of the Feeding India concert in Mumbai, a charity event supporting hunger relief efforts. After her debut in 2019, you can look forward to dancing along to hits like *Levitating* and *Don't Start Now*. The night will also feature performances from supporting acts of Jonita Gandhi and Talwiinder, ensuring a full line-up of unforgettable music.

**When:** 30 November, 2024
**Where:** MMRDA Grounds, Mumbai
**Cost:** Rs. 3,500 onwards

## November : Bandland

*What you can expect*: Bandland is back in Bengaluru, and this year promises to be bigger than before. Headlined by rock giants, *Avenged Sevenfold* and *Extreme*, the two-day festival will feature two stages and performances by 12 heavyweight artists. Expect electrifying sets from Sutej Singh and Thaikkudam Bridge, Zero and Bloodywood. From punk to metal and classic rock, this outdoor festival is a must for those seeking a window into India's live rock music scene.

**When:** 23-24 November, 2024
**Where:** NICE Grounds, BIEC: Bengaluru
**Cost:** Rs. 3,999 onwards

## December : Echoes of Earth

*What can you expect*: The 7th edition of 'India's greenest music festival' is set to take place this year amidst lush greenery. This year's theme, 'Symphony of Seasons,' is reflected in the striking design and installations like the Jungle Stage, the Kraken-Giant Pacific Octopus, the Big Beak-Great Indian Hornbill, and The Ghost-Horned Ghost Crab. Known for its sustainability initiatives, the festival incorporates upcycled materials, solar-powered stages, and zero-waste practices. Expect a vibrant atmosphere as you enjoy performances from Mount Kimbie, Cobblestone Jazz, Shubh Saran, and many more across genres. Plus, it's one of the few festivals where pets are welcome.

**When:** 7-8 December, 2024
**Where:** Bengaluru
**Cost:** Rs. 5,999 onwards

## December : Magnetic Fields

*What can you expect*: Magnetic Fields is set to mark its 10th anniversary with the theme 'Unified Field,' offering a unique boutique festival experience in the village of Alsisar in Rajasthan. The festival blends contemporary music with a deep commitment to the local community, supporting various local initiatives and fostering a spirit of unity. Though, the full line-up is not out yet, expect a celebration of eclectic sounds, artistic expression and cultural immersion.


**When:** 6-8 December, 2024
**Where:** Alsisar Mahal, Rajasthan, India
**Cost:** Rs. 18,250 onwards





# India moving in with Considerate but Tiny Steps

PART:2



The four major focus areas for the India-Africa partnership are military exchanges in the context of security of the Indian Ocean, physical and digital infrastructure, healthcare, pharma and vaccines and start-up ecosystem. The African nations have benefited from *India's Duty Free Tariff Preference scheme,* which provides duty-free access to 98.2 per cent of India's total tariff lines. The trade between India and African countries has been balanced with exports of trade and services of about $40 billion and imports of $49 billion.

● Neelotpal Mishra

Historical ties with Africa started in 1955 when the governments of Burma, India, Indonesia, Pakistan and Sri Lanka co-sponsored the Bandung Conference and they brought together an additional twenty-four nations from Asia, Africa and the Middle East. The delegates built upon *Panchsheel* (the Five Principles of Peaceful Coexistence) as they sought to build solidarity among the recently independent nations. India has always believed in '*Vasudhaiva Kutumbakam*,' the World is *One Family*. Therefore, India engages with each country as an equal, and focuses on common aspirations.

President Trump at the 2017 APEC Summit in Vietnam envisioned of Indo-Pacific partnership to check the rise of China. The Indo-Pacific partnership has put India into centre stage. This has led to strategic convergence with the US that would help to contain China's hegemony.

India's geopolitical interests includes the South-South cooperation, UNSC reforms, Competition with China, Cooperation in global issues such as climate change and WTO reforms. The Geo-economic interest of energy security, rare earth minerals, the supply of Uranium, other mineral resources and a growing population of Africa provides for new opportunities for goods and services exports from India. Geostrategic interest entails the Maritime security especially on the East coast of Africa. These countries are important for peace and prosperity of the Indian Ocean region, trade relations across and beyond Africa, and also the interests of Indian diasporas in Africa.

For India to progress and secure its geostrategic interests, India has embarked on an 'African Safari' as Africa is no longer a 'Hopeless Continent' but 'A Hopeful Continent' due to its resources, market and aspirations. To offset China's influence in Africa, India has been acutely responsive to the changing priorities and requirements of African countries. India's main aim is to help with human resource development in Africa contrary to what China is doing i.e., imposing their culture and exploiting the natural resources with no benefit to the citizens of those countries. There has been unprecedented outreach of India to Africa in the last five years with many important visits to Africa.

### Economic Measures

India has increased its credit flow to Africa, making Africa the second-largest beneficiary of Indian credit. Forty-two African nations received about $12 billion or 38% of all credit extended by India in the last decade. India has established over 195 project-based lines of credit throughout Africa. Africa has made good use of credit lines, with projects that include healthcare, infrastructure, agriculture, irrigation, energy, transportation, social housing, water and defence. India is seeing a steady increase in demand as these projects bring a lot of benefits to the economy.

This is in contrast to China as India lets the African governments decide what they need and doesn't burden them with the sort of projects that Beijing is often critiqued for. Training decision makers from African countries on the dual problems of centralized decision-making and poor regulation of Chinese investment can be a possible start that could enable the African countries to avoid extravagant and exploitative interactions, pushing back on such schemes by China. China's loans to Africa may have dipped, but they are still 11 times higher.

*India's CII-EXIM Bank Conclave on India-Africa Project Partnership* is a regular feature since 2005. These editions now focus on infrastructure development, trade finance, education and training, agriculture and food processing, consultancy services and healthcare, investments, exchange of knowledge and expertise, creating shared value for business and industry, in addition to other areas where Indian companies have steadily increased their presence over the years in Africa.

The four major focus areas for the India-Africa partnership are military exchanges in the context of security of the Indian Ocean, physical and digital infrastructure, healthcare, pharma and vaccines and start-up ecosystem. The African nations have benefited from *India's Duty Free Tariff Preference scheme*, which provides duty-free access to 98.2 per cent of India's total tariff lines. The trade between India and African countries has been balanced with exports of trade and services of about $40 billion and imports of $49 billion.

### India's Ties with Africa

India has also always stood by its friends in times of need, by extending support in the form of Humanitarian Assistance and Disaster Relief, often as a first responder. India elevated the engagement with Africa by hosting a summit in Delhi for all the African leaders, unveiling sustained high-level political contact, expanding India's diplomatic footprint, strengthening economic engagement and boosting military diplomacy. India focuses on four areas of cooperation with Africa i.e., maritime cooperation, connectivity, UN Sustainable Development Goals 2030 and economic development.

The Indian government under the leadership of Prime Minister Narendra Modi has been actively promoting stronger ties with Africa, aiming to enhance economic and diplomatic connections. Over the past nine years, India has established 18 out of 25 new embassies or consulates in African countries. The Prime Minister has also been actively promoting India as a prominent voice for the *Global South* as a single political actor by organising the online *Voice of Global South Summit* in January 2023. To counter China and be less dependent on Russia, the formulation of the Global South strategy became a new axis of India's diplomacy. This strategy benefits African countries and India, as India understands the North-South problem. India is a member of the AU Partners Group (since AU's inception), which meets periodically in Addis Ababa. Requests are made to India to conduct sector specific training courses for country specific requirements under our *ITEC* programme, which spans more than 160 countries. Democracy brings about a different set of priorities, and accordingly, the type of request for development partnership also changes. The ITEC programme is being transformed into new and innovative areas like e-ITEC to reach larger numbers. The new tele-education and tele-medicine project *'eVidya Bharti Arogya Bharti'* (eVBAB) will bring India and Africa even closer. India is now getting into Trilateral Cooperation with third countries for taking up projects in Africa.

There is a changing face of security and defence in the African continent as Africa is more acutely aware now than ever before. There is a need to combat violence, radicalization and terrorism if development has to become sustainable. Indian peacekeepers have been deployed in over a dozen UN peacekeeping missions in Africa, since our first mission in Congo in 1960. Today, over 5,000 Indians serve in five peacekeeping operations in Africa. Indian women established a landmark with the first *all female Police Unit* of the United Nations in Liberia. The defence and security cooperation is growing with nations in Africa, for counter-terrorism and piracy and keeping our seas secure. Indian Military Training Teams are being deputed to their National Defence Academies of many African countries, starting with Uganda a few years back. Nigeria has signed a USD 1 billion deal with India to boost defence industry.

On 9 September 2023, members of G-20 unanimously accepted India's proposal of converting the African Union's permanent guest status to permanent membership. This lends India huge diplomatic clout in Africa. Gains for India from African Union's entry in G-20 are immense as it solidifies India's status as a key player in global governance, a nation championing inclusivity and diversity on the international stage and also highlights debt challenges faced by developing economies. This also helps India in gaining a unique opportunity to create a more diverse and representative platform, aligning perfectly with India's own global aspirations to foster a multipolar world. As countries in the Global South continue to rise in prominence, it would be imperative for the institutions like G-20 to become more reflective of today's diverse global landscape and the membership in the G-20 would give African nations a *direct say* in tackling major global challenges, including economic growth, climate change, and sustainable development.

India's efforts in offering African countries a platform to represent their economic interests at a global level might get translated into trust, which will improve economic, strategic and diplomatic relations between India and African States. The permanent membership of the AU at G20 is also in sync with India's aspiration for permanent membership in the UNSC, as support from the AU, which has 55 votes, will be crucial. Keeping in mind India's selected theme of "One Earth, One Family, One Future" in the G20 Presidency, the Indian government is now viewed as a dependable partner.

### The Path forward

India lacks diplomatic presence in Africa as India has an embassy only in 29 out of 54 African countries, therefore, India must boost its presence in all African countries. A lot of African countries are suffering from political instability. Thus, pan-African strategies will not work as Africa is not homogenous. India could have ties with multiple regional associations of Africa and individual countries can mutually be benefited.

Developing countries are already looking to partner African countries in their developmental path. In Africa's pursuance of 'Africa-owned' and 'Africa-led' development, India's endeavour to base the partnership on the principles of equality, mutual respect, solidarity and mutual benefit would go a long way. Sustained connection with the people of Indian origin, who have played a key role in socio-economic development of their adopted countries in Africa, is vital as they will continue to be a living bridge.

India could help Africa to leapfrog into Industry 4.0, as Africa searches for modern technology that will positively impact the lives of its citizens. India has made this journey and development partnership should be versatile, technology intensive and a vehicle for sharing cutting edge technology, especially digital technology and artificial intelligence. The first pilot e-ITEC course was conducted for two countries in Africa on Big Data Analytics with Indian Institute of Technology Madras. Going forward, India should work with Africa to address the challenge of the knowledge, technology and digital divides so that the 4th industrial revolution is an inclusive one.

India hosts a multinational military exercise '*AFINDEX*' with militaries of African countries. In addition to this, India also hosted the first Army Chiefs conference. This could become a regular feature with more permanent joint training teams like the one in Uganda stationed across Africa. Alumni relations with personnel trained in India and personnel trained by Indians in Africa should be developed for increased cooperation.

ITEC scheme should be enhanced to more African countries and unused vacancies could be allocated to other countries. Yoga institutes, Ayurvedic institutes and increase in cultural programmes should help a great deal in establishing people-to-people contact. Scholarships to more students on exchange programmes should help in creating a bond amongst the future leaders.

**Concluded.**

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#WORLD VIEW



Prime Minister, Narendra Modi with South African President, Jacob Zuma.

> India's efforts in offering African countries a platform to represent their economic interests at a global level might get translated into trust, which will improve economic, strategic and diplomatic relations between India and African States. The permanent membership of the AU at G20 is also in sync with India's aspiration for permanent membership in the UNSC, as support from the AU will be crucial.






#ANTARCTICA

# When was the last time Antarctica was ice-free?

Antarctica is covered by a miles-thick ice sheet, but was that always the case? And when was the coldest continent ice-free?

Antarctica, which is nearly four times the size of the United States, is almost entirely covered by a miles-thick layer of ice.

But the South Pole hasn't always been frozen. So, when was the last time that Antarctica was ice-free?

This ice cap formed relatively recently in geological terms, experts say. "I think most people would say 34 million years ago was when the ice sheet first formed in Antarctica," said Eric Wolff, a Paleoclimatologist at the University of Cambridge. "(Previously) most of it would have been like northern Canada today, tundra and coniferous forest."

Global temperatures are a key factor influencing the extent of ice coverage. Around 50 million years ago, the world was about 25 degrees Fahrenheit (14 degrees Celsius) warmer than it is today, but temperatures steadily decreased over the following 16 million years. By 34 million years ago, a time period known as the Eocene-Oligocene boundary, the climate was 14.4 degrees F (8 degrees Celsius) warmer than it is today.

But what triggered this temperature drop, and was that all it took for the ice sheets to form?

"There are two factors, and probably, both were in play," Wolff told Live Science. "One of them is a change in the carbon dioxide concentration of the atmosphere, and the other is the movements of the continents and, in particular, the opening up of the Drake Passage, the strait between South America and Antarctica that connects the South Atlantic with the South Pacific."

The more carbon dioxide that's in the atmosphere, the more heat is trapped and the warmer the planet is. "From about 60 million to 50 million years ago, the carbon dioxide concentration in Earth's atmosphere was really high, somewhere around 1,000 to 2,000 parts per million, or between 2.5 to 5 times today's levels," said Tina van de Flierdt, a Geochemist at Imperial College London.

"But we know that the $CO_2$ in the atmosphere came down across that Eocene-Oligocene boundary," she told Live Science. "This decrease in atmospheric $CO_2$ would have been accompanied by a cooling of the global climate," she added, "probably tipping Earth over a threshold and allowing ice sheets to form."

"However, there was also localized cooling (likely) on the Antarctic continent due to plate tectonics," Wolff said. Around this time, South America and Antarctica finally separated, opening up what's now the Drake Passage.


"This led to what we call a circumpolar current, water going right around Antarctica in a circle," Wolff said. "This isolates Antarctica from the rest of the world and makes it much harder for warm air masses to get across the Southern Ocean and, therefore, makes Antarctica colder." "By looking at the oxygen isotopes in the carbonate shells of small sea creatures in ocean sediments, you see a jump around 34 million years ago, which people take as being because the (lighter) oxygen isotope is going onto the continent of Antarctica," Wolff explained.

As for whether Antarctica could ever be ice-free again, "It's definitely possible," van de Flierdt said. "Planet Earth has done it before. Planet Earth could do it again." "While it's unlikely that human activity will lead to the complete melting of the ice sheet, it's important we do everything possible to limit the loss of ice from the Antarctic now," she added. "It's in our hands to avoid the worst-case scenario," van de Flierdt said.

Plate tectonics also directly influenced carbon dioxide levels. Rock weathering and volcanic activity are both part of the carbon cycle. So, over thousands of years, geological processes can shift the balance of gases in the atmosphere.


Although some uncertainty remains, researchers are fairly confident about this transition 34 million years ago, thanks to the chemical signatures in rock sediments. Oxygen atoms exist in two forms, oxygen-16 (common oxygen) and oxygen-18 (heavy oxygen). Continental ice contains a higher proportion of the lighter oxygen-16, meaning the oceans, and, therefore, the shells of small sea creatures, contain a higher percentage of oxygen-18 when ice sheets are bigger.







## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman




# कामां कस्बे में डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा तोड़ने पर विरोध

**कामां** (निस)। कामां कस्बां में एक बार फिर 18 दिन बीतने के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित कर दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

घटना देर रात 2 बजकर 26 मिनट की है। बीती रात को दो युवक अंबेडकर पार्क पर आए और जिसमें एक युवक अपने मूंह पर गमछा बांधकर अपनी पहचान छुपाते हुए पार्क की दीवार को कूद आया और पत्थर से प्रतिमा की उंगली तोड़कर फरार हो गया। वहीं इस घटना को लेकर सांसद संजना जाटव ने कडी निन्दा करते हुए आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है। इस मौके पर सांसद संजना जाटव ने भाजपा सरकार को दलित विरोधी बताया। इस घटना की सूचना मिलने पर जाटव समाज एकत्रित हो गए और अम्बेडकर पार्क पर अवरोधक व टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जहां आग को बुझाने के लिए अम्बेडकर पार्क पर पहुंची नगर पालिका की दमकल पर भी प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर भगा दिया। और दमकल को क्षितग्रस्त कर दिया।

इसके बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पुलिस प्रशासन ने मामला शांत कराया। यहां से फिर प्रदर्शनकारी कस्बां के दिल्ली बाईपास चौराहा पर पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए कामां कोसी मार्ग पर जाम लगा दिया। जहां जुरहरा थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह राजावत ने प्रदर्शनकारियों से समझाईश करते जाम खुलवा दिया। वहीं कामां के एएसपी सतीश यादव,डीग के एएसपी गुमनाराम,डीग के एडीएम संतोष कुमार मीणा,पहाडी एसडीएम सुनीता यादव,कामां सीओ धर्मराज चौधरी,कामां थाना प्रभारी मनीष शर्मा सहित कामां तहसीलदार मामराज शर्मा मामले को शांत कराने का प्रयास करते रहे। वहीं इस घटना को लेकर डीग के एसपी राजेश कुमार मीणा कामां में ही कैम्प किए हुए है। वहीं पुलिस ने आस पडोस के सीसीटीवी कैमरों को खंगालते हुए पूछताछ के लिए कस्बां के पांच युवकों को हिरासत में लिया है।



कामां कस्बां में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को खंडित करने पर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया।

कस्बां के अम्बेडकर पार्क में हाल ही में 23 अगस्त को लगाई गई डा.भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा को बीती रात करीब 2 बजकर 26 मिनट पर दो युवक पार्क के बाहर पहुंचे। उसमें से एक युवक पार्क के बाहर खड़ा रहता। दूसरा युवक अपने मूह पर गमछा लगाकर पार्क की दीवार फांदकर पार्क के अंदर कूदा। युवक के हाथ में पत्थर था। उसने पत्थर से अंबेडकर की प्रतिमा की उंगली तोड़ी और फरार हो गया। सुबह जब इसके बारे जाटव समाज के लोगों को पता लगा तो घटना से नाराज लोग अंबेडकर पार्क में इकट्ठे हुए। जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने अम्बेडकर पार्क के सामने जुरहरा रोड पर सुबह 8 बजे अवरोधक लगाकर व टायर जलाकर जाम लगाकर दिया। जहां आग को बुझाने के लिए पहुंची नगर पालिका की दमकल पर प्रदर्शनकारियों ने पथराव कर दिया। जिससे उसके शीशे टूट गए। और इस पथराव में दमकल के चालक रामवीर सिंह व फायर मैन सियाराम गुर्जर चोटिल हो गए। और दमकल को लेकर अपनी जान बचाते हुए भाग गए।


इसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कस्बां के दिल्ली बाईपास चौराहा पर पहुंचकर घटना का विरोध जताते हुए कोसी मार्ग पर अवरोधक डालकर जाम लगा दिया। और जमकर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। इसके बाद जुरहरा थाना प्रभारी योगेन्द्र सिंह राजावत ने लोगों समझाईश की और अब प्रदर्शनकारी अम्बेडकर पार्क में धरना देकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। प्रशासन लगातार समझाइश की कोशिश में लगा हुआ है। डीग के एसपी राजेश कुमार मीणा ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। और शीघ्र ही आरोपियों को पकड लिया जाएगा।

# डूंगरपुर में एक मकान पर फहराया फिलिस्तीनी झंडा

## पुलिस के पहुंचने से पहले उतारा, 13 वर्षीय नाबालिग के साथ मां को किया डिटेन

**डूंगरपुर,** (निसं)। कोतवाली थाना क्षेत्र के पातेला मोहल्ले में एक मकान पर फिलिस्तीनी झंडा फहराया गया। झंडे के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर होने के बाद पुलिस और खुफिया विभाग अलर्ट हो गया, लेकिन पुलिस के पहुंचने से पहले ही झंडे को उतार लिया गया। पुलिस ने घर से झंडे को बरामद कर लिया है। वहीं, झंडा फहराने वाले नाबालिग युवक और उसकी मां को डिटेन कर लिया है। पुलिस और खुफिया विभाग फिलिस्तीनी झंडा डूंगरपुर तक कैसे आया इसकी पड़ताल में जुटे हैं।

एएसपी अशोक कुमार ने बताया कि शहर के पातेला मोहल्ले में एक रिहायशी मकान पर फिलिस्तीनी झंडा लहराने की सूचना मिली। घर पर झंडा लगे हुए फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर हो रहे थे। जिस पर पुलिस और खुफिया विभाग की टीम अलर्ट हो गई। कोतवाली सीआई भगवान लाल टीम के साथ पुलिस टीम घर को खोजते हुए पहुंच गई, लेकिन झंडे को उतार लिया गया। वहीं, मकान की पहचान करते हुए पुलिस ने पड़ताल की। मकान में एक नाबालिग लड़के के साथ ही उसकी मां रहती है। 13 वर्षीय नाबालिग 10वीं कक्षा में पढ़ाई करता है।



पातेला मोहल्ले में एक मकान पर लहराता फिलिस्तीनी झंडा।


पुलिस ने मकान की तलाशी में फिलिस्तीन का झंडा बरामद कर लिया, जिसमें काला, सफेद और ग्रीन कलर के झंडे के साथ ही लाल कलर का त्रिभुज बना हुआ है। घर पर फिलिस्तीन के झंडे के साथ ही कई दूसरे धार्मिक झंडे पर फहराए हुए थे। पुलिस ने नाबालिग के साथ ही उसकी मां को डिटेन कर लिया है। पुलिस ओर खुफिया विभाग पातेला मोहल्ले में युवक तक झंडा कैसे पहुंचा। इसकी जांच में जुटी है। वहीं, झंडे को लेकर परिवार के लोगों की ओर से भी कोई रोक टोक नहीं की गई। पुलिस झंडा कैसे और किसने लाकर दिया। वहीं, मकान पर फिलिस्तीन के झंडे को लहराने के मकसद को लेकर पूछताछ कर रही है।

# जलदाय विभाग की प्रमुख लाइन क्षतिग्रस्त

## 4 दिन से आधे चाकसू की पेयजल सप्लाई बंद

**चाकसू,** (निसं)। कस्बे के मनोहरा तालाब की टूटी हुई पाल की तरफ से गुजर रही पुलिस थाने की पानी की टंकी की मेंन लाइन क्षतिग्रस्त होने के चलते आधा चाकसू चार दिनों से पेयजल सप्लाई को तरस रहा है।

गत 5 सितंबर गुरुवार रात्रि को मनोहर तालाब की पाल टूटने के बाद तालाब का पानी कच्ची बस्ती की ओर चला गया था। इसी दौरान प्रशासन की ओर से टूटी हुई पाल को दुरुस्त करने के दौरान यहां से गुजर रही मैन सप्लाई की लाइन टूट गई थी जिससे क्षेत्र के मामोडियों का मोहल्ला, बागवानियों का मोहल्ला, शिवालों का मोहल्ला, डोबलों का मोहल्ला, नागोरी का मोहल्ला, आजाद कृषि फार्म इलाके, सूर्य कॉलोनी सूरजकुंड सहित लगभग आधा चाकसू चार दिनों से पेजल सप्लाई नहीं पहुंच पा रही है। चार दिनों में भी पाइपलाइन के सही नहीं होने से यहां के लोग काफी गुस्से में दिखाई दे रहे हैं और प्रशासन के प्रति आक्रोश दिखा रहे हैं। वही लोग पीने के पानी सहित अन्य जरूरत की पूर्ति के लिए पानी की तलाश में यहां वहां भटकते रहे या महंगी दरों पर टैंकरों आदि से मंगवाने के लिए मजबूर है। जलदाय विभाग जेईएन दिलखुश मीणा ने बताया कि रविवार को क्षतिग्रस्त लाइन को बदलवाया गया था लेकिन दुर्भाग्य से लाइन को चालू करने के दौरान वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। लोहे का पाइप मंगवाकर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन को दुरुस्त करवाकर पेयजल सप्लाई को सुचारू करवाया जाएगा।



प्रमुख लाइन के क्षतिग्रस्त होने से पानी की समस्या हो गई।

# पद्मश्री डॉ.चन्द्र प्रकाश देवल, डॉ.कीर्ति शर्मा व शंकर सिंह राजपुरोहित को मिला राजस्थान रत्नाकर पुरस्कार

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारतीय संस्कृति दुनिया में सबसे श्रेष्ठ संस्कृति हैं। इसमें भी राजस्थान की संस्कृति सबसे बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी भारत के सांस्कृतिक दूत बन पूरी दुनिया में भारत को गौरवान्वित कर रहे हैं।

शेखावत रविवार को दिल्ली की प्रमुख समाज सेवी संस्था राजस्थान रत्नाकर के स्वर्ण जयंती वर्ष में नई दिल्ली के इण्डिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित वार्षिक समारोह में बोल रहे थे। शेखावत ने कहा कि राजस्थान रत्नाकर जैसी संस्थाएँ पिछलें 50 वर्षों से इस संस्कृति को संजोये हुए हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली जैसे महानगर में अपने प्रदेश की संस्कृति को जिन्दा रख राजस्थान रत्नाकर प्रेरणास्पद और अनुकरणीय कार्य कर रही हैं।

समारोह में केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि प्रवासी राजस्थानी जहां कहीं भी रहते हैं वहाँ वे राजस्थानी और भारतीय संस्कृति का पर्याय बन कर सभी के साथ रच बच जाते हैं। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री और पाली के सांसद पी पी चौधरी ने राजस्थान रत्नाकर के सामाजिक सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यों और रत्नाकर चेयरमेन राजेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व को सराहा।समारोह के स्वागताध्यक्ष राजेश बंसल (बीपीएल) और अशोक गुप्ता (सकरनी) ने भी अपने विचार रखें।



राजस्थान रत्नाकर के स्वर्ण जयंती वर्ष समारोह में राजस्थानी साहित्यकारों को सम्मानित किया।

समारोह में राजस्थानी साहित्य की सर्वश्रेष्ठ सेवा के लिए जाने माने साहित्यकार पद्मश्री अलंकरण से सम्मानित, उदयपुर के डॉ. चन्द्र प्रकाश देवल को 'दीपचन्द जैन साहित्य पुरस्कार' श्रेष्ठ राजस्थानी पुस्तक के लिए नोहर ( हनुमानगढ़) की डॉ.कीर्ति शर्मा को उनकी पुस्तक 'बात एक रात री' के लिये श्री बागला साहित्य पुरस्कार' और राजस्थानी लोकगायन के लिए बीकानेर के शंकर सिंह राजपुरोहित को 'रूपरामका लोकगीत पुरस्कार' प्रदान किया गया।

समारोह में राजस्थानी साहित्यकारों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय सेवाएँ देने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा गोपेन्द्र नाथ भट्ट और संस्था के अन्य सदस्यों को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार

**उदयपुर,** (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों उदयपुर स्पेशल यूनिट ने पटवार हल्का ढ़ूंढि या मावली के पटवारी भरत कुमार मीणा को पांच हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निरोधक व्यूरों के महा निदेशक डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर ईकाई को परिवादी ने शिकायत दी थी। जिसमें उसने बताया कि राजस्व रिकार्ड में नामान्तरण शुद्धिकरण करने की एवज में आरोपी भरत कुमार मीणा पटवारी पटवाल हल्का ढ़ूंढ ीया मावली द्वारा 10 हजार रूपये रिश्वत मांग कर परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी की स्पेशल यूनिट उदयपुर ईकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजीव जोशी के नेतृत्व में सत्यापन करवा ट्रेप कार्यवाही कर पटवार हल्का ढ़ूढ ीया के पटवारी भरत कुमार मीणा को परिवादी से 5 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया।

# अंगूठे लगाकर उठाया लाखों का समूह लोन

**भीण्डर,** (निसं)। भीण्डर उपखण्ड क्षेत्र के आकोला पंचायत के सुरखण्ड व पीपलवास गांव की अनपढ़ महिलाओं से अंगुठे लगाकर लाखों का समूह लोन उठाने का मामला सामने आया है। महिलाओं को समूह लोन की जानकारी तब हुई जब वसूली के नोटिस घर पर आएं। इस धोखेबाजी को लेकर महिलाएं पिछले तीन दिन से चक्कर काट रही हैं लेकिन कानोड पुलिस थाने ने मामला दर्ज नहीं किया और सोमवार को उच्च अधिकारियों की दखलंदाजी के बाद मामला दर्ज हुआ।

आकोला पंचायत के सुरखण्ड व पीपलवास गांव की 1०-1० महिलाओं के समूह की अध्यक्षा को 12 व 11 लाख के वसूली नोटिस ग्राम सेवा सहकारी समिति आकोला द्वारा जारी किये गये। सुरण्ड गांव के समूह की अध्यक्ष समसा बाई के नाम जारी हुए नोटिस में बताया कि लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह के नाम 11 लाख 6448 मूलधन और 69153 ब्याज सहित कुल 11 लाख 75 हजार 601 रूपये बकाया है। इसी तरह पीपलवास गांव के पार्वती महिला स्वयं सहायता समूह की अध्यक्षा धनकी बाई के नाम जारी नोटिस में बताया कि 11 लाख 48 हजार 150 मूल एवं 71759 ब्याज सहित कुल 12 लाख 19 हजार 909 रूपये बकाया है।

जब ये नोटिस महिलाओं को मिले तो उनके होश उड गये कि उन्होंने एक रूपये का भी समूह लोन नहीं ले रखा हैं और लाखों रूपयों के वसूली नोटिस आ गये। महिलाओं ने बताया कि ये लोन 13 वर्ष पहले 2०11 में आंगनवाडी कार्यकर्ता प्रकाशी के पति सुरेश रावत ने उठाया है। सुरेश रावत ने हम महिलाओं को आंगनवाडी की समिति बनाकर उसका बैंक खाता खोलने की बात कहकर अंगुठे लगाएं और समिति से लोन उठा लिया।

## सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**टोंक,** (निसं)। पीपलू उपखंड के बरोनी थाना क्षेत्र में मोटरसाइकिल सवार की सामने से गाय आ जाने से मौत हो गई।

बरोनी थाना प्रभारी ओमप्रकाश ने बताया रविवार शाम 7 बजे करीब सोहेला स्थित उत्तरायण होटल के पास मोटरसाइकिल सवार संजय खान पुत्र सुबराती खान वार्ड नंबर 5 निवाई जो टोंक से निवाई की ओर जा रहा था, अचानक सामने से गाय आ जाने से मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गई और वह गिर गया, जिसे एंबुलेंस द्वारा टोंक शहादत अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टर ने संजय खान को मृत घोषित कर दिया।

इसी प्रकार सोमवार सुबह करीब 6 बजे ट्रेलर चालक को नींद आने से ट्रेलर डिवाइडर को क्रॉस करते हुए घुस गया, जिससे करीब 20 मिनट तक हाइवे पर वाहनों का जाम लग गया। गनीमत रही की सामने से एवं पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था, जिससे बड़ी घटना होते होते बची।

# गड्ढों में पिकअप पलटी, दो स्कूली बच्चों की जान गई

**जोधपुर,** (कासं)। फलोदी जिले में सुबह सड़क हादसे में स्कूली बच्चों से भरी एक पिकअप गड्ढे में पलटी खा गई। हादसे में दो स्कूली बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई जबकि 11 से ज्यादा बच्चें घायल हो गए। जिन्हें फलोदी अस्पताल भेजा गया। जहां से दो बच्चों को जोधपुर रैफर किया गया है। सड़क दुर्घटना की जानकारी मिलने पर फलोदी जिला प्रशासन मौके पर पहुंचा। घायल बच्चों की अस्पताल पहुंच कर कुशलक्षेम ली।

फलोदी जिला पुलिस के अनुसार रणीसर गाँव की मरुस्थल पब्लिक स्कूल की यह पिकअप थी। मोरिया- पडियाल गांव के बीच सडक़ पर गड्ढे होने से यह पलटी खा गई। पिकअप के पलटी खाने के साथ ही बच्चों में चीख और चित्कारें निकल गई। मौके पर पहुंची फलोदी जिला पुलिस ने सभी घायल बच्चों और पिकअप चालक को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने के साथ ही फलोदी जिला सीएमएचओ डॉ. अभिषेक अठावाल, रणीसर गाँव के सरपंच चन्द्रवीर सिंह राठौड़ अस्पताल पहुंचे। हादसे में चिकित्सों ने दो बच्चों को मृत बता दिया। इस हादसे में हिमांशु पुत्र मगाराम और मनीषा पुत्री सोनाराम की मृत्यु हुई है। जबकि रिंकू पुत्र मानाराम, किशन पुत्र राजूराम को जोधपुर रैफर किया गया है। वहीं दिनेश पुत्र पूनाराम, रमशे्‌ पुत्र कैलाश, दक्ष पुत्र महेंद्र देवड़ा, संतोष पुत्र लुंबाराम एवं हेतराम पुत्र पूनाराम का फलोदी चिकित्सालय में उपचार चल रहा है।

**कंकडाय गांव की सरहद में युवक का शव मिला :-** जोधपुर ग्रामीण के आसोप क्षेत्र के कंकडाय गांव की सरहद में एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर भोपालगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। फिलहाल युवक की शिनाख्त के प्रयास जारी है। हालांकि अभी तक ये पता नहीं लगा पाया है की युवक की मौत हुई है या उसकी हत्या कर दी गई। जानकारी के अनुसार आज सुबह 4 बजे आसोप क्षेत्र के कंकडाय गांव में एक शव पड़ा होने की सूचना थी। इस पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को भोपालगढ़ हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। मृतक की उम्र करीब 25 साल बताई जा रही है और उसके पास एक स्मार्टफोन भी मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक किसी शराब ठेके में सेल्समैन का काम करता था उसके चेहरे पर चोट के निशान भी है।

## करंट से ट्रक ड्राइवर की मौत

**मकराना,** (निसं)। शहर के ट्रक यूनियन इलाके में शाम को ट्रक पार्क करते समय बिजली लाइन की चपेट में आने से एक ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। शव को सरकारी अस्पताल की मॉर्च्यूरी में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार श्यामपुरा निवासी युवक ओमप्रकाश (32) पुत्र तेजाराम बावरी रविवार शाम को अपने ट्रक को ट्रक यूनियन की जमीन में पार्क कर रहा था। इस दौरान वह ट्रक को पार्किंग के दरवाजे के पास ही खड़ा कर ट्रक के ऊपर कोई सामान उतारने के लिए चढ़ा।

दरवाजे के ऊपर से डिस्कॉम की 11 केवी की लाइन गुजर रही है, जिसके तार नीचे हैं। ओमप्रकाश को तारों की ऊंचाई का अंदाजा नहीं रहा और वह हाई वॉल्टेज करंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।शाम को 6:30 बजे तक भी डिस्कॉम के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। ये इलाका परबतसर डिस्कॉम के क्षेत्राधिकार में आता है।

# तालाब में डूबने से किशोरी की मौत

**गंगापुर सिटी।** गंगापुर सिटी जिले में डूबने से मौत की दर्जन भर से अधिक घटनाएं हो चुकी है। सोमवार को भी बाटोदा थाना क्षेत्र के जीवद गांव के समीप क्यारदा की ढाणी में एक 15 वर्षीय किशोरी का शव तालाब में तैरता हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना के बाद बाटोदा एसएचओ भरत सिंह मय जाब्ता मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर बरनाला सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया।

एसएचओ भरत सिंह ने बताया की मृतका की शिनाख्त जीवद गांव के क्यारदा की ढाणी निवासी कोमल पुत्री मुकेश मीणा के रूप में की गई। कोमल की मौत के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोमल रविवार को दोपहर घर से चारा लेने के लिए निकली थी, तब से ही लापता थी। कोमल की गुमशुदगी को लेकर बाटोदा थाना पर रविवार को प्रकरण भी दर्ज किया गया था। सोमवार को सुबह जीवद गांव के समीप ही तालाब में एक चप्पल तैरती हुई दिखाई दी। इसके बाद ग्रामीणों ने देखा तो एक लडकी का शव पानी में तैर रहा था। इसके बाद बाटोदा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला।

शव को बरनाला सीएचसी की मॉर्च्युरी में रखवाया गया। जहां पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। प्रथम दृष्ट्या प्रकरण को दुर्घटना मान जा रहा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चारा लेने जाते समय पैर फिसलने से कोमल गहरे पानी में चली गई और उसकी मौत हो गई। बहरहाल बाटोदा थाना पर मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# वायरल वीडियो व जान से मरने की धमकी से मचा हंगामा

**डूंगरपुर,** (निसं)। भारत आदिवासी पार्टी के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने वायरल वीडियो व जान से मरने की धमकी, वाय प्लस की सुरक्षा, ओडियो की उच्च स्तरीय जांच तथा बीएनएस द्वारा क्रिमिनल केस लगाने की मांग को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

पार्टी के पदाधिकारी धनराज भमात ने बताया की एक ओडियो वायरल हुआ है जिसमें भारत आदिवासी पार्टी बाप के कार्यकर्ता भील आदिवासियों को लट्ठ मारने तथा उनके घर जलाने की बात की जा रही हैए इस ओडियो से यह प्रतीत होता है कि भारत आदिवासी पार्टी के सांसदए विधायकए पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, आम निर्दोष भील आदिवासी जनता पर जानलेवा हमला, मारने की साजशि रची जा रही है। जिसका ताजातरीन उदाहरण बागीदौरा विधायक जयकृष्ण भील पटेल पर पत्थरबाजी की घटना, धरियावद विधायक थावरचंद डामोर पर लसाडिया में एक कार्यक्रम में भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा हारे हुए भाजपा विधायक प्रत्याशी कन्हैयालाल मीणा के इशारे पर विधायक थावरचंद डामोर पर आपत्तिजनक टिप्पणी, गैर जिम्मेदाराना हरकत तथा कार्यकर्ताओं पर जानलेवा हमला किया।

सांसद राजकुमार रोत पर भी लगातार गैर जिम्मेदाराना बयानबाजी तथा उनके खिलाफ आपराधिक षडयंत्र रचे जा रहे हैं, जिससे बडी घटना घटित होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस ओडियो की उच्च स्तरीय जांच तथा बीएनएस द्वारा क्रिमिनल केस लगाने की मांग करते हुए अनुतोष रोत ने बताया की इसी उकसाऊ ओडियो की वजह से बीजेपी कार्यकर्ताओं द्वारा लसाडिया में विधायक थावरचंद डामोर पर गैर-जिम्मेदाराना हरकत, कार्यकर्ताओं को गाली-गलौज, मारपीट तथा रमेश मीणा द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई है। जन जन तक भारत आदिवासी पार्टी की मांग, जल जंगल जमीन, आस्तित्व आबरू बचाने के एवज में हो रही है,जिससे तिलमिला,भाजपा के उच्च पदासीन लोग आपराधिक षडयंत्र रच रहे हैं, जिसकी सूत्रधार उदयपुर लोकसभा क्षेत्र से है,ऐसा प्रतीत होता है। इस आपराधिक षडयंत्र की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग के साथ तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की भी हम मांग करते है तथा भाजपा के राजनीतिक षड्यंत्रकारी नीतियों की वजह से बीएपी के सभी विधायक, पदाधिकारियों को भाजपा द्वारा जान से खतरा महसूस होने की वजह सुरक्षा मुहैया कराई जाने की मांग की है।



वायरल वीडियो के खिलाफ भाआपा के कार्यकर्ताओं ने कलक्टर को ज्ञापन सौपा।

**■ बाप के कार्यकर्ताओं ने ओडियो की उच्च स्तरीय जांच की मांग**

साथ ही बताया की तत्काल प्रभाव में कार्यवाही नहीं होने पर देश भर के आदिवासी समुदाय इस बाबत धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देंगे तथा संबंधित अपराधियों के साथ उनको संरक्षण देने वाले पदाधिकारियों पर भी संविधान के अनुच्छेद 32, 226 के तहत हाई कोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में आपराधिक मामला दर्ज करेंगे। इस मौके पर मुकेश कलासुआ,धुलेश्वर वरहात, कैलाश, राहुल, रवी परमार कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### तड़प रहे गौवंश की बचाई जान

**कोटपूतली, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से डिवाईडर के बीच में तडप रहे एक गौवंश की एलएसए गोविन्द भारद्वाज एवं मोहित शर्मा ने जान बचाई। इन्होंने गौवंश को वहां से खडा कर उपचार किया। भारद्वाज ने बताया कि गौवंश के पेट एवं पैरों पर खरोच आई है। जिसकी ड्रेसिंग की गई एवं गर्दन में बबूल के कांटे चुब गये थे, जिनको बडी मशक्कत कर निकाला गया। उपचार के बाद गौवंश की हालत में सुधार है।

### तालाब में डूबने से यात्री की मौत

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा क्षेत्र के हाथगी गांव से खाटुश्याम जा रही पदयात्रा में शामिल एक यात्री की फागी के तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी में सामने आया कि रविवार को हाथगी गांव से 21वीं पदयात्रा खाटुश्यामजी के लिये रवना हुई थी। सोमवार को यात्रियो का दल फागी पहुंचा जहां तालाब मे नहाते समय एक यात्री सांवरा जाट निवासी तांतिया की पानी मे डूब जाने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे फागी थानाधिकारी व तहसीलदार की मौजूदगी में एसडीआरएफ के जवानों ने तालाब में रैस्क्यू शुरू किया।

### 10 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** एसपी के निर्देशन में वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के 10 हजार रूपये का इनामी घोषित वांछित मुल्जिम को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी मेहन्दवास ने बताया कि मुल्जिम राजवीर पुत्र बलवन्त सिंह जाति जठ सिख निवासी धाकडो का झोपडा थाना दई जिला बून्दी को थाना इलाका हिण्डोली से गिरफ्तार किया गया है। जिसे 9 सितम्बर को न्यायालय में पेश किया गया।

### सेव से भरा केंटर ट्रक पलटा

**मनोहरपुर, (निसं)।** कस्बे के दिल्ली जयपुर राजमार्ग पर अल सुबह 5 बजे गायों का झुंड सामने आ जाने से सेव से भरा केंटर ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। हादसे में चालक, परिचालक बाल बाल बच गए। गनीमत रही की बडा हादसा होने से टल गया। ट्रक चालक ने बताया की हिमाचल प्रदेश से सेव लोड कर जयपुर के लिए रवाना हुआ था। मनोहरपुर टोल के आगे कट पर अचानक गाय सामने आ जाने के कारण ब्रेक लेने पर कैंटर ट्रक असंतुलित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार हाइवे निर्माण कंपनी ने माधोवैनी नदी पर पुलिया निर्माण होने के कारण असवाल पेट्रोल पंप के सामने कट बना रखा है। कट पर कोई संकेतक बोर्ड नहीं होने के कारण आये दिन रात्रि को एक्सीडेंट होते रहते है। सूचना पर पहुंचे थाना पुलिस के जवानों ने क्षतिग्रस्त कैंटर ट्रक को क्रेन की सहायता से हटवा कर साइड में कराया। इस दौरान हाइवे पर कुछ देर के लिए लंबा जाम लग गया।

### बैडमिंटन अंडर-14 में जीता गोल्ड मेडल


**कोटपूतली, (निसं)।** जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों ने बैडमिंटन अंडर-14 में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया है। मैच के फाइनल में डीपीडब्ल्यूएस के बच्चों ने आरपीएस के खिलाडियों को हराकर यह जीत हासिल की है। स्कूल की प्रधानाचार्या बिंदु सांगवान ने बताया कि छात्र हिमांश चौधरी ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक तो वही छात्र चिराग ने कांस्य पदक हासिल किया है। सांगवान ने कहा कि ष्यह जीत हमारे छात्रों के अथक परिश्रम, प्रयास, अनुशासन और जुनून का प्रमाण है। जो छात्रों की खेल भावना को दर्शाती है। यह केवल एक जीत नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए स्कूल की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है। ऐसी जीत दूसरे छात्रों को भी उच्च लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करती है।

### बारिश से मकान की सुरक्षा दीवार ढही

**सिकराय,(निसं)।** सिकंदरा थानांतर्गत बहरावंडा गांव में जगदीश जी मंदिर के पास विश्राम शर्मा के मकान की सुरक्षा दीवार बारिश से धराशाही हो गई। पीडित विश्राम शर्मा ने बहरावंडा तहसीलदार कौशल गर्ग व प्रशासनिक अधिकारीयों को मकान की सुरक्षा दीवार क्षतिग्रस्त होने की सूचना दी है। सूचना के बाद हल्का पटवारी मोनू कुमार ने मौका मुआयना कर क्षतिग्रस्त हुई सुरक्षा दीवार की रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार को भेजी। गौरतलब है कि क्षेत्र में दो दिन से झमाझम बारिश के चलते कई जगह जनहानि हुई है।

# अपहृत बालिका चार घंटे में दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

- एसपी ने प्रेस वार्ता कर पूरे प्रकरण का खुलासा किया
- पांच वर्षिय बालिका के अपहरण का मामला



कोटपूतली पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की।

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती सरूण्ड थाना क्षेत्र के ग्राम खडब, नारेहडा से रविवार दोपहर घर के बाहर खेल रही एक पांच वर्षिय बालिका के अपहरण की वारदात का कोटपूतली-बहरोड जिला पुलिस ने रिकॉर्ड चार घण्टे में पर्दाफाश कर अपहृत बालिका को दस्तयाब करने व अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है।

इस संबंध में जिला पुलिस एसपी वंदिता राणा ने सोमवार को प्रैस वार्ता को सम्बोधित कर पूरे प्रकरण का खुलासा किया। एसपी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुँची एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज को चेक किया तो एक बाइक पर अज्ञात व्यक्ति बालिका को हसामपुर, पाटन की ओर ले जाते हुये दिखाई दिया।

इस पर एएसपी नेमसिंह व डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में पुलिस की अलग-अलग टीमें विभिन्न स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर रवाना की गई। जगह-जगह जाँच करते हुये सामने आया कि अपहरण का आरोपी बाइक पर बालिका को नीमकाथाना के पाटन की ओर ले जाता हुआ नजर आ रहा है। इस पर नीमकाथाना व सीकर में नाकाबन्दी करवाई गई। सभी टीमें सीसीटीवी फुटेज को चेक करते हुये पाटन पहुँची तो पुलिस थाना नीमकाथाना सदर के टोडा चौकी प्रभारी हैड कानि. हरिराम गुर्जर ने बताया कि बालिका व आरोपी को कालाकोटा ईलाके से ग्रामीणों के सहयोग से दस्तयाब किया गया है। इस पर पुलिस टीम रवाना होकर पुलिस चौकी टोडा पहुँची तो बालिका को दस्तयाब किया गया एवं अपहरण का आरोपी महावीर (28) पुत्र प्रभाताराम गुर्जर निवासी ग्राम नांगल लाखा, हरसौरा मौके पर मौजूद मिला। घटना की गहनतापूर्वक जानकारी प्राप्त करते हुये उक्त युवक महावीर गुर्जर को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयुक्त बाईक को जप्त कर लिया गया। एसपी राणा ने बताया कि गिरफ्तार युवक महावीर गुर्जर से सभी बिन्दुओं पर गहनतापूर्वक अनुसंधान किया जा रहा है। बालिका को दस्तयाब व आरोपी को गिरफ्तार करने में टोडा चौकी प्रभारी हैड कानि. हरिराम गुर्जर व कानि. मुकेश की भी महत्वपूर्ण भुमिका रही। वहीं सरूण्ड एसएचओ मौहम्मद इमरान, कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह मीणा समेत डीएसटी टीम की भी महत्वपूर्ण भुमिका रही। एसपी ने तत्काल कार्यवाही पर पुरी पुलिस टीम की पीठ थपथपाई है। प्रैस वार्ता में उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाओं पर रोकथाम के लिये परिजनों को विशेष चौकसी बरतने की आवश्यकता है।

एसपी ने बताया कि मामले में चाईल्ड तस्करी व मानव तस्करी से जुड़े बिन्दुओं पर भी जाँच की जा रही है। एसपी वंदिता राणा ने बताया कि अभी तक हुई पूछताछ में आरोपी ने गलत मंशा के चलते बालिका का अपहरण करने की वारदात कबूली है। हालांकि पुलिस, मीडिया व ग्रामीणों की सजगता से एक बडी वारदात होने से टल गई। बच्ची के पिता ने बताया कि अपहरणकर्ता ने उसे चॉकलेट का लालच दिया था। बच्ची ने अपने पिता को बताया कि दोपहर को खेलते समय उसे वह आदमी चॉकलेट व टॉफी दिलाने के बहाने बाहर ले गया और कहा कि मैं तुम्हारे ताऊ जैसा हूँ, आओ तुम्हें चॉकलेट दिलाकर लाता हूँ। इतनी ही देर में वह उसे बाइक पर बैठाकर ले गया। बच्ची के सकुशल मिल जाने से पुलिस व परिजनों ने चैन की सांस ली है।

## गोवर्धन धाम के लिए पदयात्रा रवाना

**दौसा, (निसं)।** दौसा से गिरिराज महाराज गोवर्धन धाम के लिए पदयात्रा सोमवार को सुबह कलाली के मंदिर से रवाना हुई। मंदिर पर पदयात्रा समिति के पदाधिकारियों एवं श्रद्धालुओं ने विधि विधान से ध्वज का पूजन किया। इसके बाद गाजेबाजे के साथ शोभायात्रा के रूप में पदयात्री गणेश मंदिर, नया कटला, मानगंज, रेलवे स्टेशन, गांधी तिराहा होते हुए आगरा रोड पर पहुंचे। इस बीच लोगों ने पदयात्रा के स्वागत में पलक पांवडे बिछा दिए। पद यात्रियों पर पुष्प वर्षा की, जलपान व फल वितरण किया गया। पदयात्री नाचते गाते डाक बंगला, पीजी कॉलेज, सोमनाथ चौराहा, आगरा रोड बाईपास तिराहा होते हुए गिरिराज धरण मंदिर पहुंचे। जहां भजन कार्यक्रम में कलाकारों ने एक से बढकर एक भजनों की प्रस्तुति दी। भजनों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया। इसके बाद पदयात्री आगरा रोड होते हुए गोवर्धन धाम के लिए प्रस्थान कर गए। इनमें मुख्य ध्वजवाहक व पदयात्रा समिति सचिव पवन कुमार व्यास, मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष गोपाललाल गुप्ता, सतीश शाहरा आदि मौजूद रहे।

# बोलेरो की टक्कर से दो पैदल यात्रियों की मौत

- उनियारा थाना क्षेत्र में डुंडवा के पास हुआ हादसा



पुलिस ने अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** उनियारा थाना क्षेत्र में डुंडवा के पास बोलेरो की टक्कर से दो पैदल यात्रियों की मौत हो गई। सडक हादसे में इकलौते बेटे समेत दो पदयात्रियों की मौत हो गई। इनको पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी। हादसे के बाद बोलेरो लेकर चालक भाग छूटा। पुलिस ने सोमवार सुबह अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया।

वही दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने के बाद गांव में माहौल गमगीन हो गया। परिवार में कोहराम मच गया। दोपहर को गमगीन माहौल में दोनों का अंतिम संस्कार किया है। दोनों एक ही गांव निवाई सदर थाना क्षेत्र के गुंसी के थे। हादसा उनियारा थानाक्षेत्र में रविवार रात को पदयात्रियों के रात्रि विश्राम स्थल से आधा किमी पहले एक पेट्रोल पंप के पास हुआ। उनियारा थाने के मोहन लाल ने बताया कि पांच सितंबर को निवाई सदर थाना क्षेत्र के गुंसी गांव से करीब 300 पदयात्रियों का जत्था इन्द्रगढ बीजासन माताजी की पदयात्रा पर जा रहा था। इनका उनियारा थाना क्षेत्र के झुंडवा गांव में रात्रि विश्राम था। आधे से ज्यादा पदयात्री रात्रि विश्राम स्थल पहुंच गए थे।

बाकी पदयात्री आठ-दस लोगों के साथ चल रहे थे। विश्राम स्थल से करीब आधा किलोमीटर पहले पेट्रोल पंप के पास टोंक-सवाई माधोपुर नेशनल हाइवे पर रात करीब सवा आठ बजे दो पदयात्रियों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इससे दोनों पदयात्री बरोनी थाना क्षेत्र के बहड हाल निवाई सदर थाना क्षेत्र के गुंसी निवासी श्याम बिहारी (22) बाबू लाल शम्मा, गुंसी निवासी महेश सैनी (24) भीमराज सैनी गंभीर घायल हो गए। इन्हें अन्य पदयात्रियों ने राहगीरों की मदद से टोंक अस्पताल लाए। जहां घायल श्याम बिहारी शर्मा को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल महेश सैनी की हालात गंभीर होने पर उसे प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान मध्य रात बाद उसने भी दम तोड दिया। पुलिस ने सोमवार को दिन में शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों केसुपुर्द कर दिया है। दोनों बीए कर चुके थे। गरीब परिवार से थे। घर पर ही नौकरी की तैयारी कर रहे थे। इसके अलावा घर पर परिजनों का खेतीबाडी में हाथ भी बंटाते थे। श्याम बिहारी मंदिर में भगवान की सेवा पूजा में हाथ भी बंटाते थे। श्याम बिहारी उसके पिता की इकलीता संतान थी। जब यह दोसाल का था तब इसकी मां की कैंसर से मौत हो गई थी। अभी 75 वर्षीय बुजर्ग पिता हैं। इसकी मौत के साथ ही बुजुर्ग पिताके बुढापे का सहारा छिन गया। दोनों के परिवार गरीब है खेतीबाडी करते हैं। श्याम बिहारी और उसके पिता बहड में मंदिर में भगवान की अन्य परिवार वालों ले साथ रोटेशन से सेवा पूजा करते थे। इनकी सेवा पूजा की बारी अभी पंद्रह दिन पहले ही खत हुई थी।

## पीएम सूर्यघर कैंप में 50 लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन

**मनोहरपुर, (निसं)।** नगर पालिका स्थित बाबा साहब अंबेडकर सभा भवन में सोमवार को अधिशासी अभियंता की अध्यक्षता में कैंप आयोजित हुआ। इस दौरान अधिशासी अभियंता ने बताया कि सोमवार को नगर पालिका में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को लेकर कैंप लगाया गया जिसमें 50 रजिस्ट्रेशन हुए। उन्होंने बताया कि योजना में साथ में 78000 की सब्सिडी हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली है। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया से आवेदन किया जा सकता है। जिसमें सरल प्रक्रिया ऑनलाइन पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर एवं बिजली बिल के नंबर से रजिस्ट्रेशन कर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के पश्चात पोर्टल पर अपनी पसंद के वेंडर को सेलेक्ट कर सोलर प्लांट स्थापित करवाये। सोलर प्लांट स्थापित करवाने के साथ ही अपना मांग पत्र और नेटवर्क सोलर अपने सहायक अभियंता कार्यालय में जमा करवाना होगा।

## सीएचसी व पशु चिकित्सालय भवन का उद्घाटन

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत गोनेडा में हाल ही में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में क्रमोन्नत हुये नवनिर्मित भवन व राजकीय पशु चिकित्सालय के नवनिर्मित भवन का क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल ने बतौर मुख्य अतिथि फिता काटकर व पट्टीका का लोकार्पण कर उद्घाटन किया।

इस मौके पर आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुये उन्होंने कहा कि गाँव-ढाणियों तक शिक्षा व स्वास्थ्य की सेवायें सुलभ हो रही है। जिससे जन जीवन आसान बन रहा है। नवनिर्मित पशु चिकित्सालय ग्रामीण किसान व मजदूरों को लाभ पहुँचायेगा। गोनेडा में सीएचसी की मांग पिछले काफी समय से लम्बित थी, ऐसे में यहाँ सीएचसी बनने से ग्रामीणों को उपचार के लिये कोटपूतली व अन्य जगहों पर नहीं जाना पडेगा। उनके मवेशियों का उपचार भी स्थानीय स्तर पर होने से भी लाभ होगा, ग्रामीणों का समय व धन बचेगा। सरकार इसी दिशा में कार्य कर रही है। अध्यक्षता सरपंच एड. देवेन्द्र रावत ने की। इस दौरान भाजपा ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश महामंत्री एड. हीरालाल रावत, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, बीसीएमओ डॉ. पूरण चन्द गुर्जर, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. लेखराज नारवाल, भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, सरपंच सोनू चौधरी, डॉ. हरिश गुर्जर, डॉ. मनोज सांखला, हवासिंह यादव, प्रमोद शर्मा, लालाराम गुर्जर, देवेन्द्र स्वामी, कैलाश चन्द, ओमप्रकाश, सत्यवीर नेताजी, खुशीराम खटाना, उमादत्त रावत, नारायण सिंह, सतराम रावत, रामनिवास, किशन लाल, राजेश भेडी, दलीप कुमावत, बलराम खटाना समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

# कलेक्टर ने सफाई व विकास कार्यों का निरीक्षण कर जायजा लिया



कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने अधिकारियों को अलवर की अस्वच्छ तस्वीर दिखाई।

**अलवर, (निसं)।** जिला कलेक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सोमवार को प्रातः शहर का सघन दौरा कर साफ-सफाई व्यवस्था, सडकों एवं विकास कार्यों का सघन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

जिला कलक्टर ने शहर का दौरा नेहरू गार्डन के पास से प्रारम्भ किया और उसके पश्चात नंगली सर्किल स्थित एसबीआई बैंक के पास, मन्नी का बड स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के बाहर, बस स्टेण्ड के मुख्य द्वार, पुरूषार्थी धर्मशाला एवं कोतवाली के बाहर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इन स्थानों पर कचरा फैला हुआ मिलने व गड्डों में पानी भरा मिलने पर नाराजगी जाहिर करते हुए कार्यवाहक नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि तीन दिन में इन स्थानों की पूर्ण साफ-सफाई करावे। इन स्थानों पर पुनः निरीक्षण कराया जाएगा। यदि साफ-सफाई में लापरवाही पाई गई तो कडी अनुशासनात्मक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिये कि नगर निगम साफ-सफाई कार्य के साथ-साथ स्वच्छता जागरूकता की गतिविधियां भी करें।

जिला कलेक्टर ने तांगा स्टैण्ड स्थित पार्किंग स्थल पर गंदगी मिलने पर निर्देश दिये कि सात दिवस में पार्किंग स्थल को सुव्यवस्थित करावे। यहां एक कोने में टीन की दीवार बनाकर अस्थाई कचरा संग्रहण की व्यवस्था करे। सुनिश्चित करें कि इससे बाहर कचरा बिलकुल नहीं फैले तथा यहां पानी व कीचड का जमाव नहीं होवे। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत कर साफ-सफाई व्यवस्था का फीडबैक लिया जिसमें उन्होंने शौचालय बनाने की आवश्यकता बताई व कचरा संग्रहण हेतु ऑटो टिपर अनियमित आने से अवगत कराया। इस पर उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि ऑटो टिपर घरों के साथ-साथ दुकानों से भी नियमित कचरा संग्रहण करें। खराब ऑटो टिपरों को अविलम्ब दुरूस्त कराकर काम में लेवे तथा उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि महिला व पुरूष शौचालय हेतु स्थान चिन्हित कर प्रस्ताव बनावे। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि अपने कचरे पात्रा से कचरा निर्धारित स्थान पर ही डाले तथा दुकान पर आने वाले लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। जिला कलक्टर ने तिलक मार्केट के निरीक्षण के दौरान वहां स्थित शौचालय गन्दा मिलने पर उन्होंने निर्देश दिये कि शहर के सभी शौचालयों की नियमित साफ-सफाई करावे। उन्होंने सडक के किनारों बने हुए गड्डों को भरवाने तथा उनका लेवल नाली की तरफ करने के निर्देश दिये। उन्होंने अम्बेडकर नगर के सामने स्थित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण कर निर्देश दिये कि सुनिश्चित करें कि कचरा ट्रांसफर स्टेशन की बाउंड्री से बाहर बिलकुल नहीं फैले तथा यहां से कचरे का नियमित उठाव करावे। कचरे के परिवहन के दौरान कचरे को लाने वाले वाहन को ढकवाना सुनिश्चित करावे। उन्होंने कालीमोरी आरयूबी का निरीक्षण कर पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि रेलवे से समन्वय करके एनओसी जारी करावे तथा पीडब्ल्यूडी स्तर पर किए जाने वाले कार्य प्रारम्भ करावे जिसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने अम्बेडकर नगर में यूआईटी के द्वारा प्रस्तावित कन्वेंसन सेंटर की भूमि का अवलोकन कर ले-आउट प्लान को मौके पर देखकर उन्होंने यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि कन्वेंसन सेंटर की बनाई गई कार्य योजना को प्रस्तुत करें। जिला कलक्टर ने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को निर्देशित किया है कि अभय कमाण्ड के तहत शहर में लगाए गए हाई रेजुलेशन कैमरों के माध्यम से शहर की साफ-सफाई व्यवस्था की मॉनिटरिंग की जावे। इस हेतु कार्य योजना तैयार कर उसे अविलम्ब प्रारम्भ करे। इस दौरान एडीएम शहर श्रीमती बीना महावर, यूआईटी के अधीक्षण अभियन्ता तैयब खान, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ताएम.एल मीना व अधिशाषी अभियन्ता अल्का व्यास, नगर निगम के कार्यवाहक आयुक्त युवराज युधिष्ठिर मीणा, खेमराज मीणा, दिनेश चंद सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### दो माह से बंद रास्ते से अतिक्रमण हटाया



**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेशों की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा के नेतृत्व में राजस्व टीम द्वारा ग्राम पंचायत अरनिया के राजस्व ग्राम कृष्ण नगर के खसरा नं 697 रकबा 0.35 हैक्टेयर किस्म चाही-1 द्वारा ढाणी नवासु से ढाणी सहतानजीवाली को जोडने वाले प्रचलित रास्ते को जेसीबी मशीन से ग्राम पंचायत के सहयोग से अतिक्रमण मुक्त कर रास्ता सुचारू किया गया। बताया गया है कि ग्राम पंचायत अरनिया के राजस्व ग्राम कृष्ण नगर के खसरा नंबर 697 किस्म चाही-1 से गुजरने वाले प्रचलित रास्ते पर सहखातेदारो द्वारा फसल काश्त कर व तारबंदी कर रास्ता अवरूद्ध करने की शिकायत परिवादी गिरधारी यादव द्वारा जिला कलेक्टर नीमकाथाना से अरनिया रात्रि चौपाल में की थी, जिस पर उपखंड अधिकारी श्रीमाधोपुर के आदेश की पालना में तहसीलदार श्रीमाधोपुर जगदीश प्रसाद बैरवा व पटवारी महरौली रामकिशोर ऐचरा द्वारा ग्राम पंचायत के सहयोग से दोनों पक्षों की समझाइश कर अतिक्रमण हटाकर रास्ता सुचारू करवाया गया। तहसीलदार की समझाइश पर सभी खातेदारों द्वारा मौके पर ही उक्त रास्ते को कटानी करने की सहमति भी प्रदान की गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान सरपंच प्रतिनिधि सीताराम बाडीगर व ग्रामीण उपस्थित रहे। खातेदारों की रास्ते की पुरानी समस्या का स्थाई समाधान होने पर खातेदारों द्वारा तहसील प्रशासन का आभार व्यक्त किया गया।

### आदित्य को टेबलेट देकर किया सम्मान



**शाहपुरा, (निसं)।** ग्राम कल्याणपुरा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के होनहार बालक आदित्य पूनिया पुत्र अर्जुन लाल पूनिया को राज्य सरकार की निःशुल्क टेबलेट वितरण योजना के तहत अतिथियों द्वारा टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान सुमन यादव ने बताया कि बालक पढाई में शुरू से ही होनहार है, इस बार भी बालक ने 12वीं कक्षा में 89.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। जिसके तहत बालक को टेबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच बनारसी देवी, लक्ष्मी देवी, मालीराम मीणा, सोहनलाल बुनकर, सुरेन्द्र चौधरी, सुगलचंद, महावीर शर्मा, रोहिताश यादव, रामधन, जगदीश प्रसाद, अर्जुन लाल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण मौजूद रहे। मंच संचालन वरिष्ठ अध्यापक जगदीश नींझर ने किया।

### सरपंच को ज्ञापन सौंपा

**नारायणपुर (निसं)।** कस्बे के वार्ड 25 में स्थित गुवारियो के मोहल्ले को जोडने वाली इंटरलॉकिंग सडक व नाला क्षतिग्रस्त होने पर सोमवार को वार्ड के लोगों ने सरपंच मन्नी देवी को ज्ञापन देकर जल्द ठीक कराने की मांग की हैं। ग्रामीणों ने बताया कि 15 दिन पहले तेज बारिश के चलते पुलिया के पास नाला व इंटरलॉकिंग सडक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। क्षतिग्रस्त सडक व नाले को ठीक कराने के लिए कई बार ग्राम पंचायत सरपंच को अवगत करा दिया गया। इसके बावजूद सरपंच का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। जिससे लोगों में रोष बना हुआ हैं। सडक क्षतिग्रस्त होने से मोहल्लेवासियों के चौपहिया वाहन व कचरा उठाने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉली मोहल्ले में नहीं जा पा रहे। जिससे मोहल्लेवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड रहा हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ठाम पंचायत सरपंच द्वारा 5 दिन में क्षतिग्रस्त सडक मार्ग व नाले को ठीक नही कराया गया तो ग्रामीणों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया जायेगा। इस मौके पर वार्ड पंच बुद्धाराम यादव, विक्रम गुर्जर, सुमेर मीणा, जगवीर, शंकर लाल, सुल्तान यादव, विजय, हेमराज सहित बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

### प्रतिभाओं का किया सम्मान

**शाहपुरा, (निसं)।** शहर के वार्ड नंबर 18 स्थित भगेरिया फार्म हाउस पर सोमवार को गणेश महोत्सव के तीसरे दिन शाहपुरा के पूर्व विधायक आलोक बेनीवाल ने गणेश महाराज की महाआरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान विक्रम नायक, विनोद नायक, महेश नायक, गणेश नायक, पवन नायक, वंश नायक, सुरेश नायक ने बताया कि सम्मानित प्रतिभाओं को गणेश जी का स्मृति चिन्ह व गणेश दुपट्टा उडाकर सम्मान किया गया।

## योजनाओं का सफल क्रियान्वन कर जनता को राहत पहुंचाये : किशोर कुमार




कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में आबकारी, माइनिंग, ट्रांसपोर्ट एवं वाणिज्य कर सहित अन्य विभाग की समीक्षा बैठक हुई।

- अधिकारियों को अवैध खनन की रोकथाम सहित जरूरी निर्देश दिये

**खैरथल, (निसं)।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में आबकारी, माइनिंग, ट्रांसपोर्ट एवं वाणिज्य कर सहित अन्य विभाग की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कलेक्टर ने राज्य व केंद्र सरकार की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन और अवैध खनन की रोकथाम को लेकर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि कार्य के प्रति लापरवाही बरतने वाले अधिकारी कार्मिक के प्रति कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जिला कलेक्टर ने आबकारी, माइनिंग, ट्रांसपोर्ट एवं वाणिज्य कर विभाग के द्वारा जिले को दिए गए रिवेन्यू टारगेट की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय में अपने टारगेट्स को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन विभाग को कार्यवाही कर जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने बैठक में परिवहन विभाग के अधिकारी को अपने टारगेट्स पूरा करने के साथ-साथ एनसीआर क्षेत्र में चल रहे 10 वर्ष पुराने डीजल एवं 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार शिक्षा, कृषि, रसद, उद्यानिकी, एवं कोऑपरेटिव, नगर निकाय आदि विभागों की बजट घोषणा की समीक्षा कर धरातल पर लाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसी के साथ रसद अधिकारी को राजस्थान सरकार की विभागीय योजनाओं का सफल संचालन करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुरेंद्र सिंह यादव, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, रसद अधिकारी राकेश सोनी, सहायक खनि अभियंता पुष्पेंद्र, वाणिज्य कर आयुक्त रामप्रसाद, जिला आबकारी अधिकारी, परिवहन सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने कलेक्ट्रेट कार्यालय की सभी शाखाओं का निरीक्षण किया। राजस्व शाखा, मॉनिटर शाखा, हेल्पलाइन, चुनाव शाखा, रसद शाखा, संस्थापन शाखा व सामान्य शाखा सहित सभी शाखाओं का निरीक्षण कर अधिकारी व शाखा प्रभारी से उनके कार्यों व शाखा पेंडेंसी की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

## संक्षिप्त

### डॉ. अरविंद मित्तल जिला समन्वयक

**कोटपूतली, (निसं)।** द आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक रविशंकर के निर्देशानुसार राज्य डायरेक्टर (राजस्थान गवर्नमेंट प्रोग्राम) विमल जैन की अनुमति से राज्य समन्वयक राजेश पाराशर की अनुशंषा पर कस्बा निवासी डॉ. अरविंद मित्तल को संस्था का कोटपूतली-बहरोड जिला समन्वयक मनोनीत किया गया है।



डॉ. अरविंद

### विद्यार्थियों को दी सीपीआर की ट्रेनिंग

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के लायंस क्लब श्रीमाधोपुर , लायंस क्लब सीकर सनराइज के संयुक्त तत्वाधान में जैन सीपीआर ट्रेनिंग सेंटर एंड आईआरसीएफ इंडिया सीकर के द्वारा श्रीमाधोपुर की तीन शिक्षण संस्थाओं में छात्र छात्राओं को सीपीआर ट्रेनिंग दी जिसमें पटवारी महाविद्यालय की 130 छात्राएं, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर की 210 छात्राएं तथा एवन अकादमिक के 130 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए। इस ट्रेनिंग का संचालन डॉक्टर प्रियंका मिश्रा और महावीर प्रसाद ने किया। इस मौके पर पटवारी महाविद्यालय के संचालक प्रिया शरण पटवारी, प्रिंसिपल सुमित्रा गुप्ता, बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल शिवपाल सिंह शेखावत एवन अकादमी के संचालक अनिल कुमार मारवाल के अलावा लायन सीताराम सैनी, डॉ संपत्ति मिश्रा, लायन सुगन चंद कुमावत उपस्थित रहे।

### दिनदहाड़े चोरी करने वाला गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** थानाधिकारी बाबूलाल मीणा ने बताया कि 7 अगस्त को परिवादी दीपक शर्मा पुत्र गोपाल कृष्ण निवासी फुलेरा ने थाने पर मामला दर्ज करवाया कि हमारी सिलाई मशीन दुकान से एक सिलाई मशीन चोरी हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उक्त मामले को लेकर गठित टीम द्वारा आसूचना, सीसीटीवी फुटेज खंगालें व मुखबीर मामूर कर चोरी करने वाले आरोपी मुकेश वर्मा को गिरफ्तार किया। साथ ही चोरी हुई मशीन को बरामद किया गया। इसके अलावा गिरफ्तारशुदा मुल्जिम से पुलिस द्वारा पुछताछ जारी है। जिससे कि क्षेत्र में की गयी अन्य चोरी की वारदातें भी खुलने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर स्थानीय पुलिस द्वारा पिछले 5 वर्ष से फरार गिरफ्तारी वारण्टी मोहन लाल को भी गिरफ्तार किया गया है।

### स्कूल का ताले तोड़ चुराया पोषाहार

**मालपुरा, (निसं)।** मालपुरा उखण्ड क्षेत्र की देवल ग्राम पंचायत के चतरपुरा गांव में शातिर चोरों ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय चतरपुरा स्कुल के ताले तोड चुरा ले गये पौषाहार। प्रधानाध्यापक शिवराज चंदेल ने बताया कि स्कुल परिसर की दिवार फांद कर घुसे चोरो ने दो कमरो के ताले तोड स्टॉर रूम मे रखे 1 क्विंटल से अधिक गैहु तथा आंगनबाडी कक्ष मे रखा एक गैस चुल्हा भी चुरा ले गये। सवेरे विद्यालय खुलने पर चोरी की वारदात का पता लगा। मौके पर पहुंची लाम्बाहरिसिंह थाना पुलिस ने दोनो कक्षो व विद्यालय परिसर का जायजा ले जुटाये साक्ष्य। वही सोमवार की शाम को शहर के आदर्श नगर आवासीय कॉलोनी मे शातिर चोरो ने दिनदहाडे रैंकी कर डॉ. एचएस पारीक के मकान की दिवार फांदकर मेन गेट का ताला तोड चोरी की वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया लेकिन कॉलोनीवासियों की आवाजाही देख दिवार कूदकर शातिर चोर भाग निकले।

### 55 विद्यार्थियों को मिलेगा टेबलेट

**मालपुरा (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा के 55 विधार्थियों को सरकार व विभाग की योजना की पात्रता सूची में शामिल किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य अल्का पारीक ने बताया कि विद्यालय के बेहतर परीक्षा परिणाम एवं विधार्थियों की कडी मेहनत व लग्न के साथ-साथ विद्यालय स्टाफ द्वारा बेहतर शिक्षा के चलते इस बार विद्यालय के 55 विधार्थियो को सरकार की योजना के अनुरूप टेबलेट मिलेगा तथा 11 सितम्बर को शहरी क्षैत्र के चयनित विधार्थियों को प्रात 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक टेबलेट बांटे जायेगें। चयनित विधार्थियों की सूची नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई।

# हम सबका मालिक एक और हम सब इसके सेवक हैं : भूपेंद्र यादव

- केंद्रीय वन मंत्री ने पाण्डुपोल हनुमान जी व भर्तृहरि बाबा के मेलों का शुभारम्भ किया

**अलवर, (निसं)।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने सोमवार को पाण्डुपोल हनुमान जी मंदिर एवं भर्तृहरि बाबा के मंदिर में पूजा-अर्चना कर देश व प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने पाण्डुपोल व भर्तृहरि मेले का ध्वजा लहराकर शुभारम्भ किया। भर्तृहरि बाबा के मेले के शुभारम्भ के दौरान स्थानीय विधायक एवं प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली भी मौजूद रहे।

केंद्रीय मंत्री यादव ने भर्तृहरि मेले का शुभारम्भ कर संबोधित करते हुए कहा कि बाबा भर्तृहरि महाराज धाम जन-जन की आस्था का केंद्र है। यहां देशभर से बडी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि ने उज्जेन से यहां आकर तपस्या की जिससे इस स्थान को बाबा भर्तृहरि की तपोस्थली के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि ने तीन पुस्तके लिखी जिसमें श्रंगार शतक व्यक्ति को सामाजिक जीवन को जीने, नीति शतक राजनीति को सुव्यवस्थित संचालित करने एवं ईश्वर प्राप्ति हेतु वैराग्य शतक लिखा जो मनुष्य को सार्थक जीवन जीने का संदेश देते हैं। इसलिए राजनीति से ऊपर उठकर काम करें क्योंकि सबका मालिक एक है और इसके आगे हम सब सेवक हैं।



केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव एवं वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) संजय शर्मा ने पाण्डुपोल हनुमान मंदिर व भर्तृहरि बाबा के मंदिर में पूजा-अर्चना कर खुशहाली की कामना की।

उन्होंने कहा कि महाराजा भर्तृहरि के जीवन से हमे सत्य, निष्ठा, त्याग एवं जनकल्याण की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि बाबा भर्तृहरि महाराज धाम के विकास के लिए राज्य सरकार ने बजट घोषणा की है। उसके राजनीति से ऊपर से उठकर सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से सलाह मशविरा कर प्रस्ताव तैयार कर उसे यथाशीघ्र अमलीजामा पहनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन की संभावनाओं को मध्यनजर रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा जिले के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। वन मंत्री संजय शर्मा ने कहा कि जन-जन की आस्था के प्रतीक लोक देवता बाबा भर्तृहरि महाराज के मेले में प्रतिवर्ष प्रदेश के ही नहीं वरन् बडी संख्या में विभिन्न राज्यों के श्रृद्धालु यहां दर्शन करने एवं मनौती मांगने आते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों की सुविधाओं में विस्तार करने एवं पर्यावरण संरक्षण को दृष्टिगत रखते हुए भर्तृहरि धाम का विकास व पाण्डुपोल मंदिर तक ईवी बेस्ड बस चलाए जाने की घोषणा की है जिसकों पूर्ण करने की दिशा में तेजी से कार्य चल रहा है। इसके अलावा राज्य सरकार के बजट में अलवर को अनेक सौगातें मिली है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा मेले में व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। उन्होंने श्रृद्धालुओं से अपील की कि मेले में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखकर व्यवस्थाओं में सहयोग देवें। मेला कमेटी ने अतिथियों को भर्तृहरि महाराज द्वारा रचित श्रंगार शतक, नीति शतक व वैराग्य शतक भेंट किए।

इस दौरान जिला प्रमुख बलबीर सिंह छिल्लर, नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, सरस डेयरी के चैयरमैन विश्राम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक जयराम जाटव, बनवारी लाल सिंघल व संजय नरूका, पं. जलेसिंह, बन्नाराम मीणा, प्रेम पटेल, देशराज खरेरा, रोहिताश घांघल, अंजलि यादव, पेमाराम सैनी सहित अनेक प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### ठगी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**फुलेरा, (निसं)।** पिछले दिनों रूपनगढ पुलिस द्वारा गिरफ्तार ठगी के आरोपी ओमप्रकाश नागा की जमानत को न्यायालय अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-01 किशनगढ के न्यायाधीश संदीप आनन्द एडीजे द्वारा खारिज कर दी गई।

जानकारी के अनुसार आरोपी को रूपनगढ पुलिस द्वारा स्वयं सहायता समूह बनाकर परिवादी तेजाराम कुमावत निवासी रूपनगढ से प्रतिमाह किश्त के नाम पर झांसा देकर मोटी रकम हडपने के आरोप में गत 24 अगस्त को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी की अधीनस्थ न्यायालय द्वारा जमानत पूर्व में खारिज की जा चुकी है। इसके पश्चात् आरोपी की ओर से न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या- 01 किशनगढ के यहां जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। जिस पर परिवादी तेजाराम की ओर से एडवोकेट नरेन्द्र कुमार बिडला व गोवर्धन नाथ बिदावत ने पैरवी की। जिनके तर्क से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी की जमानत याचिका को अस्वीकार कर दिया।

## वेतन बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर मजदूरों ने किया प्रदर्शन

- कंपनी संचालक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की
- कम्पनी प्रशासन पर अनियमितता का आरोप लगाया

**चौमूं/कालाडेरा, (निसं)।** चौमूं उपखण्ड के जैतपुरा व ग्राम ढोढसर के सिंगोद रोड स्थित मयूर यूनिकोटस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मजदूरों ने सोमवार को कंपनी के संचालक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। कंपनी में काम करने वाले मजदूरों ने वेतन बढाने की मांग की। सूचना मिलने पर जैतपुरा में स्थित फैक्ट्री पर चौमूं थाना पुलिस व ढोढसर ग्राम के सिंगोद रोड स्थित फेक्ट्री पर गोविन्दगढ थाना पुलिस थाना मय जाप्ता मौके पर पहुंचे।

मौके पर मयूर यूनिकोटेक्स कम्पनी के जैतपुरा व गोविन्दगढ के प्रशासन एवं पुलिस ने मजदूरों को समझाने का प्रयास किया लेकिन मजदूर अपनी मांगों पर अडे हुए हैं। मजदूरों ने आरोप लगाते हुए कहा कि कम्पनी संचालक की ओर से ना ही मजदूरों का समय पर वेतन बढाया जाता है और ना ही इंक्रीमेंट बढाया जाता है जिससे मजदूरों को घर खर्च चलाने में काफी परेशानी का सामना करना पड रहा है।



जैतपुरा में स्थित मयूर यूनिकोटस कम्पनी के बाहर धरना दे रहे मजदूरों के बीच विधायक डॉ शिखा मील बराला पहुंची।

मजदूरों ने अपनी न्यूनतम मजदूरी 18 हजार रुपए करने, प्रत्येक वर्ष 4 हजार रुपये इंक्रीमेंट बढाने प्रत्येक वर्ष एग्रीमेंट अप्रैल महीने में मिलना चाहिए, 3 वर्ष का कार्य पूर्ण होने पर कंपनी में ओनरोल करने महंगाई भत्ता दिलवाले की मांग को लेकर कम्पनी में काम करने वाले मजदू विरोध प्रदर्शन करते हुए कम्पनी के बाहर धरना प्रदर्शन पर बैठ गए।

धरना स्थल पर चौमूं विधायक डॉ शिखा मील बराला व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के प्रदेश महामंत्री छुट्टन यादव व पंचायत समिति सदस्य संपत चौधरी ने कहा कि वेतन और इंक्रीमेंट बढाने की मांग को लेकर पहले भी अवगत करवाया जा चुका है लेकिन मजदूरों की समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य गोगराज देवन्दा, पूर्व कृषि उपज मंडी समिति सदस्य गोगराज घोसलिया, कांग्रेस नेता राजेन्द्र नागर, एडवोकेट रामदेव घोसलिया, ब्लॉक कांठोस कमेटी अध्यक्ष गिर्राज देवन्दा, मजदूर यूनियन के अध्यक्ष मुकेश बिजारणिया व लालमन प्रजापत, मजदूर यूनियन के सदस्य दीपक कुमावत, कृष्ण मीणा, ज्ञानेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह, सुभाष नागर, श्रवण सैनी, भोलाराम यादव, कैलाश बाजिया, सुनील कुमावत, पप्पू यादव, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### बालिका सुरक्षा व चुनौतियों पर संगोष्ठी का आयोजन

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीमाधोपुर के सभागार में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद् के आदेश की पालना में पीएमश्री राज. उच्च. मा. विद्यालय, श्रीमाधोपुर, में मेन्टी-मेन्टर कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार अंकुर की अध्यक्षता तथा कार्यक्रम प्रभारी पूनम पारीक (व्याख्याता के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में संदर्भ व्यक्तियों के रूप में चिकित्सा विभाग से डॉ. सुलोचना चिकित्सा अधिकारी तथा पुलिस विभाग से बनवारी लाल यादव उपनिरीक्षक ने अपने विचार प्रस्तुत किये बालिकाओं ने चार गतिविधियों में पोस्टर, चार्ट, प्रोजेक्ट बनाकर भाग लिया प्रथम द्वितीय एवंतृतीय स्थान करने वाले बालिकाओं को प्रस्तति पत्र देकर के सम्मानित किया गया कार्यक्रम में जेण्डर समता को प्रोत्साहन प्रतियोगिता मे सोनम कुमारी ने प्रथम, कृष्णा सैनी ने द्वितीय स्थान तथा बालिकाओं के समक्ष आने वाली चुनौतियां प्रतियोगिता प्रियंका सैनी प्रथम, ललिता बागोरिया ने द्वितीय स्थान संवेगात्मक लर्निंग प्रतियोगिता मे कुशाग्री शर्मा ने प्रथम व भाग्यश्री ने द्वितीय स्थान तथा सुरक्षा व जागरुकता बिन्दु पर प्रतियोगिता में सपना सैनी प्रथम तथा रजना सैनी द्वितीय स्थान पर रही। पीएम श्री प्रभारी विनोद कुमार यादव, रामनारायण माली, अशोक कुमार शर्मा मुख्य निर्णायक दल के रूप में कार्य किया।

### नवप्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित

**टोंक, (निसं)।** दत्तवास राजकीय कन्या महाविद्यालय दतवास में नवप्रवेशोत्सव मनाया गया। सत्र 2024-25 में नवप्रवेशित छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत गाकर प्राचार्य व संकाय सदस्यों का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान मिस फ्रेशर का चयन किया गया, जिसमें पायल सेन को मिस फ्रेशर 2024 चुना गया, पायल सेन को मोमेंटो व दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया गया। छात्राओं ने फैसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया, कार्यक्रम में राजस्थानी लोकगीतों पर नृत्य व युगल नृत्य के साथ ही भाषण, नाटक व गीत गाकर छात्राओं कंचन, खुशबू, मनीषा, अंजली, रेखा ने शानदार एक से बढकर एक प्रस्तुतियां दी।

### सिविल न्यायालय स्थापना दिवस मनाया

**चाकसू, (निसं)।** कस्बे के बाईपास स्थित न्यायालय परिसर में सोमवार को दी बार एसोसिएशन चाकसू की ओर से 11वां सिविल न्यायालय चाकसू का स्थापना मनाया गया।

कार्यकम में न्यायाधीपति अनिल कुमार उपमन मजिस्ट्रेट राजस्थान उच्च न्यायालय मुख्य अतिथि एवं देवेंद्र सिंह पवार अपर जिला न्यायाधीश क्र.सं. 11 सांगानेर, प्रियंका पारीक मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर महानगर प्रथम, स्वाती व्यास अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्र.संख्या सं. 15 चाकसू एवं कंचन सिंह राजावत न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम सं.19 चाकसू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नन्दीनी व्यास जिला एवं सत्र न्यायाधीश जयपुर महानगर प्रथम ने की। चाकसू दि बार एसोसिएशन अध्यक्ष एन एल शर्मा ने सभी मौजूद अतिथियों को स्वागत करते हुए चाकसू में एडीजे कोर्ट खोलने की मांग रखी। कार्यक्रम से पूर्व अधिवक्ताओं के बीच बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। विजेता अधिवक्ताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कत किया गया।

मुख्य अतिथि न्यायाधीपति अनिल कुमार उपमन ने चाकसू में एडीजे कोर्ट खोलने का आश्वासन देते हुए कहा कि न्यायालय के लिए कोई अमीर कोई गरीब नहीं होता है यहां सबको समान न्याय मिलता है।

## टोडारायसिंह की 11 पंचायतों को केकड़ी में जोड़ने का विरोध

- व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख जुलूस निकाला

**मालपुरा, (निसं)।** गहलोत सरकार में बने केकडी जिले की सीमा का दायरा बढाने के लिये टोडारायसिंह उपखण्ड की 11 पंचायतों को केकडी में जोडने के विरोध में सोमवार को व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख आमजन के साथ जुलुस निकाल मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

पालिका अध्यक्ष भरत लाल सैनी, पूर्व पालिका अध्यक्ष संत कुमार जैन, करूण निधी शर्मा, रामचन्द्र गुर्जर सहित टोडारायसिंह उपखण्ड क्षेत्र के सर्व समाज के लोगों ने टोडारायसिंह का टोंक व केकडी में विभाजन करने का खुलकर विरोध करते हुये सोमवार को सडकों पर उतर गये। बंद के समर्थन में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख आमजन के साथ सडको पर प्रदर्शन करते हुये भौगोलिक दृष्टि से टोडारायसिंह उपखण्ड क्षैत्र को पूर्व की भांति टोंक जिले मे ही यथावत रखने की मांग करते हुये जमकर नारेबाजी की। हाथो में श्लोग्न लिखी तख्तियां शहर के मुख्य मार्ग से जुलुस के रूप मे एसडीएम कार्यालय पहुंचे। आमजन ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा तो दूसरा ज्ञापन केबिनेट मंत्री व क्षेत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी के नाम मंत्री के प्रतिनिधि राधा चौधरी को ज्ञापन सौंपा। टोडारायसिंह की 20 ग्राम पंचायत को यथावत टोंक में ही रखने व टोडारायसिंह का विघटन करने से निजात दिलाने की मांग की गई। गहलोत सरकार में बनाये गये 17 नवीन जिलों को चुनावी हथकंडा व राजनैतिक लाभ पाने का एक षडयंत्र बताते हुये टोडारायसिंह का दो भागों में विभाजन किया गया जिसे वो स्वीकार नही करेगें। केकडी की भाषा व संस्कृति से वो पूर्ण रूप से अनभिज्ञ है। टोडारायसिंह उपखण्ड अपनी पहचान कायम रखने व सुविधा सहित भोगोलिक दृष्टि से टोंक जिले में शामिल रहै। यदि सरकार इस पर पुर्नविचार कर निर्णय नहीं लेती है तो मजबूरन उन्हे आंदोलन की राह पर चलना पडेगा।




व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रख आमजन के साथ जुलूस निकाल मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

### मौसमी बीमारियों से बचाव का दिया प्रशिक्षण

**टोंक, (निसं)।** मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम व नियंत्रण के लिए जिले में स्वास्थ्य दल आपके द्वार अभियान का दूसरा चरण 30 सितंबर तक आयोजित होगा। अभियान के तहत चिकित्सा विभाग द्वारा नगर परिषद के कर्मचारियों को डेंगू, मलेरिया व मौसमी बीमारियों से बचाव का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में बीसीएमओ टोंक डॉ. धर्मराज मेहरा, राजेश सैनी व टोंक नगर परिषद के सेनेटरी इंस्पेक्टर, सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारी आदि उपस्थित रहें। सीएमएचओ डॉ.अशोक कुमार यादव ने बताया कि प्रशिक्षण में नगर परिषद के सुपरवाइजर एवं सफाई कर्मचारियों को डेंगू के लार्वा का प्रदर्शन कर पहचान बताई गई एवं लार्वा को नष्ट करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। डॉ. यादव ने बताया कि जल्द ही इस तरह की प्रशिक्षण कार्यशाला खंड स्तर पर भी आयोजित की जाएगी। जहां पर नगर पालिकाओं के कर्मचारियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण करवा कर मच्छरों के लार्वा की पहचान एवं उन्हें नष्ट करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी जाएगी।

## सार-समाचार

### अभिषेक चौधरी को मिला टेबलेट



**टोंक, (निसं)।** ब्लॉक उनियारा के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खेड़ा के होनहार छात्र अभिषेक चौधरी द्वारा आठवीं बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं शाला परिवार की ओर से पीसी टेबलेट देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजीज अहमद ने बताया कि पीसी टेबलेट मिलने पर मेधावी छात्र अभिषेक ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पीसी टेबलेट बेहतर शिक्षा हासिल करने के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में भी उपयोगी साबित होगा। इस मौके पर बडी संख्या में विद्यालय के विद्यार्थी, ग्रामवासी विद्यालय के समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा



**पावटा, (निसं)।** अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा से मारपीट के मामले में कार्रवाई न होने पर सोमवार को अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए ज्ञापन सौपा। इस दौरान अभिभाषक संघ पावटा अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता महेश कुमार शर्मा से मारपीट के मामले में यदि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार नहीं किया गया तो मंगलवार से अधिवक्तागण धरना, प्रदर्शन करते हुए न्यायिक कार्यों का बहिष्कार करेंगे। इसलिए आरोपियों को शीघ्र गिरतार कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें और पीडित अधिवक्ता को न्याय दिलाए। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा, सचिव ओमप्रकाश सैनी, अनिल कुमार यादव, मुकेश कुमार यादव, दिनेश कुमार दायमा, निर्मल कुमार मौर्य, लोकेश कुमार शर्मा, दिलीप सिंह शेखावत, अशोक सिंह गुर्जर, सुरेंद्र सिंह शेखावत, हजारीलाल यादव, गौरव शर्मा, घनश्याम शर्मा, नरेश यादव, सुरेंद्र सिंह शेखावत, धर्मपाल यादव, सीताराम सैनी, मेहर सिंह जाट, रघुवीर स्वामी, बनवारी लाल आर्य अधिवक्तागण सहित बुधराम यादव, महेंद्र वर्मा, हरीसिंह यादव, रामकिशन वर्मा, महेंद्र वर्मा, सुल्तान यादव, श्यामसुंदर शर्मा, सुभाष यादव, सूर्यकांत, उमेश, किशोरी लाल यादव स्टांप वेंडर उपस्थित रहे।

### राहोली से डाबिच जाने वाली सड़क टूटकर बही पानी में

**निवाई, (निसं)।** ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश के चलते राहोली से डाबिच जाने वाली रोड पूरी तरह टूटकर बह गई है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ग्रामीण रंजीत सैनी, रवि सिंह, दशरथ सैनी, लक्ष्मण सिंह, शिवराज सैनी, छोटूलाल सैनी, हनुमान सिंह व सुरेशकुमार चौधरी ने बताया कि राहोली में बांडी नदी के तेज बहाव के कारण राहोली से बैरा की ढाणी, डिडावता, दोसरा, खारडी ढाणी व डाबिच रोड को जोडने वाली रोड करीब 40 फीट तक पूरी तरह से टुटकर बह गई है। रोड में 8 से 10 फीट गहरा गढ्ढा हो गया है। जिससे राहोली का संपर्क टूट गया है। आसपास के विद्यार्थी पढने के लिए इसी रोड से राहोली स्कूल आते जाते हैं। ग्रामीणों को भी इसी रोड से होकर रोजगार के लिए जयपुर, चाकसू व निवाई सहित शहरों में आना जाना रहता है। ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा से जल्द से जल्द रोड को ठीक करवाने की मांग की है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता का सेमीफाईनल संपन्न

**टोंक, (निसं)।** इनोवेशन पब्लिक सेकंडरी स्कूल द्वारा आयोजित 68वीं जिलास्तरीय 14 वर्षीय छात्र छात्रा बेडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनोवेशन पब्लिक सेकंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव पाल यादव ने बताया कि दलीय स्पर्धा में छात्रा वर्ग में पहले सेमीफाइनल में आदर्श इण्डियन पब्लिक स्कूल देवली ने हॉलिस्टिक पब्लिक स्कूल मालपुरा को तथा दूसरे सेमीफाइनल में बालिका आदर्श विद्या मंदिर मालपुरा ने द गोल्डन ग्लो पब्लिक स्कूल टोंक को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी प्रकार छात्र वर्ग में शिवम मॉर्डन शिक्षा समिति मालपुरा ने आदर्श इंडियन पब्लिक स्कूल को तथा सिसोदिया शिक्षा सदन टोंक ने होलोस्टिक पब्लिक स्कूल मालपुरा को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सभी मैचों का संचालन कामरान अली ने किया, संयोजक रईस अहमद ने बताया कि आज एकल स्पर्धा के प्रथम राउंड के मैच खेले गए।

### शीतला माता मंदिर के लिए पदयात्रा रवाना

**चाकसू, (निसं)।** सोमवार को शीतला माता की सप्तम विशाल पदयात्रा शीतला माता मंदिर एसबीबीजे कॉलोनी वार्ड नं 28 से शीलकी डूंगरी शीतला माता मन्दिर के लिए रवाना हुई। इस दौरान मुख्यातिथि रामावतार बैरवा (विधायक चाकसू) ने शीतला माता की ध्वजा की पूजा अर्चना करवा विधायक बैरवा ने शीतला माता की सप्तम विशाल पदयात्रा को रवाना किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि सूरजमल राणावत (अध्यक्ष अ.भा.बैरवा महासभा चाकसू) तथा पार्षद मांगीलाल बैरवा तथा शंकर जी (अध्यापक) लालाराम बोहरा, हजारीलाल बोहरा, रामप्रसाद राणावत, प्रेमचंद मिमरोट जगदीश जी संजय बोहरा उपस्थित रहे। इस दौरान रोहित राणावत ने बताया कि शीतला माता की यात्रा के एक दिन पूर्व शीतला माता मन्दिर एसबीबीजे कॉलोनी पर सत्संग कार्यक्रम आयोजित कीया गया सत्संग में मुख्यातिथि सीताराम गुर्जर (वाइस चेयरमैन) नगर पालिका चाकसू पार्षद जुगलकिशोर राजावत भी उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस आयोजित

**कोटपूतली, (निसं)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला अधिकारिता द्वारा ब्लॉक कोटपूतली में बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत सोमवार को स्थानीय कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस 2024 का आयोजन किया गया। इस मौके पर महिलाओं एवं बालिकाओं को बहुभाषी शिक्षा को बढावा देना, आपसी समझ व शान्ति के लिए साक्षरता के बारे में जागरूक किया गया। ब्लॉक सुपरवाईजर किरण धुवां ने महिलाओं को साईबर क्राईम, महिला हैल्पलाईन नम्बर, सरकार व विभाग द्वारा चलाई जा रही निरूशुल्क शिक्षा सेतु योजना, बालिकाओं को सकारात्मक वातावरण देने के लिए लाडो प्रोत्साहन योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान महिला पर्यवेक्षक संतरा यादव, राष्ट्रीय पोषण मिशन के ब्लॉक कॉर्डिनेटर मनोज कुमार शर्मा सहित अनेक आंगनवाड़ी कार्यकता, ग्रामीण साथिन आदि मौजूद रही।

### रामकरण जोशी स्कूल के खिलाड़ियों ने जीता मैच

**दौसा, (निसं)।** 68वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के फुटबॉल मैच का उद्घाटन मैच रामकरण जोशी राउमावि व वात्सल्य किड्स जोन के मध्य खेला गया। इस मैच में रामकरण जोशी के खिलाडियों ने शानदार खेल का परिचय देते हुये वात्सल्य किड्स जोन को 1-0 से हराया। दूसरे मैच में पीएन जोशी राउमावि बांदीकुई ने सेंट फ्रांसिस विद्यालय को 2-0 से हराया। मुख्य अतिथि लोकेश शर्मा अध्यक्ष जय भवानी स्पोर्टस क्लब, द्वारकेश वशिष्ठ एवं आशीष शर्मा पार्षद रहे। लोकेश शर्मा ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त कर फुटबॉल को किक लगाकर उद्घाटन किया।



मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे।

- सौरभ गांगुली

पूर्व भारतीय क्रिकेटर, ऋषभ पंत के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## जैनिक सिनर



इटली के स्टार टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर यूएस ओपन पुरुष एकल का खिताब अपने नाम कर लिया है। रविवार रात दो घंटे 16 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के नंबर वन टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को लगातार तीन सेटों में 6-3, 6-4, 7-5 से हराकर यह खिताब जीता। इसी के साथ वह यूएस ओपन जीतने वाले इटली के पहले पुरुष खिलाड़ी बने हैं। वर्ष 2015 में इटली की फ्लाविया पैनेटा ने महिला एकल का खिताब जीता था। सिनर के करियर का यह दूसरा ग्रैंड स्लैम खिताब है।

**क्या आप जानते हैं ?...** ऑस्ट्रेलिया के खब्बू स्पिनर फ्लीटवुड स्मिथ ने इंग्लैंड के विरुद्ध 1938 में 37 ओवर में 298 रन पर एक विकेट लिया था। ये आज तक एक टेस्ट पारी में किसी भी गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे ज्यादा रन है।

## अफगानिस्तान बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच का पहले दिन का खेल रद्द

ग्रेटर नोएडा, 9 सितंबर। न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट के पहले दिन का खेल सोमवार को मैदान गीली होने के कारण खेल रद्द कर दिया गया। आज यहां अधिकारियों ने दिन भर कई बार निरीक्षण करने के बाद मैदान के खिलाड़ियों के उतरने के लिए सही नहीं पाये जाने पर दिन के खेल को रद्द करने का फैसला किया। हालांकि पूरे दिन मौसम साफ रहा और धूप रही, लेकिन मैदान से पानी निकासी की सुविधाओं के अभाव के कारण दिन के खेल रद्द किया गया। उल्लेखनीय है कि अफगानिस्तान ने अबतक 10 टेस्ट मैच खेल चुका है। उसे बंगलादेश, श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ अपनी पिछली तीन टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं न्यूजीलैंड इस वर्ष मार्च के बाद पहला टेस्ट मैच है।

## इंग्लैंड की महिला टीम ने आयरलैंड को एकदिवसीय मैच में 275 रनों से हराया

बेलफास्ट, 9 सितंबर। टैमी ब्यूमोंट (नाबाद 150) की बेहतरीन शतकीय और फ्रेया केम्प (65) रनों की पारियों के बाद केट क्रॉस और लॉरेन फाइलर (तीन-तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर इंग्लैंड की महिला टीम ने सोमवार को दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को रिकार्ड 275 रनों से हरा दिया है। 320 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी आयरलैंड की महिला टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में कप्तान गैबी लुईस (शून्य) का विकेट गवां दिया। इसके बाद तो आयरलैंड के विकेट एक के बाद एक ताश के पत्तों की ढह गये। टीम के लिए उना रेमंड-होए ने सर्वाधिक 22 रन बनाये। शेष कोई भी बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक नहीं पहुंच सका। आलम यह था कि आयरलैंड के नौ बल्लेबाज स्कोर में मात्र 23 रन का इजाफा कर पवेलियन लौट गये। आयरलैंड की पूरी टीम 16.5 ओवर में 45 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की ओर से केट क्रॉस और लॉरेन फाइलर ने तीन-तीन विकेट लिये। फ्रेया केम्प और जॉर्जिया डेविस को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की टीम ने टैमी ब्यूमोंट (नाबाद 150) की बेहतरीन शतकीय और फ्रेया केम्प (65) रनों की पारियों के दम पर दूसरे एकदिवसीय मैच में आयरलैंड को जीत के लिए 320 रनों का लक्ष्य दिया। ब्यूमोंट ने 139 गेंदों में 16 चौके और एक छक्के की मदद से नाबाद 150 रनों की पारी खेली। वहीं केम्प ने 47 गेंदों में सात चौके और दो छक्के लगाते हुये (65) रन बनाये। एम्मा लैम्ब (18), होली आर्मीटेज (19), मैडी विलियर्स (14), इस्सी वॉग (15) रनों की पारियों के योगदान से दिया। इंग्लैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 319 का स्कोर खड़ा किया। आयरलैंड की ओर से अर्लीन केली और फ्रेया सार्जेंट ने दो-दो विकेट लिये। ऐलिस टेक्टर, जेन मैगुयर और एमी मैगुएर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## प्रो. कबड्डी लीग सीजन 11 का कार्यक्रम घोषित

मुंबई, 9 सितंबर। प्रो कबड्डी लीग सीजन 11 की शुरुआत 18 अक्टूबर को हैदराबाद में तेलुगु टाइटन्स और बेंगलुरु बुल्स के बीच होने वाले मुकाबले के साथ होगी। लीग के आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने सोमवार को पीकेएल के ग्यारहवें सीजन के कार्यक्रम की घोषणा की। इस मैच में घरेलू टीम तेलुगु टाइटन्स और उनके स्टार रेडर पवन सहरावत का मुकाबला बेंगलुरु बुल्स के लिए वापसी कर रहे लीग के सबसे सफल खिलाड़ी परदीप नरवाल से होगा। पहले दिन रात के दूसरे मैच में यू मुंबा के सुनील कुमार जो की प्लेयर्स ऑक्शन में 1.015 करोड़ रुपये में खरीदे जाने के बाद पीकेएल इतिहास के सबसे महंगे भारतीय डिफेंडर बनने के बाद, नवीन कुमार

# श्रीलंका ने तीसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 8 विकेट से हराया




ओवल, 9 सितंबर। पथुम निसंका (नाबाद 127) की शतकीय और उनकी एंजेलो मैथ्यू (नाबाद 33) के साथ तीसरे विकेट के लिये करीब 111 रनों की अविजित साझेदारी के दम पर श्रीलंका ने तीसरे टेस्ट मैच के चाथे दिन सोमवार को इंग्लैंड को आठ विकेट से हरा दिया है।

श्रीलंका को जीत के लिए 219 रनों के लक्ष्य मिला था। श्रीलंका ने कल के एक विकेट पर 94 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया 20वें ओवर में गस ऐटकिंसन ने कुल मेंडिस (39) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद पथुम निसंका ने एंजेलो मैथ्यूज ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते हुए श्रीलंका को आठ विकेट से जीत दिला दी। इससे पहले तीसरे दिन पथुम निसंका और डी करूणारत्ने ने संभल शुरुआत की लेकिन अभी टीम का स्कोर 39 रन पहुंचा था कि क्रिस वोक्स ने करुणारत्ने को अपनी ही गेंद पर कैच आउट कर पवेलियन भेज दिया।

तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका का स्कोर एक विकेट पर 94 रन था। कुसल मेंडिस और निसंका के बीच दूसरे विकेट के लिए 69 रनों की साझेदारी हुई। गस ऐटकिंसन ने मैच के चौथे दिन कुसल मेंडिस को बशीर के हाथों कैच आउटकरा श्रीलंका को दूसरा झटका दिया। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये एंजेलो मैथ्यू ने निसंका के साथ धैर्यपूर्ण पारी खेलते हुए अपनी टीम को जीत दिला दी। निसंका ने (नाबाद 111) और एंजेलो मैथ्यू (नाबाद 32) रनों की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से गस ऐटकिंसन और क्रिस वोक्स ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले श्रीलंकाई गेंदबाज लाहिरु कुमारा और विश्वा फर्नांडो ने शानदार गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए इंग्लैंड की दूसरी पारी को 156 के स्कोर पर समेट दिया था। इंग्लैंड की दूसरी पारी में जेम्स स्मिथ ने सर्वाधिक (67) और उसके अलावा डैन लॉरेंस ने (35) रन बनाये। इंग्लैंड के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। श्रीलंका की ओर से लाहिरु कुमार ने चार और विश्वा फर्नांडो ने तीन विकेट लिये। असिता फर्नांडो को दो विकेट मिले। मिलन रत्नायके ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

श्रीलंका ने अपनी पहली पारी में कप्तान धनंजय डीसिल्वा (69), पथुम निसंका (64) और कामिंडु मेंडिस (64) रनों की शानदार पारियों की बदौलत 263 का स्कोर बनाया था। इंग्लैंड ने ओली पोप (154) और बेन डकेट (86) की पारियों में की मदद से 325 रन बनाए थे। इंग्लैंड को पहली पारी के आधार पर 62 रनों की बढ़त मिली थी लेकिन वह दूसरी पारी में उसमें अधिक वृद्धि नहीं कर पाया। जिसका खामियाजा उसे टेस्ट मैच में हार के साथ चुकाना पड़ा। हालांकि इस हार के बावजूद इंग्लैंड ने 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली है।

# पेरिस पैरालिंपिक 2024 : हरविंदर सिंह-प्रीतिपाल रहे भारत के ध्वजवाहक

### बेहत रोमांचक रही पैरालंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी




नई दिल्ली, 9 सितंबर। पेरिस पैरालंपिक 2024 अब समाप्त हो चुका है। भारत ने इस पैरालंपिक में कुल 29 मेडल जीते। भारत ने 7 गोल्ड, 9 सिल्वर और 13 ब्रॉन्ज अपने नाम किए हैं। इससे पहले किसी भी पैरालंपिक में भारत ने इतने मेडल नहीं जीते। भारत ने पहली बार पैरालंपिक में इतने मेडल जीते हैं। वहीं पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी में भारत के ध्वजवाहक हरविंदर सिंह और प्रीति पाल रहे।

पेरिस पैरालंपिक 2024 क्लोजिंग सेरेमनी की आधिकारिक तौर पर शुरुआत फ्रेंच सिंगर सैंटा के साथ हुई। उन्होंने शानदार अंदाज में सेरेमनी का आगाज किया। पेरिस पैरालंपिक की क्लोजिंग सेरेमनी का नाम पेरिस इज ए पार्टी रखा गया था। भारत के लिए हरविंदर सिंह और प्रीति पाल क्लोजिंग सेरेमनी में ध्वजवाहक बने।

हरविंदर सिंह ने तीरंदाजी में गोल्ड मेडल जीता था। वहीं प्रीति ने महिलाओं की 100 और 200 मीटर रेस में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति इम्मेनुएल मैक्रों भी पेरिस पैरालंपिक 2024 की क्लोजिंग सेरेमनी का हिस्सा बने। बता दें कि, अब 4 साल बाद अमेरिका पैरालंपिक की मेजबानी करेगा। लॉस एंजिलिस में पैरालंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। ऐसे में पेरिस पैरालंपिक में क्लोजिंग समारोह में हैंडओवर करने के लिए अमेरिका का नेशनल एंथम भी बजाया गया।

## कप्तानों को जल्दबाजी में बर्खास्त न करें : गिलेस्पी

कराची, 9 सितंबर। पाकिस्तान के सीमित ओवरों और टेस्ट टीम के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी ने देश के क्रिकेट बोर्ड को सभी प्रारूपों में हालिया खराब प्रदर्शन के बाद जल्दबाजी में कप्तान नहीं बदलने की सलाह दी है। भारत में 2023 में खेले गए एकदिवसीय विश्व कप के राउंड रॉबिन दौर से बाहर होने के बाद बाबर आजम को सीमित ओवरों की कप्तानी से बर्खास्त कर दिया गया था। उनकी जगह लेने वाले शाहीन शाह अफरीदी को एक खराब श्रृंखला के बाद हटा दिया गया था इसी तरह टेस्ट में बाबर के इस्तीफा देने के बाद, शान मसूद को कप्तान बनाया गया था, लेकिन बांग्लादेश से टेस्ट श्रृंखला में 0-2 से हार के बाद उन्हें तुरंत बाहर करने की मांग उठ रही है। पीसीबी के एक सूत्र ने कहा है कि 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मसूद और बाबर की कप्तानी के बारे में हालिया मीडिया अटकलें कयास से ज्यादा कुछ नहीं हैं। उन्होंने कहा, "कप्तानों को बदलने पर कोई चर्चा नहीं हुई है क्योंकि पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने यह फैसला दोनों कोच और चयनकर्ताओं पर छोड़ दिया है।" सूत्र ने कहा, "कर्स्टन और गिलेस्पी बहुत स्पष्ट है कि शान और बाबर दोनों को उनकी नेतृत्व क्षमता का आकलन करने से पहले उचित समय दिए जाने की जरूरत है।"

## आईएएस डॉ. नीरज के. पवन ने संभाला खेल सचिव तथा राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के अध्यक्ष का पदभार

जयपुर, 9 सितम्बर। सोमवार को आईएएस डा. नीरज के. पवन ने शासन सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार तथा अध्यक्ष, राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद का पदभार सम्भाल लिया है। सवाई मान सिंह स्टेडियम आने पर सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के साथ ही राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा संचालित विभिन्न कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर डा. नीरज के. पवन ने कहा कि युवा मामले एवं खेल विभाग की कुल 28 बजट घोषणाएँ है। इन घोषणाओं की क्रियान्विति माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार तय समय पर पूरी की जायेगी। खिलाड़ियों के लिये प्रशिक्षकों के लिए अच्छी व्यवस्था की जायेगी, जिससे ज़्यादा से ज़्यादा पदक जीत सके। उन्होंने कहा कि हम एक टीम के रूप में कार्य करते हुए खेलों का विकास करने के साथ साथ राजस्थान के खेलों को बुलन्दी पर लेकर जायेंगे। हमारे खेलमंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ स्वयं बहुत ख्यातिनाम खिलाड़ी रहे है। उनके नेतृत्व व मार्गदर्शन में हम प्रदेशभर में खेलों का माहौल बनाकर भविष्य के लिए पदक विजेता खिलाड़ी तैयार करेंगे। डा. नीरज के. पवन ने कहा कि राज्य सरकार की स्पष्ट मंशा है कि जितने भी निर्माण कार्य चल रहे है, वे जल्दी से जल्दी पूरे हो, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने बैठक के बाद सवाई मान सिंह स्टेडियम के मुख्य क्रिकेट मैदान, निर्माणाधीन खेल भवन, क्रिकेट एरिना, बैडमिंटन हॉल तथा रीहैब सेंटर का दौरा किया।

## पंत टेस्ट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर, छोटे प्रारूपों में सुधार की जरूरत : गांगुली

कोलकाता, 9 सितंबर। भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का मानना है कि ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में सर्वकालिक महान खिलाड़ी बनने की राह पर हैं, लेकिन साथ ही उन्हें छोटे प्रारूपों में अपने प्रदर्शन में सुधार करने की जरूरत है। दिसंबर 2022 में कार दुर्घटना में चोटिल होने के बाद पंत को रविवार को पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है और पूरी उम्मीद है कि बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से चेन्नई में शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया जाएगा। पंत ने इस साल के शुरू में सीमित ओवरों के प्रारूप में वापसी की थी और इनमें अच्छा प्रदर्शन किया था। गांगुली ने यहां एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, "मैं ऋषभ पंत को भारत के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाजों में से एक मानता हूं। उनकी टेस्ट क्रिकेट में वापसी से मैं हैरान नहीं हूं। वह भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में खेलते रहेंगे।" उन्होंने कहा, "अगर वह इसी तरह प्रदर्शन करता रहा तो टेस्ट क्रिकेट के सर्वकालिक महान खिलाड़ियों में शामिल हो जाएगा। मेरा मानना है कि उसे छोटे प्रारूपों में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वह प्रतिभाशाली है और मुझे यकीन है कि वह जल्द ही ऐसा करने में सफल रहेगा।" मोहम्मद शमी को टखने के ऑपरेशन के कारण टीम में शामिल नहीं किया गया लेकिन गांगुली को विश्वास है कि यह तेज गेंदबाज इस साल के आखिर में होने वाले ऑस्ट्रेलियाई दौरे से पहले पूरी तरह फिट हो जाएगा।

# भारत के पिछले दो टेस्ट दौरों में ऑस्ट्रेलिया को उसकी मांद में हराने से प्रतिद्वंद्विता बढ़ी : ख्वाजा



नयी दिल्ली, 9 सितंबर। आस्ट्रेलिया के सीनियर बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा को लगता है कि भारत ने पिछली दो टेस्ट श्रृंखलाओं में उनकी टीम को उसकी मांद में हराकर दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता बढ़ा दी है। दोनों टीमें 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों की श्रृंखला में आमने सामने होंगी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया को उसके पिछले दो दौरों (2018-19 और 2020-21) में 2-1 के समान अंतर से हराया था। बल्कि भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी की पिछली सभी चार श्रृंखलायें जीती हैं जिसमें 2016-17 और 2022-23 में अपनी सरजमीं पर मिली जीत भी शामिल हैं जिसमें भी नतीजा 2-1 का रहा था।

ख्वाजा ने कहा, "भारतीयों के लिए हमेशा ऑस्ट्रेलिया को हराना अहम रहा है। और हाल में भारत और आईपीएल के उदय के बाद से ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच भी प्रतिद्वंद्विता बढ़ी है।" उन्होंने 'स्टार स्पोर्ट्स' से कहा, "और विशेषकर तब जब भारत ने पिछले दो बार ऑस्ट्रेलिया को उसके ही मैदानों पर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हराया है।" बाएं हाथ के इस 37 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने कहा कि दोनों टीमों के बीच प्रतिद्वंद्विता बहुत बढ़ गई है। 2011 में पदार्पण करने के बाद 71 टेस्ट मैचों में 5451 रन बनाने वाले ख्वाजा ने कहा, "हम पिछले दो साल से दुनिया की नंबर एक और दुनिया की नंबर दो टीमें हैं। हम पिछली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में खेले थे। प्रतिद्वंद्विता हमेशा बहुत बड़ी रही है।" उन्होंने कहा, "मैं इसे सम्मान के संकेत के रूप में लेता हूं और मुझे पता है कि भारतीयों को क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया को हराना पसंद है। और इतने सालों से ऑस्ट्रेलिया की जो परंपरा रही है कि वह विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली टीमों में से एक है, उसने उस प्रतिष्ठा को दांव पर लगा दिया है।"

दोनों टीमों के बीच पहला टेस्ट 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगा जबकि पांचवां और आखिरी टेस्ट तीन जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। एक अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी मिशेल मार्श ने भारतीय खिलाड़ियों के साथ दोस्ती के साथ कड़ी प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात की।

उन्होंने कहा, "अगर आप हाल के इतिहास को देखें, तो हमने कुछ जीता है, उन्होंने कुछ जीता है। और मुझे लगता है कि जब यह इस तरह आगे-पीछे होता है तो आपके अंदर प्रतिद्वंद्विता बढ़ती है। भारतीय टीम और हमारी टीम में बहुत अच्छी दोस्ती है इसलिए कोई नफरत नहीं है। लेकिन यह मैदान पर एक शानदार प्रतिद्वंद्विता है, दोनों टीमें जीतना चाहती हैं।" तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ खेलना हमेशा एक बड़ी चुनौती होती है क्योंकि वे ऑस्ट्रेलिया की परिस्थितियों में खेलने के आदी हो चुके हैं। उन्होंने कहा, "उनका शीर्ष क्रम शानदार है, चाहे कोई भी खेल रहा हो। उनके शीर्ष क्रम के छह या सात खिलाड़ी शानदार हैं। मैं अपनी पहली श्रृंखला में उनके साथ खेला था। हमने जीत हासिल की थी। बहुत से वही खिलाड़ी अब भी खेल रहे हैं, मुझे लगता है कि मैंने उस मैच में विराट कोहली का विकेट लिया था।


कार्यालय उपायुक्त, (झोटावाडा जोन) नगर निगम, जयपुर ग्रेटर
(तारानगर-डी खिरणी फाटक, झोटवाडा जयपुर)
क्रमांकः- एफ-3() झो.जोन/ज.न.नि.ग्रे./2024/1082
सार्वजनिक सूचना दिनांकः-05/09/2024
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय झोटवाडा जोन नगर निगम ग्रेटर जयपुर में निम्न पत्रावलियो में रजि. विक्रय पत्र/रजि.वसीयतनामा/रजि.उपहार/रजि. हक त्याग पत्र इत्यादि के आधार पर पट्टा/नाम हस्तान्तरण आदि के लिए आवेदन प्रस्तुत किए गए है। किसी को भी किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि की समाप्ति के बाद नियमानुसार कार्यवाही सम्पादित कर दी जाएगी।
क्र.स.-1, आवेदक का नाम-श्री अतुल कुमार पुत्र स्व.श्री शीतल प्रसाद, भूखण्ड का विवरण-प्लॉट नं. जे 40 टैगोर नगर अजमेर रोड जयपुर, सोसायटी का नाम-आनन्द भवन गृह निर्माण सहकारी समिति, क्षैत्रफल (वर्गगज)-138.88 वर्गजन
उपायुक्त, झोटवाडा जोन, नगर निगम ग्रेटर जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त वृत्त– प्रथम
राजस्थान आवासन मंडल, प्रताप नगर, जयपुर
क्रमांकः 3825 आहिर आम सूचना दिनांकः 09.09.2024
राजस्थान आवासन मण्डल की प्रताप नगर योजना में आवास/ फ्लैट संख्या 50/379 (LIG) का आवंटन श्री मोहन दास पुत्र श्री भगवान दास को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 200 दिनांक 13.05.1996 को जारी किया गया था। उनके पक्ष में पंजीयन पत्रों निष्पादन दिनांक 09.06.1999 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर के यहां पंजीकृत करवाया गया। श्री मोहन दास द्वारा उक्त आवास को श्री अजय सिंह पुत्र श्री रामेश्वर सिंह को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 11.10.1999 को उप पंजीयक सांगानेर जयपुर, में पंजीकृत करवाया गया। श्री अजय सिंह द्वारा उक्त आवास को श्री जयपाल सिंह पुत्र श्री मकतुल सिंह को विक्रय कर इनके पक्ष में विक्रय पत्र दिनांक 23.08.2007 को उप पंजीयक (सप्तम)जयपुर, में पंजीकृत करवाया गया।श्री जयपाल सिंह की मृत्यु दिनांक 12.05.2024 को हो जाने के कारण उनके श्रीमती पवन कंवर पत्नी स्व. श्री जयपाल सिंह, श्री कंवर पाल सिंह पुत्र स्व. श्री जयपाल सिंह एवं श्री भानु प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री जयपाल सिंह आवासन मण्डल में अपना नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कराने बावत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बावत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ती हो तो अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में 7 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए की मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नही है, श्रीमती पवन कंवर पत्नी स्व. श्री जयपाल सिंह, श्री कंवर पाल सिंह पुत्र स्व. श्री जयपाल सिंह एवं श्री भानु प्रताप सिंह पुत्र स्व. श्री जयपाल सिंह का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जावेगा।
संपदा प्रबंधक, वृत्त प्रथम, राज. आ. मण्डल, जयपुर

खोया पाया

मेरे मकान 4/301 मालवीय नगर का मुल आवटन पत्र, कब्जा पत्र, डीकलेशन, डिमाड लैटर, नियमितिकरण पत्र, अदैय प्रमाण पत्र लीज मुक्ति प्रमाण पत्र मालवीय नगर मे कहीं गिर गये मिलने पर सुचित करे 9001238555 मंजू अरोडा

जेडीए, महल योजना जयपुर B-387, का मूल आवंटन पत्र जो कि रामचन्द्र कसाना पुत्र स्व. घासीराम जी के नाम आवंटित है कहीं गुम हो गया है। कृपया मिलने पर सूचित करें: 1151, किशनपोल बजार, जयपुर 302003 मोबाईल: 9414310718

भूखण्ड संख्या सी-35 योजना बालाजी एन्केलव-द्वितीय का जविप्रा द्वारा जारी पट्टा, साईट प्लान एवं स्टाम्प कहीं खो गये है मिलने पर सम्पर्क करें। सतीश गहलोत, मो.-6376359760

593
28/8/2024
उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राजस्थान)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 28/2024
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र।
प्रार्थी का नाम: 1. श्रीमती आशा देवी मित्तल पत्नी स्वर्गीय हरीश चन्द्र मित्तल 2. श्रीमती पूजा अग्रवाल पत्नी मुकेश अग्रवाल पुत्री स्वर्गीय श्री हरीश चन्द्र मित्तल जाति अग्रवाल निवासी-प्लॉट नम्बर-05, आदिनाथ मार्ग, कृष्णा सरोवर, इस्कॉन रोड, मानसरोवर, जयपुर
विवाद स्थान........................
मृतक: श्री हरीश चन्द्र मित्तल की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक - 01-10-2024
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक नाम हरीश चन्द्र मित्तल पुत्र स्वर्गीय रामनाथ मित्तल जाति अग्रवाल निवासी फ्लेट नम्बर 107, प्लॉट नम्बर 40, ईस्कान रोड, पटेल नगर, मानसरोवर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावे।
अत: उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 01.10.2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 23 माह 8 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से
शरिस्तेदार
मुहर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या 10, जयपुर महानगर प्रथम मुख्यालय सांगानेर

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 36/2024
अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-10 जयपुर सांगानेर
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्रीमति मिनाक्षी देवी पत्नी अमित कुमार विवाद स्थान पता-246 रघुनाथपुरी द्वितीय एयरपोर्ट के पास सांगानेर, जयपुर
मृतक अमित कुमार डोटिया की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 27.9.24
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम अमित कुमार डोटिया पुत्र फाडूराम जाति... निवासी 246, रघुनाथपुरी द्वितीय एयरपोर्ट के पास सांगानेर, जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रिशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 27 माह 09 सन् 2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 04 माह 09 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
आज्ञा से-शरिस्तेदार
मोहर अदालत
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-10 जयपुर महानगर प्रथम न्यायालय सांगानेर

विवाद्यकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
D.No 270/9-9-24 (आदेश 5 के नियम 1 और 5)
न्यायालय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम-02 स्थान जयपुर महानगर द्वितीय
दुर्गादत्त बारहठ विरूद्ध अशोक सिंह व अन्य
वाद बाबत दावा वाद सं. 39 सन् 2022
बनाम 1. श्रीमती पूजा पत्नी स्व. श्री दिलीप सिंह जाति.....उम्र 50 वर्ष
2. रविन्द्र सिंह पुत्र स्व. श्री दिलीप सिंह जाति.....उम्र 21 वर्ष
स्थान प्लॉट नम्बर 13, उमा कॉलोनी, कमला नेहरू नगर के पीछे, अजमेर रोड, जयपुर-302021
वादी ने आपके विरूद्ध...के लिये वाद पंजीयत किया है। आपका इस न्यायालय में तारीख 18 माह 9 सन् 2024 को दिन में 10.00 AM बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नों के उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा या दाखिल/ मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे व शक्ति में हो या न हो, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसी दस्तावेजों को लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें।
आपको सूचित किया जाता है कि यदि ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।
यह वाद ता. 9 माह 9 सन 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। आज्ञा से
रीडर ग्रेड-प्रथम
मोहर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-2 जयपुर महानगर-द्वितीय

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम दिलीप कुमार कुशवाहा पुत्र श्री हरिशचंद से बदलकर दिलीप कुमार पुत्र श्री हरिशचंद्र रख लिया है, भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। पता-एल-25, 103, बीडीआई आनंदा, झिवाना, सेक्टर 70, भिवाडी, राजस्थान

मैं ओहोळ सुप्रिया कृष्णा , आर्मी नंबर 21002393L/NK ओहोळ कृष्णा सुखदेव की पत्नी हूँ, मेरे पति यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट मे है, सैन्य दस्तावेजों में मेरा नाम सुपेकर सुप्रिया भाऊसाहेब है जो कि गलत है। मेरा असली और सही नाम ओहोळ सुप्रिया कृष्णा है,शपतपत्र नोटरी दिनांक 24 जुलाई 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मैं श्री मायटन सिंहा, मेरा बेटा आर्मी नंबर 15208742L हवलदार समीर सिंहा , यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट, मेरे बेटे के मिलिट्री रिकॉर्ड में मेरा नाम मायोटन सिंहा है और जन्म तारीख 01/07/1963 है जो की गलत है। मेरा असली और सही नाम मैटन सिंहा है और जन्म 20/06/1964 है। शपथ पत्र नोटरी दिनांक 06 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मैं शेखर सिंहा, मेरा बेटा आर्मी नंबर 15208742L हवलदार समीर सिंहा , यूनिट 199 मीडियम रेजिमेंट , मेरे बेटे के मिलेट्री रिकॉर्ड में मेरी जन्म तारीख 01/07/1963 है जो की गलत है। मेरी सही जन्म तारीख 20/06/1964 है। शपथ पत्र नोटरी दिनांक 06 सितंबर 2024 जिला न्यायालय जयपुर

मैंने अपना नाम अनिल कुमार गुरनानी से बदलकर अनिल गुरनानी रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें। 18/बी/1001 गोमती अर्पाटमेंट सैक्टर 18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर

I have changed my name from Rajesh Kumar Jain to Rajesh Jain S/o Kantilal Jain for all purpose. Resi.: F-1, First Floor, Plot No. 221, Gali No.1, Rajapark, Jaipur

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक मु.जो./ननिज/2024/2041 सार्वजनिक सूचना दिनांकः 04.09.2024
भूखण्ड सं. 22, स्कीम न 13 (म्यूच्यूअल गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमति धापू देवी अजमेरा पत्नी स्व. श्री मूलचंद अजमेरा को क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्री रामचंद्र दोलानी पुत्र स्व. श्री मूलचंद, श्री अनिल कुमार अग्रवाल एवं रीना जैन द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्री रामचंद्र दोलानी पुत्र स्व. श्री मूलचंद, श्री अनिल कुमार अग्रवाल एवं रीना जैन के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज का उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त: मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक मु.जो./ननिज/2024/2042 सार्वजनिक सूचना दिनांकः 04.09.2024
भूखण्ड सं. 22, स्कीम न 13 (म्यूच्यूअल गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्रीमती धापू देवी अजमेरा पत्नी स्व. श्री मूलचंद अजमेरा को क्षेत्रफल 266.66 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री कैलाश चंद शर्मा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध कराये गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्रीमती पूजा शर्मा पत्नी श्री कैलाश चंद शर्मा के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 133.33 वर्गगज का उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तान्तरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो 07 कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें, अन्यथा निर्धारित अवधि की समाप्ति के बाद विधिवत नियमानुसार उपविभाजन/ नाम हस्तांतरण की कार्यवाही सम्पादित कर ली जावेगी।
उपायुक्त: मुरलीपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर, जयपुर

सम्मन बनाम कायम मुकाम
(आर्डर 22 रूल 4 जाब्ता दीवानी)
अज अदालत ADJ 02 मुकाम जयपुर महानगर प्रथम
निजामुद्दीन बनाम सीताराम
दावा बाबत CME
मुकद्दमा नं.उज 12/21 सन् CIB 239/21
बनाम श्रीमती नरगिस मोईन कुरैशी पुत्री स्व.श्री निजामुद्दीन पत्नी श्री मोईन कुरैशी उम्र 38 वर्ष जाति मुसलमान निवासी रूम नं. 402 फर्स्ट रोड अनमोल बिल्डिंग चौथा माला ओडिया जंक्शन के पास, सेटा कूज (पूर्व) मुम्बई महाराष्ट्र
चूंकि..... ने इस अदालत में तारीख..... माह.. सन् 20... को 1...... बनाम 2...... दायर की जो कि फोत हो गया और चूंकि..... मजकूर के दरख्वास्त अदालत हाजा में यह जाहिर करने की आप मुतवफ्फी..... मजकूर के कायम मुकाम जायज हो और इस्तदुआ की है बजाय उसके आप 01/04 श्रीमती नरगिस मोईन कुरैशी बनाये जावें।
लिहाजा बजरिये हाजा बगर्ज जवाबदेही 1.... आपको तारीख 12.09.24 10.30 ए.एम. को अदालत हाजा में हाजिर होने के लिए तलब किया जाता है और तारीख मुकर्रर पर आपके हाजिर न होने पर मुकद्दमा आपकी गैर हाजिरी में सुना व फैसला किया जावेगा।
बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 5.8.24 को जारी किया गया।
दस्तखत......
ओहदा......
आज्ञा से-वरिष्ठ रीडर
मोहर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्रम-02 जयपुर महानगर-प्रथम

अपील की सूचना के अन्तर्गत धारा 385 (I) दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973
न्यायालय विशिष्ट न्यायाधीश (जालीनोट प्रकरण) जयपुर महानगर प्रथम
Cr. Rev. 2056/18
PC 51/2023
दिनांक-7/9/24
आकाश चौधरी बनाम सरकार
अपील निगरानी विरूद्ध निर्णय दिनांक 5.9.2018 के... मुकद्दमा नं. 330/18 अपराध अन्तर्गत धारा 420, 406 2PC दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 385 के अन्तर्गत सूचित किया जाता है कि अपीलांट की उपरोक्त अपील इस न्यायालय में दिनांक 10/9/24 बजे 10 ए.एम. को सुनी एवं निर्णीत की जावेगी।
आकाश चौधरी पुत्र श्री चम्पा लाल जाति महाजन R/o मकान नं.B 423 प्रधान मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर
V/s
बनाम अरूप मित्तल पुत्र मोहनलाल मित्तल निवासी फ्लेट नम्बर 704-ए, एटेलियर अपेक्षा कनक वृन्दावन सिरसी रोड जयपुर
रीडर-विशिष्ट न्यायाधीश (जाली नोट प्रकरण) जयपुर महानगर प्रथम
मोहर अदालत

# सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल के जूनियर डॉक्टर्स को अल्टीमेटम दिया

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, मंगलवार शाम 5 बजे तक काम पर लौटें वरना राज्य सरकार दंडात्मक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

- सुप्रीम कोर्ट में पश्चिम बंगाल सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा, जूनियर डॉक्टर्स "हैल्थ केयर सिस्टम की बैक बोन" हैं। इनके काम पर नहीं आने से अनेकों लोगों को इलाज नहीं मिल रहा और 23 लोग मर चुके हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने जूनियर डॉक्टर्स को काम पर लौटने का निर्देश देते हुए जिला कलैक्टर व पुलिस अधीक्षक को डॉक्टर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
- सुप्रीम कोर्ट ने सी.बी.आई. द्वारा प्रस्तुत स्टेटस रिपोर्ट को पढ़ा और उसमें दर्ज सबूत के आधार पर 16 सितम्बर को नई स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा। मामले की सुनवाई 17 सितम्बर को होगी।

नई दिल्ली, 9 सितम्बर। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के सरकारी अस्पतालों और सम्बंधित मैडिकल कॉलेजो के जूनियर डॉक्टर्स को दो दिन अर्थात मंगलवार शाम पांच बजे तक का टाइम दिया है और कहा है कि इसके बाद राज्य सरकार ड्यूटी पर नहीं आने वाले डॉक्टर्स के खिलाफ कार्यवाही के लिए स्वतंत्र होगी।

चीफ जस्टिस डी.वाय. चंद्रचूड की अध्यक्षता वाली बैंच जिसमें जस्टिस जे.बी. पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे, ने कहा कि अगर हड़ताली डॉक्टर 10 सितम्बर की शाम 5 बजे तक या उससे पहले काम पर लौटते हैं तो उनके खिलाफ कोई अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की जाएगी। अगर डॉक्टर्स काम पर नहीं लौटते हैं तो हम राज्य सरकार को उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही करने से नहीं रोक सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टर्स को याद दिलाया कि वे चिकित्सा के क्षेत्र में हैं उनका काम लोगों की सेवा करना है। बैंच ने कहा कि काम पर लौटने वाले डॉक्टर्स के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्यवाही नहीं होगी जिसमें ट्रांसफर करना भी शामिल है।

पश्चिम बंगाल सरकार की तरफ से कपिल सिब्बल कोर्ट में पेश हुए थे उन्होंने बताया कि जूनियर डॉक्टर्स, जो स्वास्थ्य सेवा की बैक बोन हैं, के काम पर नहीं लौटने से जनता को भारी परेशानी हो रही है। जूनियर डॉक्टर्स 28 दिन से हड़ताल पर हैं। लाखों लोगों को इलाज नहीं मिल पा रहा है इसलिए 23 लोग मारे जा चुके हैं।

कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार को डॉक्टर्स का भरोसा बढ़ाने के कदम उठाने चाहिए और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। राज्य पुलिस सभी डॉक्टर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करे। कोर्ट ने कहा, "सरकारी मैडिकल कॉलेजों में डॉक्टर्स की सुरक्षा सुनिश्चित करने के आवश्यक उपाय करे। महिला व पुरुष डॉक्टर्स के पृथक रैस्ट रुम व शौचालय बनाए जाएं, सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाए जाएं। राज्य पुलिस ने अपने शपथ पत्र में कहा कि राज्य सरककार ने अतिरिक्त सी.सी.टी.वी. कैमरा लगाने के लिए फंड जारी कर दिया है।

कोर्ट ने सी.बी.आई. की स्टेट्स रिपोर्ट को देखने के बाद कहा कि सी.बी.आई. को मामले में कुछ सबूत मिले हैं। कोर्ट ने 16 सितम्बर तक एक और स्टेटस रिपोर्ट देने को कहा। अगली सुनवाई 17 सितम्बर को होगी।

कोर्ट ने कहा, एक बात तो साफ है कि रेप- मर्डर की घटना में कोलकाता पुलिस ने एफ.आई.आर. दर्ज करने में 14 घंटे की देरी की। दो बातें सर्वज्ञात हैं एक तो यह कि पीड़िता सैमीनार हॉल में आराम करने कब गई थी और दूसरी बात है कि उसके बाद उस कमरे के आसपास की सक्रियता।

सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि सभी सोशल मीडिया व इलैक्ट्रॉनिक मीडिया से पीड़िता की फोटो तुरंत हटा दी जो पीड़िता की निजता व गरिमा की सुरक्षा की जानी चाहिए।

## देश के सबसे ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

लीज़ पर दी गई थी। रेस क्लब के एक कर्मचारी ने कहा, प्रशासन की इस प्रक्रिया के कारण करीब 500 घोड़े अस्तबलों में बंद हैं। उन्हें तुरंत ही भोजन, चारा और मैडिकल सुविधा की आवश्यकता है। प्रिंसिपल सैक्रेटरी, रैवेन्यु एण्ड डिज़ास्टर मैनेजमैंट डिपार्टमैंट, पी. अनुदा ने शुक्रवार 6 सितंबर को आदेश जारी किया था कि "जिला कलैक्टर की रिपोर्ट पर सावधानी से विचार करने के बाद तथा सार्वजनिक उद्देश्य के लिए भूमि की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार ने मद्रास रेस क्लब को दी गई लीज़ समाप्त करने तथा पूरी जमीन को वापस लेने का निर्णय लिया है।" चेन्नई कलैक्टर से तुरंत ही निर्दिष्ट जमीन का कब्जा लेने के लिए कहा गया। आदेश में कहा गया कि लीज़धारक, मद्रास रेस क्लब, 14 दिन के अंदर जमीन पर मौजूद अपनी अचल संपत्ति वहाँ से हटाने के लिए जिला कलैक्टर को आवेदन कर सकता है।

## 'लोकसभा चुनाव के बाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अन्य लोगों ने किया। युनिवर्सिटी ऑफ टैक्सस में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कई विषयों पर वार्ता की।

छात्रों ने राहुल से पूछा, भारत में महिला श्रमिकों की सहभागिता बहुत कम है इस पर राहुल ने कहा कि भारतीय पुरुषों का नजरिया औरतों के प्रति काफी बुरा और हास्यास्पद है, इस सोच को बदलने की जरुरत है। गांधी ने कहा महिलाओं के प्रति यह नजरिया भाजपा और विपक्ष के बीच वैचारिक "भाजपा/आर.एस.एस. को लगता है कि महिलाओं को घर पर रहकर खाना बनाना चाहिए। उन्हें ज्यादा बोलना नहीं चाहिए।"

गांधी ने बेरोजगारी पर भी बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम में बेरोजगारी की समस्या है और भारत में भी है पर कई देशों में ऐसा नहीं है। चीन में बेरोजगारी की समस्या है, पर ताईवान में नहीं है।

इसका कारण है अगर आप 40,50 और 60 के दशक के अमेरिका को देखे तो यह वैश्विक उत्पादन का केन्द्र था। सब कुछ यहीं बनता था। उत्पादन अमेरिका से कोरिया और जापान गया। बाद में यह चीन चला गया आप अगर आज देखें तो अन्तर्राष्ट्रीय उत्पादन पर चीन का कब्जा है।

पश्चिमी देशों, अमेरिका, यूरोप, भारत सभी ने उत्पादन त्याग कर चीन को सौंप दिया। उत्पादन से ही रोजगार पैदा होता है।

गांधी की टिप्पणियों पर भाजपा ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि राहुल पूरी तरह से चीन का समर्थन कर रहे हैं।

भंडारी ने कहा क्या उनका चीन की कम्युनिस्ट पार्टी से एम.ओ.यू. है जो वे हमेशा चीन की तारीफ करते हैं, भारत के लिए नहीं बोलते। "उन्होंने भारत के लीगल सिस्टम की बुराई की जबकि इसी वजह से वे जमानत पर बाहर हैं। वे सामाजिक तनाव की बात करते हैं क्योंकि उनकी यही नीति है "फूट डालो राज करो।"

भंडारी ने कहा, "सैम पित्रोदा कहते हैं अब राहुल पप्पू नहीं रहे, हां अब वे बहुत शातिर हो गए हैं। उनके बयानों में भारत के खिलाफ बोला जाने वाला झूठ दिखता है वे समाज को बांटना चाहते हैं, वे चीन के समर्थक हैं। वे हिंदू भगवानों का अपमान करते हैं।"

उन्होंने कहा राहुल के भाषण का सार यह है कि यह भारत विरोधी है भारत की महिलाओं का विरोधी है। इसीलिए भारत की जनता ने 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस को ठुकरा कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को चुना है।

## नाहरगढ़ से ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

ने यह आदेश लापता युवक के पिता सुरेश चंद्र शर्मा की बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर दिए। याचिका में अधिवक्ता गिर्राज प्रसाद शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ता के दो बेटे राहुल और आशीष गत 1 सितंबर को नाहरगढ़ के चरण मंदिर में घूमने का कहकर निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगले दिन पुलिस को पहाड़ी पर आशीष का शव बरामद हुआ, जिसके सिर पर चोट लगी हुई थी, जबकि अभी तक राहुल का पता नहीं चला है। पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा गया कि युवकों के लापता होने के पहले दिन पुलिस ने कोई मदद नहीं की।

## मेयर मुनेश गुर्जर का चालान दो...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

को बताया कि गत 6 सितंबर को मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति जारी कर दी गई है। वहीं याचिकाकर्ता के अधिवक्ता अनुराग शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने चार महीने से मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की है। जिस पर अदालत ने कहा कि दो सप्ताह का समय इसलिए ही दिया जा रहा है कि मामले में चालान पेश किया जा सके। इसके साथ ही अदालत ने स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक को व्यक्तिगत तौर पर पेशी से भी छूट दे दी।

पिछली सुनवाई पर अदालत ने कहा था कि जब मुनेश के खिलाफ जुर्म प्रमाणित मान लिया गया है तो अभियोजन स्वीकृति पर निर्णय क्यों नहीं किया गया। याचिका में कहा गया है कि पीसी एक्ट की धारा 19 के तहत यह प्रावधान है कि अभियोजन मंजूरी से जुड़े मामलों में तीन माह में निर्णय किया जाएगा और यदि इसमें कानूनी राय लेनी तो एक माह का अतिरिक्त समय लिया जा सकता है। इसके बावजूद चार माह बीतने के बाद भी अब तक मुनेश की अभियोजन स्वीकृति पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। गौरतलब है कि मुनेश के पति सुशील गुर्जर की ओर से नगर निगम के पट्टे जारी करने की एवज में रिश्वत मांगने से जुडे मामले में ए.सी.बी. ने सुशील गुर्जर को गिरफ्तार किया था। वहीं मुनेश को मेयर पद से निलंबित कर दिया गया था, हालांकि बाद में हाईकोर्ट ने निलंबन रद्द कर दिया था।

## हरियाणा में कांग्रेस और आप की चुनावी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गठबन्धन की बात विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चलाई थी। वे इस बात को लेकर सतर्क थे कि भाजपा को हराने के लिये खासतौर से उस हिन्दी भाषी राज्य में एक बार पुन: संगठित होना जरूरी है, जहाँ भगवा पार्टी 2014 से दबदबा बनाये हुए हैं।

लेकिन लोकसभा चुनाव में आप के खराब प्रदर्शन के कारण सीट शेयरिंग वार्ता में कांग्रेस का पलड़ा भारी था। राज्य के कई नेता, जिन्होंने चिन्ता जताई है, ने इस स्थिति को रेखांकित भी किया था।

पहलवान विनेश फोगाट तथा बजरंग पूनिया के कांग्रेस में शामिल होने से कांग्रेस की स्थिति मजबूत भी हुई है। ज्ञातव्य है कि ये दोनों ही पहलवान यौन-शोषण के आरोपी कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरणसिंह के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे थे। फोगाट कांग्रेस के टिकट पर जुलाना सीट से चुनाव लड़ेंगी।

इसके अलावा, आप कार्यकर्ता और नेताओं के अन्दरूनी रूप से असन्तुष्ट होने की चर्चाएं भी हैं। मालवीय नगर से तीन बार विधायक रहे सोमनाथ भारती ने कहा कि कांग्रेस-आप गठबन्धन राष्ट्रीय राजधानी में लोकसभा चुनावों में ही असफल हो गया था। भारती ने कहा कि आप को हरियाणा में वैसे ही गठबन्धन की "प्रभावोत्पादकता" का आकलन करना ही चाहिए। भारती ने कहा कि प्रचार के दौरान कांग्रेस की ओर से सहयोग की कमी रही थी।

आप की पहली सूची में 20 उम्मीदवार हैं। इस सूची की घोषणा से कांग्रेस के साथ समझौता वार्ता की समाप्ति के संकेत मिल गए हैं।

इस सूची में वरिष्ठ नेता शामिल हैं, जैसे अनुराग ढ़ांडा, जो कैथल जिले की कालायत सीट से लड़ेंगे, तथा कुलदीप गदराना, जो डबवाली सीट पर जननायक जनता पार्टी (जे.जे.पी.) के दिग्विजय चौटाला, कांग्रेस के अमित सिहाग तथा "इंडियन नैशनल लोक दल के आदित्य देवीलाल का सामना करेंगे। आप को 2024 के लोकसभा चुनावों में सबसे बड़ी, 14,437 वोटों की लीड कालायत विधानसभा क्षेत्र में ही मिली थी।

आप ने ऐसी सीटों पर भी अपने प्रत्याशी खड़े कर दिए हैं, जो सीटें इस समय कांग्रेस विधायकों के पास हैं। ये सीटें हैं-नारायणगढ़, आसन्ध, समालखा, रोहतक, बहादुरगढ़, बादली, बेरी, महेन्द्रगढ़ तथा डबवाली। पार्टी ने अभी तक पेहोवा, शाहबाद (एस.सी.) तथा गुहला (एस.सी.) सीटों के लिए अपने उम्मीदवार घोषित नहीं किए हैं, जहाँ उसे लोकसभा चुनावों में लीड मिली थी।

उचाना कलाँ सीट पर पवन फौजी को खड़ा किया गया है, जिनका मुकाबला जे.जे.पी. के दुष्यन्त चौटाला तथा कांग्रेस के बृजेन्द्र सिंह से होगा। सोहना तथा बल्लभगढ़ सीट से क्रमश: धमेन्द्र खटाणा एवं रवीन्द्र फौजदार को टिकट दिया गया है। हरियाणा विधानसभा चुनाव पहले 1 अक्टूबर को होना था, लेकिन बिश्नोई समुदाय के ज्ञापन के बाद, इसे आगे खिसका दिया था क्योंकि पूर्व तिथि के अगले दिन बिश्नोई समाज का बड़ा एवं प्राचीन त्योहार है।

चुनाव की संशोधित तिथि 5 अक्टूबर है तथा मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

## 'डॉक्टर हड़ताल की मन:स्थिति ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गया था। इस घटना ने मुख्यमंत्री के आव्हान को घृणा से खारिज करने के लिए लोगों को उकसाया है तथा आन्दोलनकारी जूनयिर डॉक्टरों ने सर्वोच्च न्यायालय के उन आदेशों की अवज्ञा कर दी है, जिनमें जूनियर डॉक्टरों से काम पर लौटने का आव्हान किया गया था। आन्दोलनकारी डॉक्टरों ने मुख्यमंत्री के उपदेशों के खिलाफ अपने आन्दोलन को जारी रखने का पक्का इरादा कर लिया है।

इस बीच, मुख्यमंत्री पद से ममता बनर्जी को हटाकर, इस पद पर किसी अन्य व्यक्ति को लाने की माँग उठ रही है तथा तृणमूल कांग्रेस के कुछ ग्रुप भी शीर्ष पर बदलाव के लिये कह रहे हैं।

राज्य सरकार ने कहा है कि जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन के फलस्वरूप अब तक 23 लोगों की मृत्यु हो चुकी है। आंदोलनकारी डॉक्टरों ने सरकार के इस दावे का खंडन करते हुए कहा है कि अधिकारी झूठे आँकड़े प्रस्तुत कर रहे हैं।

डॉक्टरों ने कहा है कि यह आंदोलन लोगों की बड़ी संख्या तक तथा बहुत बड़े रूप में फैलेगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे सड़कों पर आएं तथा विरोध-प्रदर्शनों में शामिल हों। कुछ शिक्षक तो अब खुलकर सामने आ गए हैं तथा उन्होंने इस आन्दोलन को जारी रखने की अपील की है। उनके कॉल वायरल हो गए हैं तथा लोग मुख्यमंत्री तथा उनके आचरण की निन्दा कर रहे हैं। इस बीच, बीसियों अभिनेताओं और अभिनेत्रियों, जिन्हें राज्य सरकार से अवार्ड मिले थे, ने अपने अवार्ड लौटा दिए हैं।

## पत्नी की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

करता था। इसके चलते दोनों में आए दिन झगड़ा होता था। इसके चलते अभियुक्त ने सरिये से वार कर सोनिया की हत्या कर दी और अपने आप को बचाने के लिए सुपरवाइज़र के पास जाकर झूठी कहानी बताई। वहीं अभियुक्त की ओर से कहा गया कि उसने अपनी पत्नी की हत्या नहीं की है और घटना को कोई चश्मदीद गवाह भी नहीं है।





E-BOOK TODAY AT WWW.MARUTISUZUKI.COM OR VISIT YOUR NEAREST MARUTI SUZUKI DEALERSHIP.

*Offer includes consumer offer, retail support, exchange offer, and ISL/ Rural offer (wherever applicable) on select models/ Variants and in select states only. For more details, please contact your nearest ARENA dealership. *Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Terms & Conditions apply. The terms and conditions are subject to change without any prior notice. #As certified by Test Agency Under Rule 115(G) of Central Motor Vehicles Rules 1989. Accessories and features shown in the pictures may not be a part of the standard equipment and may vary according to the variant. Creative Visualization. Images used are for illustration purposes only. Appearance of black shades on the glass is due to lighting effect. Car colour shown may vary from actual body colour due to printing on paper. Above offers are valid till 30th September 2024 or till stocks last, whichever is earlier.


राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908